आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 12, अंक 120, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, शनिवार, 10 जून, 2023

परख सच की


# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर ने की शतकीय साझेदारी

अन्दर : भारत-नेपाल सभ्यतागत संबंधों को नई उर्जा

# हर परिवार की बनेगी फैमिली आईडी

## पात्रों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : सीएम योगी

**लखनऊ।** यूपी सरकार प्रदेश में रहने वाले हर परिवार का फैमिली आईडी बनवाएगी। फिर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर यह देखा जाएगा कि पात्रता के अनुसार किस परिवार को किस-किस सरकारी योजना का लाभ मिल पा रहा है और किस योजना का नहीं। अगर परिवार पात्रता रखता है और उसे किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सका है तो उस परिवार को उक्त योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की शाम यहां लोकभवन में समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दी। विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना से तैयारी करके लोक सेवा आयोग पीपीएस, आईआईटी-जेईई और नीट में नवचयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं के साथ जुड़कर कार्य कर करना ही अभ्युदय की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि

**आयोजन**

**एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें प्रदेश सरकार देती है 12 हजार रुपये पेंशन**

**पीपीएस, आईआईटी-जेईई और नीट में नवचयनित अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान**



अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः। यानी कोई अयोग्य नहीं है केवल एक योग्य योजक का साथ चाहिए और प्रदेश के अभ्युदय कोचिंग संस्थान उस योजक के रूप में कार्य कर रहे हैं। अभ्युदय कोचिंग संस्थान में नवचयनित आईएएस. पीसीएस, पीपीएस, आईआईटी-जेईई और नीट में सफलता प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी से जुड़कर पढ़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कोविड कालखंड में बसंत पंचमी के दिन शुरू हुआ अभ्युदय कोचिंग संस्थान आज अच्छे परिणाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। हमारी सरकार ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों को भी इस कोचिंग से जोड़ा है। फिजिकली और वर्चुअल दोनों तरह की कक्षाएं इस कोचिंग संस्थान में चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी 75 जिलों में संचालित इन कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता को हमें और बेहतर करना है। सीएम योगी ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी इतनी आगे बढ़ चुकी है कि एक जगह बैठकर हम प्रदेश के सभी 75 जिलों से जुड़ सकते हैं और उसके माध्यम से विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन अपने छात्रों दिला सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1998 से लेकर 2020 तक समाज कल्याण विभाग कोचिंग चलाता था। उनके माध्यम से केवल 3-4 बच्चों का ही चयन हो पाता था। पहली बार सरकार द्वारा चलाई जा रही इस निःशुल्क कोचिंग सेवा से संघ लोक सेवा आयोग में 23 और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में 95 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं।

### दो लाख से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह

हमारी सरकार ने आते ही इसके लिए बजट निर्धारित किया और 2015-16 और 2016-17 की छात्रवृत्ति छात्रों भेजी गई। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्र एवं छात्राओं को वर्ष में दो बार (26 जनवरी और दो अक्टबूर) छात्रवृत्ति दे रही है। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा गरीब कन्याओं के विवाह के लिए पहले से कार्यक्रम चल रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही हमने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को भी चलाया है। दो लाख से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह इसके माध्यम से हो चुका है। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें प्रदेश सरकार 12 हजार रुपये पेंशन का लाभ दे रही है। आज पेंशन में कोई कटौती नहीं होती और न ही कोई कमीशन नहीं देना पड़ता है। डीबीटी के माध्यम से सीधा लाभार्थी के खाते में पैसा भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न के घोटाले को रोकना उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के लिए सबसे बड़ा संकट था। का राशन कार्ड नहीं बन पाता था। उसके नाम पर कोई और राशन लेता था। आज हर गरीब के पास अपना राशन कार्ड है। 15 करोड़ गरीबों को तीन वर्ष से मुफ्त में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, महानिदेशक उपाम वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा. हरिओम आदि मौजूद थे।

## विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** उन्नाव के मौरावां में पड़ोसियों से जमीन विवाद में सुनवाई नहीं होने से क्षुब्ध परिवार शुक्रवार को विधानभवन के सामने आत्मदाह करने के लिए पहुंचे तो पहले मौजूद पुलिस वालों से सभी को पकड़ लिया। पुलिस ने आत्मदाह के प्रयास की बात को गलत बताया है। मौरावां निवासी किसान बलजीत शुक्रवार को पत्नी, मां, बच्चों बच्चों और बहन संग विधानसभा के पास पहुंचा था। पहले से तैनात पुलिस कर्मियों ने सभी को पकड़ा लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि मारपीट के मामले में मौरावां पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। इसलिए आत्मदाह करने आए हैं। यह बात पता चलते ही किसान के परिवार को महिला सिपाहियों की मदद से हजरतगंज कोतवाली ले जाया गया। बलजीत का आरोप है कि पड़ोसी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर गुरुवार को घर में घुस कर मारपीट की गई। डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत कोशिश का कहना है कि पीड़ित परिवार जनसुनवाई के लिए आए थे। आत्मदाह के प्रयास की बात गलत है। उन्नाव पुलिस को बुलाया गया है और पीड़ित को करवाई का आश्वासन दिया गया है।

# शरद पवार व राउत को जान से मारने की धमकी

**खतरा**

**पवार की पुत्री सुप्रिया ने कहा कुछ हुआ तो गृह विभाग जिम्मेदार**



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के दो वरिष्ठ नेताओं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को अज्ञात लोगों से जान से मारने की धमकी मिली है। पवार को ट्विटर संदेश के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि उनका हश्र डॉ. नरेंद्र दाभोलकर (अगस्त 2013 में पुणे में गोली मार दी गई) के समान होगा।उधर राउत के विधायक भाई सुनील राउत को किए गए टेलीफोन पर उनके भाई, सांसद संजय राउत को चुप रहने की चेतावनी दी गई और ऐसा न करने पर एक माह के भीतर गोलियों से छलनी करने की धमकी दी गई। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने मामले में मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फनसालकर से मुलाकात की और कड़ी कार्रवाई की मांग कर शिकायत दर्ज कराई, वहीं राउत ने भी पुलिस को धमकियों की जानकारी दी। सांसद सुप्रिया ने चेतावनी दी कि अगर उनके पिता को कुछ होता है, तब राज्य के गृह विभाग (उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाले) को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ध्यान भी इसकी ओर आकर्षित किया। एनसीपी के कई नेताओं ने सरकार तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# विनेश ने बताया, बृजभूषण के आवास पर क्यों गई थी महिला पहलवान

**नई दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहले धरने पर बैठे भारतीय पहलवान बेशक अपनी-अपनी नौकरी पर लौट गए हैं, लेकिन उनकी मुहिम रुकी नहीं है। उनकी तरफ से लगातार प्रयास हो रहा है कि बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी हो और इसके लिए वो हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। अब इस घटनाक्रम में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली जब महिला पहलवान को लेकर पुलिस बृजभूषण शरण सिंह के

**नया मोड़**

**भाजपा सांसद ने कहा- मेरे यहां कोई नहीं आया**



नई दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर गई। वहां पर पुलिस महिला पहलवान के साथ 15-20 मिनट तक रुकी थी और मामले की छानबीन की। वहीं इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह से जब पूछा गया कि क्या पुलिस उनके पास महिला पहलवान के साथ मामले की जांच करने आई थी तो उन्होंने कहा कि उनके पास इस मामले में बात करने के लिए कोई नहीं आया था। इस घटना के बाद कई तरह की बातें सामने आईं और फिर इसे लेकर महिला पहलवान विनेश फोगाट ने ट्वीट करते हुए स्थिति को साफ कर दिया। विनेश फोगाट ने ट्वीट करते हुए लिखा कि बृजभूषण शरण सिंह की यही ताकत है कि वो अपने बाहुबल, राजनीतिक ताकत और झूठे नैरेटिव चलाकर महिला पहलवानों को परेशान करने में लगे हुए हैं और इसकी वजह से उनकी गिरफ्तारी जरूरी है। विनेश ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए और लिखा कि पुलिस हमें तोड़ने की जगह उसको गिरफ्तार कर ले तो इंसाफ की उम्मीद है वरना नहीं।

## 10 साल की सजा के खिलाफ मुख्तार की अपील मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर मामले में मिली 10 साल की सजा के खिलाफ माफिया मुख्तार अंसारी की अपील मंजूर कर ली है। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी की अपील सुनवाई के लिए किया मंजूर करते हुए निचली अदालत से रिकॉर्ड तलब किया है। इस मामले में हाईकोर्ट में मुख्तार अंसारी की जमानत पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी। गैंगस्टर एक्ट के मामले में गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ मुख्तार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शुक्रवार को जस्टिस विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने मुख्तार की अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है और निचली अदालत से रिकॉर्ड तलब किया है। इस मामले में मुख्तार की जमानत अर्जी पर सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

# मणिपुर में फिर हिंसा, तीन की गई जान

**बेकाबू हालात**

**भाजपा विधायक के घर आईडी ब्लास्ट, सीबीआई ने 6 केस दर्ज किए, 10 सदस्यीय एसआईटी बनाई**

**28 मई को कांग्रेस विधायक के घर लगाई गई थी आग**



**इंफाल।** मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से चली आ रही हिंसा थम नहीं रही है। शुक्रवार को राजधानी इंफाल से लगे कुकी बहुल खोकेन गांव में अलग-अलग वारदात में तीन लोगों की मौत हो गई । सीबीआई ने मणिपुर हिंसा के संबंध में 6 केस दर्ज किए। जांच के लिए एसआईटी बनाई है, इसमें 10 सदस्य हैं। इधर, सुप्रीम कोर्ट की वैकेशनल बेंच ने राज्य में 3 मई से लगे इंटरनेट बैन पर फौरन सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि मामला पहले से हाईकोर्ट में है। इस पर सुनवाई होने दें। याचिका एडवोकेट चोंगथम विक्टर सिंह और बिजनेसमैन मायेंगबाम जेम्स ने दायर की थी। इधर, गुरुवार देर रात दो लोगों ने इंफाल में भाजपा विधायक सोराईसाम केबी के घर बम से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दो लोग बाइक से आए और उन्होंने खुले गेट के अंदर आईईडी बम फेंक दिया। जिसके बाद तेज धमाका हुआ। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मणिपुर के पहाड़ी और घाटी इलाके में सेना का सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। बुधवार को एक जॉइंट कॉम्बिंग ऑपरेशन में सेना के जवानों और पुलिस बल ने 29 हथियार बरामद किए हैं। सेना की स्पीयर कोर विंग ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बरामद हथियारों में ज्यादातर ऑटोमैटिक हथियार हैं।

### विधायक ने कहा- बम के बिना मुद्दे को सुलझाएं

विधायक सोराईसाम केबी ने मीडिया से कहा, यह बेहद अपमानजनक और परेशान करने वाला है कि राज्य में व्याप्त अशांति के बीच मेरे घर पर इस तरह का विस्फोट हुआ। उन्होंने इस घटना के पीछे के लोगों से अपील की कि वे भविष्य में कहीं भी इस तरह की गतिविधियों को न दोहराएं। विधायक ने आगे कहा, हम सभी इंसान हैं और दोनों समुदायों के बीच जो भी मनमुटाव है उसे बम के बिना सुलझाया जा सकता है। मणिपुर में पिछले 10 दिनों में विधायक के घर पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले 28 मई को कांग्रेस विधायक रंजीत सिंह के सेरो गांव स्थित घर पर हमला हुआ था। कुछ लोग सेरो गांव में आए और उन्होंने विधायक रंजीत के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विधायक और उनका परिवार बाल-बाल बच गया। हिंसक भीड़ ने कई घरों को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान करीब 100 घरों में आग लगाई गई थी। मणिपुर में हिंसा को लेकर उट से लेकर गृहमंत्री तक कई राउंड की बैठकें कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह 29 मई से एक जून तक मणिपुर के दौरे पर थे। उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से शांति बनाए रखने की बात भी की थी।







# बालासोर में ढहाया स्कूल

**नई दिल्ली।** ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को बहानागा हाई स्कूल की इमारत को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। यह स्कूल 65 साल पुरानी है। इस स्कूल के कुछ हिस्से को कोरोमंडल एक्सप्रेस के मृतकों के लिए अस्थायी मुर्दाघर के रूप में इस्तेमाल किया गया था। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में तोड़फोड़ की जा रही है। इमारत को गिराने का फैसला तब लिया गया जब स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने कहा कि यह पुरानी है और सुरक्षित नहीं है। एसएमसी ने कहा था कि बच्चे उस स्कूल में नहीं जाना चाहते हैं, जहां शव रखे गए थे। अभिभावकों ने इमारत को हटाने की मांग की थी, ताकि बच्चों के दिमाग से मृतकों और उनके परिवारों की तस्वीरों को मिटाया जा सके।

एसएमसी के फैसले और अभिभावकों व स्थानीय लोगों के अनुरोध पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक की और संस्थान के पुनर्निर्माण को मंजूरी दी। उन्होंने इसे पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला और डिजिटल कक्षाओं जैसी आधुनिक सुविधाओं के साथ एक मॉडल स्कूल बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

**अपशकुन मान रहे थे**

**ओडिशा रेल हादसे में मुर्दाघर बनाए गए स्कूल को किया जमींदोज, बच्चे बोले-नहीं पढ़ेंगे यहां**

# कोयला खदान धंसी, 3 की मौत

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में शुक्रवार को बंद पड़े कोयला खदान के धंसने से 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 10 साल का लड़का भी शामिल है। घटना भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के झरिया स्थित भौंरा माइंस में सुबह साढ़े 10 बजे की है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में सैकड़ों की संख्या में लोग अवैध रूप से कोयला निकालते हैं। आज जब कोयला निकालने का काम चल रहा था, तो अचानक जोरदार आवाज के साथ चाल धंसा और कई लोग इसमें दब गए। आसपास मौजूद लोगों ने 3 लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, धनबाद के एसपी संजीव कुमार ने बताया कि बीसीसीएल के अवैध खदान ढहने की सूचना मिली है। एक शव बरामद कर लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभी कितने लोग अंदर दबे हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। हम बीसीसीएल की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी अभिषेक कुमार ने कहा, मारे गए लोगों की सही संख्या और घायलों की संख्या का पता लगाया जा रहा है। वहीं, भौंरा थाने के इंस्पेक्टर बिनोद उरांव ने कहा कि बचाव कार्य जारी है। अभी घायल और मृतकों की संख्या के विषय में कुछ कहना जल्दबाजी होगी। हादसे में मारे गये 2 लोगों की पहचान हुई है। इनमें 10 वर्षीय जितेंद्र यादव और 25 वर्षीय मदन प्रसाद शामिल हैं। तीसरे व्यक्ति की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। मृतकों के परिजन दोपहर शव लेकर भौंरा एरिया के जीएम ऑफिस पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इन दौरान भौंरा-मोहलबनी मुख्य मार्ग जाम रहा। रास्ते में दर्जनों कोयला लदे वाहन फंसे हैं। परिजनों का आरोप है कि यहां सिंडिकेट चलता है जो अवैध कोयला खनन करवाता है। बच्चों को बहला कर अवैध खदान में भेजा जाता है और कोयला निकलवाया जाता है।

**धनबाद में हादसा**

**कई के फंसे होने की आशंका रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

**कोयला निकालने के दौरान हुआ हादसा, मुआवजे के लिए परिजनों का प्रदर्शन**



# जीवा को मारने के लिए मिले थे 20 लाख

**लखनऊ।** कुख्यात संजीव जीवा को गोलियों से भूनने वाले शूटर विजय यादव के तार नेपाल से जुड़ रहे हैं। वह कुछ दिन पहले नेपाल गया था। वहां एक बड़े माफिया के संपर्क में रहा। ये बात उसने पुलिस की बताई है। कहा है कि एक शख्स ने उसको जीवा की फोटो दिखाकर मारने की सुपारी दी। 20 लाख रुपये में डील हुई। हालांकि अभी सिर्फ पांच हजार व रिवॉल्वर दी थी। जानकारी के अनुसार, संजीव जीवा को गोलियों से भूनने वाले शूटर विजय के तार नेपाल के माफिया और हाल ही में मारे गए अतीक अहमद के दोस्त अशरफ से जुड़ रहे हैं। विजय कुछ दिन पहले नेपाल गया था। वहां उसने अशरफ से मुलाकात की।

अशरफ ने उससे बताया कि उसका भाई अतीफ लखनऊ जेल में है। वहां जीवा उसे परेशान करता है। जीवा को रास्ते से हटाने के लिए उसने 20 लाख में डील की। काम से पहले विजय को पांच हजार रुपये और रिवॉल्वर दी गई। वहीं, लखनऊ पहुंचने पर अशरफ के गुर्गे ने विजय को पनाह दी और रेकी कराई। ये बातें विजय ने पुलिस की पूछताछ में बताई हैं। पुलिस इसकी तफ्तीश में लग गई है।

उधर, कोर्ट रूम में गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की हत्या के मामले में बृहस्पतिवार रात चार हेड कांस्टेबल व दो कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। शुरूआती जांच में इनकी लापरवाही का दावा किया गया है। इनकी कोर्ट परिसर के अलग-अलग गेट पर ड्यूटी थी। वहीं, इतनी बड़ी वारदात में केवल हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल को जिम्मेदार ठहराया गया है। बड़े जिम्मेदारों की जिम्मेदारी तय न कर अब तक उन्हें बचा लिया गया है। हमलावर विजय यादव कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था भेदते हुए रिवॉल्वर के साथ आसानी से कोर्ट रूम तक पहुंच गया। कोर्ट एक महत्वपूर्ण स्थान है लिहाजा सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़े अफसर भी जिम्मेदार होते हैं। मगर कार्रवाई सिर्फ सिपाहियों पर हुई। इस पर सवाल उठता है कि कोर्ट की सुरक्षा के लिए क्या सिर्फ ये चंद सिपाही जिम्मेदार थे।

हेड कांस्टेबल सुनील दुबे, मो. खालिद, अनिल सिंह, सुनील श्रीवास्तव और कांस्टेबल निधि देवी व धर्मेंद्र। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

**खुलासा**

**हत्या के आरोपी ने ली 20 लाख की सुपारी, नेपाल से जुड़ रहा कनेक्शन**

**सिर्फ पांच हजार और रिवॉल्वर लेकर निकला हत्या करने, छह पुलिसवाले निलंबित**



### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी हो सकती थी जीवा की पेशी

कुख्यात अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की कोर्ट रूम में गोली मारकर हत्या के बाद ये चर्चा आम है कि अगर उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया जाता तो शायद यह वारदात नहीं होती। आरोपियों की पेशी कराने के लिए पुराने जिला जज कोर्ट के बगल में एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनाया गया है, जिसे सुनवाई के समय जेल में बने कोर्ट से जोड़ दिया जाता है।

# राज्यसभा से एंट्री कर सकती हैं प्रियंका वाड्रा

## कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को लेकर बदली रणनीति, नई भूमिका में आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। सूत्रों ने कहा कि यूपीए अध्यक्ष और कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में यह फैसला लिया गया। लोकसभा चुनाव लड़ने के बजाय प्रियंका गांधी देश भर में पार्टी और उसके सहयोगियों के पक्ष में प्रचार करेंगी। प्रियंका गांधी अब उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार तक सीमित नहीं रहेंगी। वह 2024 के आम चुनाव से पहले राज्यसभा भी जा सकती हैं। फिलहाल प्रियंका गांधी को हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा भेजने की तैयारी चल रही है। छत्तीसगढ़ के एक राज्यसभा सांसद ने प्रियंका गांधी को राज्यसभा जाने के लिए इस्तीफा देने के लिए कहा है। इसी तरह की पेशकश पार्टी के दो अन्य राज्यसभा सांसदों ने भी की है। इनमें से एक राज्यसभा सांसद ने एक निजी टीवी चैनल से बात करते हुए अपने प्रस्ताव पर मुहर भी लगाई।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कुछ दिन पहले प्रियंका गांधी की आगे की रणनीति को लेकर पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं से चर्चा की थी। अधिकांश नेताओं की राय थी कि वह एक स्टार प्रचारक के रूप पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान कर सकती हैं। ऐसे में उन्हें लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अगर वह (प्रियंका गांधी) लोकसभा चुनाव लड़ती हैं तो उन्हें अपनी सीट पर ध्यान देना होगा और कहीं ज्यादा समय नहीं दे पाएंगी। नेताओं का मानना है कि अगर प्रियंका गांधी पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी तो कांग्रेस को और फायदा होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के कुछ नेताओं की राय थी कि लोकसभा चुनाव लड़ने से प्रियंका चुनाव में एक बड़ा चेहरा बनकर उभरेंगी। अधिकांश नेताओं की यह भी राय थी कि कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव में किसी को भी पीएम के चेहरे के रूप में पेश नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे सहयोगी दलों को यूपीए गठबंधन में शामिल होने का अधिक भरोसा मिलेगा।

जानकारी यह भी मिल रही है कि प्रियंका गांधी वाड्रा यूपी कांग्रेस प्रभारी का पद भी छोड़ सकती हैं। उन्हें अब उन राज्यों की जिम्मेदारी दी जा सकती है, जहां कांग्रेस पार्टी की संभावना ज्यादा है या फिर उन्हें यूपी के साथ अन्य राज्यों का प्रभारी बनाया जा सकता है। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रियंका गांधी वाड्रा की नई भूमिका तय होगी। सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल यह भी तय हो गया है कि नेहरू-गांधी परिवार का कोई सदस्य इस बार अमेठी सीट से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगा। गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी की अब अमेठी सीट से कोई दिलचस्पी नहीं है। हो सकता है कि कांग्रेस इस सीट से अपना उम्मीदवार भी न उतारे। सूत्रों ने कहा कि इस बात की प्रबल संभावना है कि महागठबंधन होने पर कांग्रेस यह सीट सहयोगी दलों के लिए छोड़ सकती है। सोनिया गांधी के कब्जे वाली रायबरेली सीट को लेकर पार्टी अभी तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है। हालांकि, गठबंधन होने पर भी कांग्रेस रायबरेली सीट से अपना उम्मीदवार उतारेगी। अगर यूपीए अध्यक्ष चुनाव नहीं लड़ती हैं तो नेहरू-गांधी परिवार के किसी करीबी को रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार बनाया जाएगा।

**सियासत**

**यूपी कांग्रेस प्रभारी का पद छोड़ सकती हैं प्रियंका गांधी**

**अमेठी से गांधी-नेहरू परिवार का सदस्य नहीं लड़ेगा चुनाव**



# सड़क हादसे में बुनकर की मौत, पत्नी-बेटी बचीं

**दुखद**

**दरारों में पहिया पड़ने से अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे आ गई बाइक**

**पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के डाफी टोल प्लाजा से 500 मीटर आगे मुगलसराय की तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल सवार मोहम्मद फैजान (42) की मौत हो गई। जबकि हादसे में उसकी पत्नी आयशा व बेटी खुशबू को खरोच तक नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बुनकारी का काम कर जीविकोपार्जन करता था।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर मृतक का भाई मोहम्मद हनीफ परिजनों के साथ पहुंचा। मृतक को तीन बेटा एक बेटी है।

जानकारी के अनुसार जंसा थाना क्षेत्र के सरौनी गांव का रहने वाले हाजी अलाउद्दीन के तीन बेटों में बड़ा मोहम्मद फैजान था। गुरुवार को पत्नी व बेटी को लेकर अपने ससुराल मुगलसराय सिनेमा हॉल के पास गया था। वहां से शुक्रवार को अपने साले की मोटरसाइकिल लेकर घर जाने के लिए निकला।

विश्व सुंदरी पुल पार करने के बाद टोल प्लाजा से पहले सड़क पूरी तरह खराब है। सड़क के बीच में नाली जैसी दरारे बन गए हैं। जिसके कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे चली गई।

मृतक की पत्नी आयशा का आरोप है कि हाईवे पर हुए गड्ढों के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई।

## बाइक सवारों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**हादसा**

**पुलिस ने दूसरे भाई को इलाज के लिए निजी अस्पताल में कराया भर्ती**

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के रूपापुर के पास हाईवे पर शुक्रवार की सुबह ट्रक ने बाइक सवार शिवप्रसाद बिंद (28) नामक युवक की जान ले ली। हादसे में सगा भाई जगदीशचंद्र बिंद (31) घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही ट्रक को भी मौके से कब्जे में ले लिया। भदोही जिले के गोपीगंज कोतवाली अंतर्गत कोईलरा गांव निवासी गयाबोध बिंद का पुत्र जगदीशचंद्र बिंद अपने छोटे भाई शिवप्रसाद बिंद को बाइक पर बैठकर रामनगर स्थित टेंगरा मोड़ गिट्टी बालू खरीदने जा रहा था। तभी रूपापुर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करते समय बाइक को साइड मार दिया। बाइक सवार अनियंत्रित होकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। ट्रक के कुचलने से शिवप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जगदीश घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसओ आनंद कुमार चौरसिया के साथ अन्य पुलिसकर्मियों ने घायल युवक को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से खजुरी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था और चौरी स्थित एक आईटीआई कालेज में अध्यापक था। मृतक युवक अविवाहित बताया गया। युवक के मौत की सूचना मिलते ही मृतक की मां मैना देवी व बहन प्रियंका सहित सभी की आंखें नम हो गई।



मृतक का फाइल फोटो

## जानलेवा हमले में कोर्ट में पेशी

**वाराणसी।** अपर जिला जज बिनोद कुमार की कोर्ट ने जानलेवा हमले के मामले में दशरथ सिंह यादव, रामअवध यादव, रामकृत यादव, प्रीतम यादव, सुनील यादव उर्फ कमला यादव, कृष्णमोहन यादव को बतौर आरोपी तलब किया है। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तिथि नियत की है। प्रकरण के अनुसार वादी संतोष यादव ने राम नगर थाने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराया। आरोपी लगाया की 27 दिसंबर 2020 को उसके परिवार के लोगो ने जमीन विवाद में सुलह कराने के लिए ले गए और उसपर जानलेवा हमला किया।इस मामले में पुलिस ने विवेचना किया और इन आरोपीगण को लाभ पहुंचाते हुए क्लीन चिट देते हुए कुछ अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दी। कोर्ट में वादी के बयान के बाद अपने अधिवक्ता अपने अधिवक्ता बृजेश मिश्र, कमला कांत त्रिपाठी जरिए कोर्ट में आवेदन दिया। आरोपीगण खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य है। इस मामले में सभी आरोपी को तलब करने की गुहार लगाई।

## संक्षेप

### गोमती जोन पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान



**वाराणसी।** पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के निर्देशन में शुक्रवार को जी-20 सम्मेलन व कानून व्यवस्था के मद्देनजर जोन के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें जी-20 सम्मेलन, शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को देखते हुए पुलिस के सभी थानाध्यक्षों व चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों, बार्डर, हाइवे आदि स्थानों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों के साथ सामानों की सघन चेकिंग की गई।

### लंका थाने से दौ सौ मीटर दूर घर से नगदी व जेवरात चोरी

**वाराणसी।** लंका थाने से दो सौ मीटर दूरी पर रहने वाले संजय चतुर्वेदी के बंद मकान में घुसे चोर मेन दरवाजे का ताला तोड़ प्रवेश किए। इसके बाद दो कमरों का ताला तोड़कर अलमारी तोड़ते हुए जेवरात और नगद समेत दो मोबाइल व एक लैपटॉप उठा ले गए। शुक्रवार को लखनऊ से पहुंचे संजय के भतीजे ईशान चतुर्वेदी ने लिखित पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस लौट गई। घर में घुसे चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ उठा ले गए। संजय चौबे कारोबारी हैं कारोबार के सिलसिले में रविवार को दिल्ली गए थे। उनके घर का नौकर गोविंद सोमवार की रात घर में मौजूद रहा। इसके बाद देर रात अपने घर चला गया। मंगलवार को पहुंचा तो भीतर सामान अस्त-व्यस्त देखकर संजय को फोन किया। साथ ही फैंटम को सूचना दी। मौके पर फैंटम के जवान घटना के दिन ही आए और मौका मुआयना कर चले गए। शुक्रवार को संजय का भतीजा ईशान लखनऊ से लंका नगवा स्थित घर पहुंचा तो पुलिस को लिखित सूचना दी। संजय मूल रूप से सारनाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पिता लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज मुगलसराय के प्रधानाचार्य और लंका नगवां में घर बनवा कर रहते हैं। संजय की पत्नी, बच्चे, भतीजे और भाई लखनऊ वाले मकान में रहते हैं। समय-समय पर आते जाते रहते है। प्रभारी निरीक्षक लंका का कहना था, जांच की जा रही है।

### मंदिर से तीन पीतल के घंटे चोरों ने उड़ाए

**वाराणसी।** मंडुवाडीह क्षेत्र के सब्जी मंडी के समीप स्थित प्राचीन शिव मंदिर से चोरों ने पीतल के घंटे चुरा लिए। स्थानीय लोगों ने घटनका की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। रोजाना की भांति शुक्रवार को भी सब्जी मंडी के समीप स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महिलाएं जल चढ़ाने के लिए आयीं तो उन्होंने देखा कि मंदिर से घंटे गायब हैं। जिसे देखते ही देखते वहां पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गयी।

### दो पक्षों में मारपीट, पिता-पुत्र घायल

**मिजार्मुराद।** चित्तापुर गांव में गुरुवार की रात मुर्गी के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। इस दौरान लाठी-डंडा व ईंट-पत्थर चलने से लालजी गोंड (60) व अनिल गोंड (23) नामक पिता-पुत्र घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी गयी। घायलों ने सुबह थाने पर पहुंच अनिल तिवारी, धनंजय व विश्वास तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने घायलों का मेडिकल मुआयना कराया। पुलिस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

### दीवार को लेकर चले लाठी डंडे, मुकदमा दर्ज

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा स्थित बड़ा अहिरान में गुरुवार की शाम दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों से एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद था और शाम पांच बजे दीवार बनाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। जिसमें एक पक्ष से प्रकाश यादव और दूसरे पक्ष से राजनाथ यादव, रोशनी देवी व कपिल यादव घायल हो गए। पुलिस को दोनों पक्षों ने तहरीर दी। पुलिस मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

### किन्नर बनकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** किन्नर बनकार चोरी करने वाले एक आरोपी को शिवपुर पुलिस ने शुक्रवार को गणेशपुर रेलवे लाईन के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से चोरी पुलिस ने चोरी की गई एक लाकेट, एक जोड़ी कान की बाली और चार गुरिया बरामद की गई। गिरफ्तार हैदर अली पुत्र यार मोहम्मद निवासी ग्राम रामनगर नई बस्ती थाना सिंधोरा ने पूछताछ बताया कि बीते 21 मई की शाम चार बजे उसने चमांव गेट के पास एक मकान से किन्नर बनकर गाना बजाते व झांढ़-फूंक करने के बहाने अपने साथी आलमगीर और आरिफ के साथ मिलकर एक महिला का मंगलसूत्र, कान की बाली चुरा लिया और भाग निकले।

### अगवाकर्ता युवक गिरफ्तार, अपहृता युवती बरामद

**बड़ागांव।** पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर बाद बाबतपुर नहर पुलिया के पास से अगवाकर्ता युवक को गिरफ्तार करते हुए अपहृता युवती को बरामद कर लिया। स्थानीय थाने पर तैनात उप निरीक्षक सुरेंद्र अपने सहयोगियों के साथ गिरफ्तारी स्थल के पास से फुलपुर थानाक्षेत्र के देवराई गांव निवासी मौसम वर्मा को हिरासत में लेकर अगवा की गई युवती को बरामद करते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गए।

### चोरी के बकरे संग दो गिरफ्तार

**जंसा।** थाना क्षेत्र के कुरौना प्राथमिक विद्यालय के समीप से पुलिस ने शुक्रवार को दो अभियुक्तों को चोरी के बकरे के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के बकरे के साथ दो अभियुक्त उक्त स्थान पर मौजूद है जिस पर विश्वास करके पुलिस मौके पर पहुंचकर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना नाम विजय शंकर बिंद एवं राजन बिंद पुत्र लोलारक बिंद निवासी घमहापुर भदोही बताया।

# राजा भैया के पिता उदय प्रताप संभालेंगे मुकदमों की कमान

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानवापी केस**

**केस की मजबूती के लिए 65 विद्वान वकीलों की टीम की जाएगी तय**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी-मां शृंगार गौरी मुकदमे की वादिनी राखी सिंह ने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग की थी। जिसपर गुरुवार को दिल्ली में भदरी राजपरिवार के उदय प्रताप सिंह से मुलाकात के बाद राखी सिंह ने अपना निर्णय बदल दिया। राखी के चाचा और विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन ने बताया कि उनके आवास पर आकर उदय प्रताप सिंह ने आश्वस्त किया है कि ज्ञानवापी से जुड़े मुकदमों की कमान अब वह खुद संभालेंगे। इसके अलावा देश के अन्य राजपरिवार भी सनातन धर्म से जुड़े इस महत्वपूर्ण मसले पर एकजुटता के साथ राखी सिंह के साथ खड़े रहेंगे।

विश्व वैदिक सनातन संघ के संस्थापक जितेंद्र सिंह 'विसेन' ने अपने सभी मामलों का पैरोकार कुंडा-प्रतापगढ़ राजघराने के बड़े राजा और राजा भैया के पिता उदय प्रताप सिंह को घोषित कर दिया है।

दिल्ली में विसेन के आवास पर जाकर उदय प्रताप सिंह ने परिवार से मुलाकात कर ज्ञानवापी प्रकरण पर शुक्रवार को करीब दो घंटे तक चर्चा की। उदय प्रताप वहीं पर हैं और कहा कि ज्ञानवापी केस को मजबूती के लिए जिला कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को मिलाकर 65 विद्वान वकीलों की टीम तय की जाएगी। उदय प्रताप ने कहा कि ज्ञानवापी का मुकदमा हिंदुओं के पक्ष में आए। इसके लिए हर उचित कदम उठाए जाएंगे।

किसी को ज्ञानवापी न तो बेचने दिया जाएगा और न ही सनातनी हिंदुओं की भावना से किसी प्रकार का खिलवाड़ करने दिया जाएगा।

## फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर पैसा ऐंठने वाले दो गिरफ्तार

**बड़ागांव।** पुलिस ने शुक्रवार को सिसवा मोड़ के पास से फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर पैसा ऐंठने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बड़ागांव थानाक्षेत्र के गोपालपट्टी गांव निवासी दीपक पांडेय को कुछ दिनों पूर्व मोबाइल से बुलाकर अपने को क्राइम ब्रांच का बताने वाले बोलेरो सवार कुछ लोगों द्वारा मादक पदार्थ एवं अवैध असलहे के व्यापार के लिए फर्जी मुकदमे में फंसाने की बात कहते हुए एक लाख की मांग करने और तीस हजार रुपए लेकर छोड़ दिये जाने के मामले में भुक्त भोगी ने दो नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। स्थानीय पुलिस ने नामजद अभियुक्तों में भदोही जनपद के औराई थाना अंतर्गत ग्राम तियुरी निवासी प्रहलाद सिंह एवं मिजार्पुर के चील्ह थानाक्षेत्र के ग्राम गहरवारी भीटी के नागेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद विधिक कार्यवाही में जुट गई।

# अधेड़ और किशोर ने लगाई फांसी

जनसंदेश न्यूज

**खुदकुशी**

**बड़ागांव और रोहनिया थाना क्षेत्र में घटी घटना, फैली सनसनी**

**बड़ागांव/रोहनिया।** दो अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को एक 17 वर्षीय किशोर और एक 50 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बड़ागांव थानाक्षेत्र के कृष्णापुर खुर्द गांव में शुक्रवार को सुबह मां बाप का इकलौता 17 वर्षीय पुत्र घर के अंदर फांसी के फंदे पर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी अनीश यादव (17) पुत्र विनोद यादव गांव पर दादा बल्लर यादव और दादी के साथ रहता था, उसके माता-पिता और एक बहन मुंबई में रहते हैं। सुबह मृतक रोज की तरह उठकर नित्य कृया से निवृत्त होने के बाद लगभग पांच बजे दादा के आंख में दवा डालकर अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर लिया। जिसके बाद पंखे के हुक में रस्सी का फंदा लगाकर फांसी पर झूल गया। काफी देर होने के बाद सुबह आठ बजे दादा बुलाने गये तो अंदर से आवाज नहीं आयी।



दादा के शोरगुल मचाने पर परिवार और आसपास के लोग एकत्रित हो गये और देखा तो वह फांसी पर झूल रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना माता-पिता और पुलिस को दी। उधर गंगापुर चौकी अंतर्गत सुईचक बड़ीबारी में शुक्रवार की सुबह 50 वर्षीय अधेड़ विजय मौर्या ने पास के ही आम के बगीचे के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विजय मौर्य पिछले लगभग 12 वर्ष से मुंबई चला गया था वहीं पर रहकर अपना जीवन यापन करता था। उसके बाद लॉकडाउन के दौरान पुनः वह लौटकर अपने घर आया, जहांपर उसकी पत्नी भी एक बेटा छोड़कर कहीं चली गई थी। जिसका सदमा लगने से मृतक बीमार रहने लगा और आर्थिक तंगी की वजह से अपने पुत्र के साथ गांव में ही छोटा-मोटा काम करके अपना भरण-पोषण करता था।

मृतक को आंख से कम भी दिखाई देता था। लोगों के अनुसार आर्थिक तंगी से परेशान होकर देर रात विजय ने घर से कुछ ही दूर पर आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और कार्यवाही में जुट गई।

# राष्ट्र को आर्थिक सुरक्षा व्यापारी देता है

**बोले कपिल देव**

**पराड़कर स्मृति भवन के गर्दे सभागार में भाजपा संसदीय क्षेत्र का व्यापारी सम्मेलन**





**वाराणसी।** सरकार के नौ साल पूर्ण होने पर शुक्रवार की देर शाम गोलघर स्थित पराड़कर स्मृति भवन के गर्दे सभागार में संसदीय क्षेत्र के व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि उप्र सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि व्यापारिक वर्ग ही राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पित करता है। व्यापारी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है, इसलिए वह देश का रीढ़ होता है। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी जनसंघ हुआ करता था, दीपक चुनाव चिन्ह हुआ करता था तब भी देश का व्यापारी जनसंघ को ही वोट देता था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जीवंत रखने तथा प्रचारक देने का काम भी व्यापारिक वर्ग ही करता है। जब-जब राष्ट्र के ऊपर संकट आता है, यही व्यापारिक वर्ग आगे बढ़कर राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कोरोना काल की चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना काल में सभी प्रतिष्ठाने बंद हो गई थी, मगर सभी देशवासियों की सहायता भी यही व्यापारिक वर्ग ने किया। जैसे व्यापारी संपत्ति की रक्षा करता है, वैसे ही व्यापारिक वर्ग भारतीय जनता पार्टी का भी संरक्षण करता है। इसके पूर्व अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

व्यापारिक सम्मेलन के प्रारंभ में क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने विषय प्रस्तावना रखते हुए कहा कि समय परिस्थितियों और संकट के समय में व्यापारिक वर्ग ही सदैव चिंतन करता है तथा विपरीत परिस्थितियों में लाखों नौजवानों को रोजगार भी मुहैया कराता है। विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने कहा कि नौ साल के गौरव को काशी का प्रत्येक नागरिक बड़े ही आत्म भाव से स्वीकार करता है। व्यापारिक सम्मेलन की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष और एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा व संचालन नवीन कपूर ने किया। इस दौरान महापौर अशोक तिवारी, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, राहुल सिंह, मीडिया प्रभारी किशोर सेठ, शैलेंद्र मिश्रा, संदीप केशरी, आत्मा विशेश्वर, डॉ. गीता शास्त्री, अभिषेक मिश्रा, आलोक सहित मंडल अध्यक्ष एवं पार्षदगण मौजूद रहे। वहीं वाराणसी व्यापार मंडल के प्रमोद अग्रहरी, सनी, श्री जी गौ सेवा ट्रस्ट की बबीता, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के संदीप चतुवेर्दी आदि मौजूद रहे।

## लूट मामले में एक गिरफ्तार

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के शंकुलधारा इलाके से बीते 31 मई को एक लावारिस कार से पुलिस ने 92.94 लाख रुपये मिले थे। मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत लिया और पूछताछ की तब जाकर मामले से पर्दा उठा। पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए गुरुवार को घटना में शामिल आरोपी सचिदानंद राय उर्फ मंटू राय को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजेश सिंह और उनकी टीम को मामले में सफलता हासिल हुई। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त सच्चिदानन्द राय उर्फ मंटू राय पुत्र रामेश्वर राय निवासी नवलपुर शिवपुर थाना शिवपुर, मूल पता ग्राम अजमतगढ़, पोस्ट जियनपुर जिला आजमगढ़ का निवासी है। इसके अलावा चार अन्य भी घटना में शामिल बताए जा रहे हैं। जिनकी तलाश जारी है। वहीं 31 मई को खोजवां के शंकुलधारा इलाके से मिली लावारिस कार जिसमें 92 लाख रुपये लावारिस मिले थे, वह गाड़ी भी मंटू राय की है और उसकी पत्नी निधि राय के नाम रजिस्टर्ड है। घटना के उजागर होने के बाद इस संबंध में थानाध्यक्ष समेत सात पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी थी। पैसा कार में होने की सूचना मंटू ने ही पुलिस को दी थी।

# संत कविता का जन्म दार्शनिक पृष्ठभूमि में हुआ

**वाराणसी।** कबीरदास के 625 वीं जयंती पर हिंदी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय संत कविता में मानव धर्मः कबीर से कीनाराम तक रहा।

संगोष्ठी का संयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो सदानंद साही तथा सह संयोजक प्रो श्रद्धा सिंह एवं प्रो प्रभाकर सिंह ने किया। प्रथम सत्र का संचालन डॉ विवेक सिंह ने किया। संगीत मंच कला संकाय की डॉ संगीता पंडित, डॉ पंकज ने अपने छात्राओं सहित कबीर के दो भजनों मन लागो मेरो यार फकीरी में कहां फिरत मगरूरी में का गायन किया गया। उद्घाटन सत्र में प्रो अवधेश प्रधान, प्रो गोपेश्वर सिंह, प्रो सच्चिदानंद, डॉ रंजन कुमार सिंह, प्रो अमिता दुबे, प्रो सदानंद शाही और प्रो. श्रद्धा सिंह ने अपने वक्तव्य दिए। प्रो. श्रद्धा सिंह ने कहा कि संत कविता का जन्म सामाजिक व दार्शनिक पृष्ठभूमि में हुआ। इनका स्वर विद्रोही है और प्रवृत्ति खंडनात्मक है। समाज में व्याप्त रूढ़ियों पर इन्होंने व्यंग्य किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो सदानंद साही ने कहा कि भक्तिकालीन संत साहित्य इसी जीवन का साहित्य है केवल परलोक का ही साहित्य नहीं है। कबीर का पद इस बात को सिद्ध करता है। अध्यक्षता कर रहे प्रो. अवधेश प्रधान ने अपने अध्यक्षीय मानव धर्म केवल पूर्व नहीं, पश्चिम नहीं, अतीत नहीं पूरे आगे के मानव जाति को, समाज को भीतर और बाहर से संभाल कर रखता है। मुख्य वक्ता प्रो गोपेश्वर सिंह ने बताया कि कीनाराम ग्रंथ विवि प्रकाशन से प्रकाशित हुआ है। इसमें बताया गया है कि आखिरी अघोर पंथ क्या है। प्रो रंजन कुमार ने कहा कि कबीर को पढ़ना यानि जीवन को पढ़ना है।

# तहसील में खुला ग्राम न्यायालय, वकीलों में खुशी

**शुभारंभ**

**जिला जज ने फीता काटकर किया शुभारंभ, नव नियुक्त जज ने भी संभाला कार्यभार**

**पिंडरा।** तहसील में शुक्रवार को जिला जज द्वारा ग्राम न्यायालय का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस दौरान जिले के न्यायालय से जुड़े कई जज के साथ वकील भी मौजूद रहे। पिंडरा तहसील परिसर में ग्राम न्यायालय के स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन किन्ही कारणों से यह टलता जा रहा था। जब पिंडरा तहसील के वकील विरोध पर उतरने के साथ उच्च न्यायालय व जनपद न्यायाधीश को पत्रक देकर मांग की बात करने लगे तो जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर ग्राम न्यायालय का मंत्रोच्चार के बीच शुभारंभ किया।

शुभारंभ के पश्चात जिला जज ने न्यायालय भवन का अवलोकन करने के साथ उसके सुंदरीकरण करने की सलाह दी। शुभारंभ के पहले ही दिन से नव नियुक्त जज सत्यम सिंघल ने कार्यभार संभालने के बाद कामकाज भी शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर ग्राम न्यायालय खुला है उसे पूरा करूंगा। वही जिला जज ने स्थानीय वकीलों से सहयोग के भावना से न्याय प्रक्रिया को आगे ले जाने की अपील की। इस दौरान जिला न्यायालय के विभिन्न डिवीजन से जुड़े एडिशनल जज संजीव सिन्हा, राकेश पांडेय, देवराज शुक्ला, अनुभव द्विवेदी के अलावा तहसील पिंडरा के पूर्व अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, पंधारी यादव, सुभाष दुबे, श्रीनाथ गोंड़, प्रितराज माथुर, श्रीप्रकाश मिश्रा, श्यामशंकर सिंह, उमेश सिंह, जगदंबा मिश्रा, हेमंत दुबे, प्रफुल्ल मौर्य समेत अनेक लोग रहे। स्वागत बार अध्यक्ष राजेश पटेल व धन्यवाद महामंत्री श्याम मोहन उपाध्याय ने दिया।



जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना
मेरा 10वीं परीक्षा 2013 यू0पी0 बोर्ड अनुक्रमांक 3711482 और इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 2728913 का प्रमाण पत्र और अंक पत्र वास्तव में खो गया है। मिलने पर सूचित करें। सोमिया पांडे सुपुत्री सत्यप्रकाश पांडे, निवासी-सिंदुरिया चोपन सोनभद्र।

## मौत के बाद शव का इलाज करते रहने का आरोप

**वाराणसी।** मडुवाडीह के चांदपुर स्थित एक निजी अस्पताल पर शुक्रवार को मरीज की मौत के बाद शव को आईसीयू में रखकर बिल बनाने का आरोप लगाकर परिजनों ने हंगामा किया। आरोप है कि अस्पताल के द्वारा परिजनों से शव के बदले लंबी-चौड़ी रकम की मांग की जा रही है। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले विष्णु देव चौधरी सिकंदराबाद में इंडियन आर्मी में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनका छोटा भाई 20 वर्षीय बलराम चौधरी सात जून को बलिया एक बारात में आया था। गाड़ी पलट गई थी, जिसमें गंभीर रूप से चोटिल होने पर अचेतावस्था में उसे एक निजी हॉस्पिटल में एक एंबुलेंस वाले के सलाह पर एडमिट कराया गया था। उनका आरोप है कि इलाज के नाम पर लाखों रुपए ले लिए गए, लेकिन भाई को होश तक नहीं आया। मृतक के फुफेरे भाई सागर चौधरी का आरोप था कि बलिराम चौधरी की मृत्यु एक दिन पहले ही हो गई थी।

बावजूद इसके अस्पताल द्वारा वेंटीलेटर पर रखकर उसका इलाज किया गया। उनके द्वारा हंगामा करने पर उसको मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मंडुवाडीह थानाप्रभारी विमल कुमार मिश्रा ने परिजनों को समझा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

छावनी परिषद वाराणसी
सार्वजनिक सूचना
श्री वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, श्री अनिल कुमार गुप्ता व श्रीमती निर्मला गुप्ता निवासी मकान सं0 210, सदर बाजार, वाराणसी छावनी ... (आवेदक)
मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद, वाराणसी।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना
... www.ireps.gov.in ...
मण्डल रेल प्रबन्धक/इन्जी0(i)/ वाराणसी
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो0. 09794845955 पर SMS करें।
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-
निविदा सं: वमंविइ-लज0-08-2023, कार्य का विवरण: इलेक्ट्रिक शेड गोण्डा में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की होमिंग के लिये इन्फ्रास्ट्रक्चर व टेस्ट सेटअप के निर्माण से सम्बन्धित विद्युत कार्य। अनुमानित लागत ₹ 72,59,693.21, बयाना राशि ₹ 1,45,200/-, निविदा मूल्य ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 04माह। निविदा सं.: वमंविइ-लज0-09-2023, कार्य का विवरण: गोण्डा क्षेत्र में अधिकारी कालोनी, इन्जीनियरिंग कालोनी, जीआरपी/आरपीएफ कालोनी व स्टेशन कालोनी में ओवरहेड लाइन का अण्डर ग्राउण्ड केबिल से बदलाव। अनुमानित लागत: ₹ 1,07,40,785.28 बयाना राशि: ₹ 2,03,700/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। निविदा सं.: वमंविइ-लज0-10-2023, कार्य का विवरण: गोरखपुर, लखनऊ जंक्शन कोचिंग डिपो में और ऐशबाग स्टेशन पर पिट लाइट के बदलाव और बैटरी चार्जिंग/प्रीकूलिंग प्वाइन्ट के प्रावधान से सम्बन्धित विद्युत कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 53,42,160.35, बयाना राशि: ₹ 1,06,900/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 04माह।
• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 29-06-2023 को 15:00 बजे।
नोट:- इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाविं/विद्युत-69 लखनऊ
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845966 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0, नवीन मण्डी स्थल जंगीरोड मीरजापुर
पत्रांक: नि0मी0/(निवि0 पत्रा0)/2022-23/94 दिनांक 09.06.23
ई-निविदा सूचना
कार्यालय पत्रांक: नि0मी0/निविदा/2023-59 दिनांक: 15.05.2023 एवं शुद्धि पत्र पत्रांक: नि0मी0/ई-टेण्डर/2023-62 दिनांक 19.05.2023 द्वारा दिनांक: 06.06.2023 को ई-टेण्डर द्वारा आमंत्रित निविदा में मण्डी समिति मीरजापुर क्षेत्रान्तर्गत क्रमांक 03 एवं मण्डी समिति गोपीगंज क्षेत्रान्तर्गत क्रमांक 01 पर अंकित कार्य की कोई निविदा प्राप्त न होने, तथा मण्डी समिति अहिरौरा क्षेत्रान्तर्गत क्रमांक 01 एवं मण्डी समिति मीरजापुर क्षेत्रान्तर्गत क्रमांक 02 पर अंकित कार्य की तकनीकी बिड असफल होने के कारण पुनः निविदा दिनांक 27.06.2023 को आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 12.06.2023 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 26.06.2023 की सायं 5:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 27.06.2023 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निम्नानुसार कार्यों की निविदा खोली जायेगी। 1-नवीन मण्डी स्थल-मीरजापुर में ए0पी0एफ0 संख्या 03 के लिये सीढ़ी और रैम्प का निर्माण कार्य। 2-मण्डी समिति, मीरजापुर क्षेत्रान्तर्गत कनौरा सिकन्दरा मार्ग से ग्राम देवाही तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। 3-मण्डी समिति, अहिरौरा क्षेत्रान्तर्गत मीरजापुर सोनभद्र मार्ग से ग्राम नदिहार तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। 4-मण्डी समिति, गोपीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम झौवा-बरवा मार्ग से दूरासी ग्राम में प्राथमिक विद्यालय तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।
नोट: शेष नियम व शर्तें पूर्वत रहेगी।
पत्रांक: नि0मी0/निविदा/2023-93 दिनांक 09.06.23
उपनिदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, मीरजापुर




# वाराणसी भारत



# पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार बनेगा रिंग रोड फेज टू

## केंद्रीय मंत्री ने बभनपुरा में बन रहे गंगा पुल का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि रिंग रोड फेज टू पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार बनने जा रहा है। उन्होंने यह बात केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर विकास के तीर्थ स्थल भ्रमण के क्रम में अपने संसदीय क्षेत्र के विधानसभा शिवपुर स्थित बभनपुरा में रिंग रोड परियोजना के तहत बन रहे गंगा पुल के निरीक्षण के दौरान शुक्रवार को कही।

चौबेपुर प्रतिनिधि के अनुसार, केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि विकास की गंगा यहां जो प्रवाहित हो रही है, इसकी कल्पना स्थानीय लोगों ने कभी सोची भी नहीं होगी। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों का नतीजा है। यह तीर्थ स्थल और निर्माणाधीन सेतु व रिंग रोड न सिर्फ चंदौली के चौमुखी विकास का केंद्र बनेगा, बल्कि पूर्वी भारत के प्रत्येक जिलों के लिए विकास का नया द्वार भी खोलेगा। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं का अवलोकन भी किया। एनएचआई के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि रिंग रोड फेज टू का कार्य अपने तय समय पर पूरा कर लिया जाएगा।

पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार, केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने बाबतपुर में निर्माणाधीन

**बोले डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय**

**बाबतपुर आरओबी का कार्य समय से पूर्व पूरा करने का दिया निर्देश**

आरओबी का निरीक्षण किया और समय से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि यह आरओबी गाजीपुर, बलिया, आजमगढ़ आदि जिलों को एयरपोर्ट से जोड़ेगा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें समस्याओं को लेकर पत्रक सौंपा। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने पलहीपट्टी में निर्माणाधीन पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. अवधेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, एनएचआई के क्षेत्रीय अधिकारी एसबी सिंह, परियोजना निदेशक आरएस यादव, कार्यदायी एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज राठौर, मुकेश कुमार के अलावा जिला मीडिया प्रभारी श्रीनिकेतन मिश्र, रामप्रकाश दुबे, चंद्रशेखर सिंह, मनजीत सिंह, जयप्रकाश पांडे, अवनीश पाठक, पंकज त्रिपाठी आदि साथ थे।


पुल का निरीक्षण करते डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय


जी-20 की तैयारियों से सिलसिले में राजघाट पुल व आसपास के इलाके को दी गई है भव्य सजावट

# छह साल में छह लाख को मिली सरकारी नौकरी

**आयोजन**

**96 एएनएम को नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह में बोले प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सूबे के श्रम एवं सेवायोजना समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेरोजगारी दूर करने के लिए 'मिशन रोजगार' का नारा दिया। उनके सपने को साकार करते हुए यूपी सरकार ने हर हाथ को काम देने के संकल्प के साथ कार्य आरंभ किया। उसी का परिणाम है कि बीते छह वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की सरकार ने छह लाख लोगों को सरकारी सेवा में नौकरियां दी हैं। इसी अवधि में 14 लाख लोगों को निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराये गये।

कमिश्नरी सभागार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चुनकर जनपद में तैनात की गईं 96 एएनएम को नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह में श्री राजभर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में एएनएम की संख्या बढ़ने से मातृत्व स्वास्थ्य समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं और भी बेहतर होंगी। वहीं, सीडीओ हिमांशु नागपाल ने कहा कि वाराणसी में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने समेत समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसकी पहुंच बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास हो रहे हैं।

उन्होंने नवचयनित स्वास्थ्य कर्मियों से उम्मीद की है कि वह अपने दायित्वों का पालन करते हुए गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में सहयोग करेंगी। इसके लिये उन्हें अपने क्षेत्र के लोगों से बढ़िया तालमेल रखना होगा। समारोह में सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी, डिप्टी सीएमओ एवं आरसीएच के नोडल अफसर डॉ. एचसी मौर्य, डीएचईआईओ हरिवंश यादव ने भी विचार व्यक्त किये।



उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चुने हुए 96 एएनएम को शुक्रवार को समारोहपूर्वक नियुक्ति-पत्र बांटे गये

# योजनाओं का लाभ लेने को निर्माण श्रमिक कराएं अपना पंजीकरण

**किया आह्वान**

**सलारपुर से रसूलगढ़ में निर्माण श्रमिकों के लाभ वितरण एवं जागरूकता सम्मेलन में सूबे के मंत्री अनिल राजभर ने की अपील**

**विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल 498 निर्माण श्रमिकों को दो करोड़ 67 लाख 53 हजार का हितलाभ वितरित**

जनसंदेश न्यूज

**चिरईगांव।** प्रदेश के श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि राज्य सरकार समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। ऐसे प्रत्येक निर्माण श्रमिक जो भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य कर रहे हैं, वह हर हाल में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में अपना पंजीकरण कराएं। ताकि उन्हें बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा सके। सलारपुर क्षेत्र के रसूलगढ़ स्थित इस कॉलेज परिसर में शुक्रवार को बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लाभ वितरण एवं जागरूकता सम्मेलन में श्री राजभर मुख्य अतिथि के रूप में यह आह्वान किया। इस अवसर पर 498 निर्माण श्रमिकों प्रमाण-पत्र बांटे गये। उन्होंने बोर्ड की कन्या विवाह योजना के तहत 378, मृत्यु एवं दिव्यांगता के अंतर्गत 23, अंत्येष्टि सहायता योजना में 13, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना में 23, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना में चार तथा संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 59 पात्रों को हितलाभ वितरित किये।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल 498 निर्माण श्रमिकों को दो करोड़ 67 लाख 53 हजार 100 रुपये के हितलाभ बांटे गये। आरंभ में वाराणसी क्षेत्र के उप श्रमायुक्त राजेश कुमार श्री राजभर का स्वागत किया। राजीव कुमार सिंह के संचालन में सहायक श्रमायुक्त देवव्रत यादव ने आभार जताया। कार्यक्रम में संदीप सिंह, पंकज सिंह श्रम प्रवर्तन अधिकारी, भाजपा के संजय सिंह, कमलेश मौर्य, नेमचंद, हनुमान सोनकर, अनिल सोनकर एवं अमरनाथ मौर्य आदि भी रहे।


उप्र प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के लाभ वितरण एवं जागरूकता सम्मेलन में सूबे के मंत्री अनिल राजभर ने पात्रों को प्रमाण-पत्र बांटे

## नामांकन से लेकर पर्चा वापसी तक एडीएम प्रशासन कोर्ट में

**वाराणसी।** जिला योजना समिति के सदस्यों के होने वाले चुनाव के लिए पर्चा दाखिले से लेकर मतदान व काउंटिंग शुरु करने तक का समय तय कर दिया गया है। जिसके तहत 17 जून को दिन में 11 बजे से सायं चार बजे तक नामांकन और उसके तुरंत बाद पर्चों की जांच होगी। उसके बाद 21 जून को दिन में 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित किया गया है। 25 जून को प्रातः आठ बजे से अपराह्न तीन बजे तक मतदान कराया जाएगा। पोलिंग के तत्काल बाद काउंटिंग होगी। एडीएम प्रशासन एवं नगरीय निकाय के उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन-पत्रों की बिक्री दस से 17 जून तक दिन में 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक विकास भवन से चतुर्थ तल पर स्थित निर्वाचन कार्यालय से होगी। पर्चा दाखिला से लेकर नाम वापसी तक के कार्य कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपर जिलाधिकारी प्रशासन के न्यायालय में होंगे। मतदान और मतगणना कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित जिला रायफल क्लब सभागार में करायी जाएगी।

# दोपहर 12 से शाम तीन बजे तक धूप से बचें

**गर्मी का कहर**

**सनबर्न होने पर घरेलू उपाय के बदले चिकित्सकों की लें सलाह**

**घर से निकलते समय शरीर में रहें भोजन व पानी की पर्याप्त मात्रा**

**जरुरी होने पर बाहर निकलें तो सिर पर गमछा व आंखों पर हो चश्मा**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** आषाढ़ माह में आसमान से पानी के बदले आग का गोला बरस रहा है। गर्मी व तेज धूप लोगों के लिए कहर बन गयी है। तेज धूप में निकलते ही त्वचा जल रही है। ऐसे में चिकित्सकों ने सलाह दी है कि जरुरी ना हो तो मध्याह्न 12 से अपराह्न तीन बजे तक घर से ना निकलें, इसके साथ ही शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा रखें,चिकित्सकों ने कहा है कि सनबर्न की किसी भी स्थिति में घरेलू उपाय के बदले चिकित्सकों की सलाह जरुर लें इसके साथ बच्चों पर विशेष ध्यान दें।

ज्येष्ठ माह में होने वाली गर्मी का सितम अब आषाढ़ माह में भी देखने को मिलने गला है। जिस माह में मानसून की दस्तक का लोगों को इंतजार होता है उस आषाढ़ माह में लचिलचिलाती धूप और यूवी रेडिएशन की वजह से त्वचा में नमी कम होने के चलते त्वचा ड्राई, मुरझाई और बेजान हो रही है।


नीमा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ओपी सिंह

## सनबर्न से लोग अलर्ट

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.ओपी सिंह का कहना है कि दोपहर 12 से तीन बजे तक जरूरी काम न होने पर घर से बाहर न निकलें। लू से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए घरेलू उपाय से ज्यादा चिकित्सकों की सलाह जरुर लें। डॉ.ओपी सिंह का कहना है कि इन दिनों पानी, नीबू पानी, शिकंजी, छाछ का सेवन जरुर करें, शरीर को ढक कर घर से बाहर निकलें, धूप में ज्यादा देर खड़े न रहें, खाली पेट घर से बाहर ना निकलें, धूप से आने के बाद ठंडे पेय पदार्थ का सेवन ना करें, रखा हुआ खाना और ज्यादा देर के कटे हुए फल, सलाद का सेवन ना करें।

## त्वचा के लिए भी हानिकारक है तेज धूप

डॉ.ओपी सिंह का कहना है कि सूरज की किरणों के सीधे प्रभाव में आने से त्वचा में मेलेनिन की मात्रा बढ़ जाती है, जो कि त्वचा की रंगत को प्रभावित करती है। मेलेनिन वास्तव में सूर्य की हानिकारक अल्ट्रा वॉयलेट किरणों से त्वचा की रक्षा करता है, मेलेनिन जब त्वचा के निचले हिस्सों में पैदा होने के बाद इसके ऊपरी बाहरी हिस्सों तक पहुंचता है तो त्वचा की रंगत काली पड़ जाती है।

## अस्पतालों में बढ़ने लगे मरीज

अचानक बढ़ी तपीश से सरकारी और निजी अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सिर दर्द, बुखार और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या अधिक रही। मेडिसिन और बाल रोग की ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज गर्मी से हो रही समस्याओं के आए. चर्म रोग और क्षय एवं वक्ष रोग विभाग की ओपीडी में भी मरीजों की संख्या अधिक रही।

# सफाईकर्मियों का झाड़ू उठाने से इनकार

**नाराजगी**

**दो माह से वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना**

**रामनगर।** आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से तैनात एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारियों ने दो महीने से वेतन न दिये जाने के विरोध में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुबह सफाई के लिए एक जुट हुए कर्मियों ने झाड़ू उठाने से इन्कार करने के साथ ही पालिका परिसर में धरना देना शुरू कर दिया। कर्मचारियों का आरोप था कि सरकारी और संविदा पर काम करने वालों का सैलरी तो टाइम से मिल जाता है, लेकिन हम लोगों का दो महीने से वेतन नहीं मिलने से परिवार चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों ने आउटसोर्सिंग ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब चार घंटे तक चले धरना प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे सफाई इंचार्ज संजय पाल ने मौके पर ठेकेदार से बात की तो ठेकेदार ने दोपहर तीन बजे तक सैलरी लेने का आश्वासन दिया। तब जाकर सफाई कर्मचारी धरना समाप्त कर सुबह दस बजे अपने काम पर लौटे। प्रदर्शन में मनोज, मुरारी, रेखा, रवि, अर्जून, सोमनाथ, संतोष, बजरंगी, समीर, मेराज सहित दर्जनों सफाई कर्मचारी मौजूद थे।



# बिलिंग प्रणाली अपडेशन का कार्य 12 तक


**विद्युत विभाग**

**पूर्वांचल के अधिकांश जिलों में इस दौरान नहीं हो पायेंगे कोई काम**

**ठप रहेंगे बिल संशोधन, बिल भुगतान, नया कनेक्शन आदि कार्य**

**वाराणसी।** विद्युत विभाग के ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली के तकनीकी उच्चीकरण का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है। यह काम 12 जून तक चलेगा। ऐसी दशा में शुक्रवार की रात 10 बजे से 12 जून को प्रातः आठ बजे तक बिलिंग प्रणाली पूरी तरह ठप रहेगी। इसके चलते डिजिटल मोड पर कोई भी काम नहीं हो पाएगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) से जुड़े जिलों के शहरी इलाकों भी इस दौरान बिलिंग प्रणाली प्रभावित रहेगी। इसके तहत वाराणसी, प्रयागराज, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, मीरजापुर, बलिया, बांसी, बरहज, भदोही, बिंदकी, चुनार, देवरिया, फतेहपुर, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, खलीलाबाद, कोपागंज, मऊ मोहम्मदाबाद, मोहम्मदाबाद गोहना, मुबारकपुर, मुगलसराय, ओबरा, पडरौना, प्रतापगढ़, रेनुकूट व रार्बट्सगंज शहर की बिलिंग सिस्टम भी पूरी तरह बंद रहेगी। इसके अलावा आजमगढ़, मऊ, बलिया, बस्ती, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्रामीण बिलिंग सिस्टम काम नहीं करेंगे।

इसके चलते इन तमाम जिलों में बिल बनाने, बिल संशोधन करने, बिल का भुगतान करने, नया कनेक्शन जारी करने, मीटर बदलने, भार बढ़वाने, ऑनलाइन बिल जमा करने आदि कार्य बाधित रहेंगे। जबकि अन्य जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में बिलिंग प्रणाली पूर्व की भांति कार्यरत रहेगी। इस अवधि के दौरान विद्युत संबंधित किसी प्रकार की असुविधा के लिए उपभोक्ता अपने खंड या उपखंड कार्यालय से सम्पर्क कर सकता है अथवा कस्टमर केयर नंबर 1912 मिला सकता है।






# आसमान से बरस रहे आग के गोले

**मौसम का मिजाज**

**झुलसा देने वाली धूप और गर्म हवाओं ने किया जीना मुहाल**

**सूरज की तपिश अगले कुछ दिनों तक कम होने वाली नहीं**

**वाराणसी।** चढ़ते तापमान ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को तो आसमान से आग के गोले बरस रहे थे। राह चलना दुश्वार हो गया था। बदन को कपड़ों से ढकने के बावजूद तपिश के चलते सड़क पर चलना किसी आग में झुलसने के समान रहा। मजबूरी के चलते लोग सड़कों पर निकले, लेकिन जान हथेली पर लेकर। मंडियों और बाजारों में सन्नाटे की स्थिति रही। अलबत्ता शाम ढलने के बाद रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी करने के लिए लोग सड़कों पर नजर आए। शुक्रवार को सुबह से ही पारा चढ़ा नजर आया। सात बजने के बाद तो सूरज की किरणें तीखी होने लगी थी। दिन में तो झुलसा देने वाली धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह से शाम तक तपिश और उमस भरी गर्मी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। लू के थपेड़ों का ही असर रहा कि दिन में सड़कों पर भीड़ कम दिखी। तीखी धूप और गर्म हवा लोगों को झुलसा रही है। फिलहाल सूरज की तपिश अगले कुछ दिनों तक कम होने वाली नहीं है। आगामी दिनों में भी लू चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यह सब हीट वेब का असर है। मौसम का यह हाल अभी कुछ दिन और रहने के आसार है। ऐसे में लोगों को बेहद सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।


इतनी गर्मी में होठों पर हंसी वाकई है साहस का काम













# कई स्थानों पर बनेगा यात्री शेड व शौचालय


लोकार्पण के बाद सामुदायिक शौचालय के बाहर खड़े ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ व अन्य


यात्री शेड के लोकार्पण के दौरान पूजन करते लोग

**बोले आलोक सिंह**

### सभी कार्यों को समयानुसार कराया जायेगा पूर्ण

**बेल्थरारोड।** सीयर ब्लाक के ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उभांव थाना परिसर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूर्ण करवा कर उसका मेरे द्वारा लोकार्पण किया गया है। मुझे खुशी है कि उभांव थाना के पुलिसकर्मी, फरियादी व आम जनता में महिला-पुरुष इस शौचालय का उपयोग अपने तरीके से कर सकेंगें। इसका अभाव पुलिस कर्मियों के बीच खटक रहा था। थाना प्रभारी द्वारा संज्ञान में दिये जाने के बाद इस सामुदायिक शौचालय का निर्माण ब्लाक की ओर से कराया गया है।

उन्होंने कहा कि सीयर ब्लाक में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं मेरी माता श्रीमती शिव कुमारी सिंह के हाथों ग्राम मुजौना के सामने यात्री शेड का फीता काट कर लोकार्पण कराया गया। इस यात्री शेड के सटे शुद्ध पेयजल के लिए इण्डिया मार्का हैण्डपम्प भी जनहित में स्थापित कराया गया है। इस यात्री शेड का उपयोग मूलतः बच्चों के स्कूल आने-जाने, यात्रियों के प्राईवेट वाहनों की इंतजारी के लिए उपयोग हो सकेगा। इसके अलावे आस-पास के ग्रामीण भी समय पाकर इसका लाभ उठा सकेंगें। उन्होंने कहा कि अभी कई स्थानों पर यात्री शेड तथा सामुदायिक शौचालय बनाया जाना प्रस्तावित है। उसे भी समयानुसार पूर्ण कराया जायेगा। इस मौके पर उभांव थाने के उनि दिनेश चन्द कौशिक, विनय कुमार सिंह, दीपक सिंह, ध्रुप सिंह, राजीव सिंह टिल्लू, सान्तनू, आयूष, अभिषेक सिंह, आनन्द सिंह छोटू, मु. दानिस फिरोज, ताबीस भाई, अम्बुज सिंह, सोनू सिंह, चन्दन आदि मौजूद रहे।

### यात्री शेड व सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण

**बेल्थरारोड।** पन्द्रहवां/राज्य वित योजना 2021-22 के तहत 5.66 लाख से ग्राम तुर्तीपार के मुजौना में निर्मित यात्री शेड तथा पन्द्रहवां/पंचम राज्य वित वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत 14.5 लाख की लागत से उभांव थाना परिसर में निर्मित सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। यात्री शेड तथा सामुदायिक शौचालय को लोकार्पण के मौके पर फूल मालाओं से विधिवत सजाया गया था। पंडित चन्दन पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चार कर कार्यक्रम को सफल बनाने में रोचकता प्रदान किया। बीडीओ मधुछन्दा सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।

### विभिन्न विकास कार्यों के लिये किया भूमि पूजन

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। सभासद लालबहादुर यादव के नेतृत्व में वार्ड नम्बर 10 के पंचफेड़वा में पोखरे के सुन्दरीकरण हेतु 60 लाख तथा सड़क हेतु पेवर्स ब्लाक में वार्ड नम्बर एक के मनिकही में सभासद प्रतिनिधि राहुल राव के नेतृत्व में 23 लाख एवं वार्ड नम्बर चार के कोटवारीपुर में सभासद लालबहादुर सिंह के नेतृत्व में सात लाख की लागत से होने वाले विकास कार्य का शिलान्यास गया। जनहित में तीन कार्यों के पूर्व के प्रस्तावित कार्य का शुभारम्भ हेतु शिलापूजन का कार्य चेयरमैन प्रतिनिधि उमाशंकर राम ने किया। कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस मौके पर पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश, देवनारायण प्रजापति देवा भाई, डा. संजय सिंह, गोपीचंद सैनी, सुशील कुमार, अमरेन्द्र सोनी, पप्पू कुरैशी, रामदरश यादव क्रान्ति, प्रेम प्रकाश चौधरी, गणपति मुन्ना, संतोष पाण्डेय, गिरीश गोंड, खुदी पठान, चुन्नू आलम, प्रभुनाथ सिंह, मुनेश्वर राम, कुन्ज बिहारी, कृष्ण कुशवाहा, भूपेन्द्र सिंह, रियाजुद्दीन आदि मौजूद रहे।


नगरा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन करते अध्यक्ष प्रतिनिधि उमाशंकर राम

## संक्षेप

### वन स्टॉप शॉप से किसानों को मिलेंगी सुविधाएं

**बलिया।** जिले में वर्ष 2023-24 में 46 एग्री जंक्शन के भौतिक लक्ष्य आवटिंत किये गये हैं। वन स्टाप शाप किसानों के लिये एग्री जंक्शन के रूप में कार्य करेगा, जिसके अन्तर्गत कृषकों को विभिन्न सुविधायें प्राप्त होगी। उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माईक्रोन्यूट्रिएन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक तथा जैव कीटनाशकों सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति, प्रसार सेवाएं तथा कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर संस्तुत उर्वरक एवं खाद की संतुलित मात्रा के बारे में किसानों को मार्ग-दर्शन देना, लघु कृषि यंत्रों को किराये पर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था, नवीन तकनीकी की जानकारी, विभिन्न कृषि योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के सम्बन्ध में परामर्शी सेवाएं दिये जाने एवं प्रचार हेतु एग्रीजक्शन केन्द्रों पर एलसीडी/एवी एआईडीएस के लगाये जाने की व्यवस्था। उप कृषि निदेशक इंद्राज ने बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी जनपद का निवासी होना चाहिए। चयनित आवेदकों को व्यवसाय के निमित्त 13 दिवसीय प्रशिक्षण का प्राविधान है। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में उप कृषि निदेशक के कार्यालय से प्रार्थना पत्र का प्रारूप प्राप्त कर समस्त अभिलेखों की मूल एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रति 19 जून तक स्वयं उपस्थित होकर अपरान्ह 05 बजे तक जमा कर सकते है।

### बैठक आज

**बलिया।** उत्तर प्रदेशीय प्रजापति महासभा एवं प्रजापति विकास समिति की संयुक्त बैठक 10 जून, शनिवार को तहसील परिसर में आहूत की गई है। यह जानकारी रामप्रवेश प्रजापति ने देते हुए पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में शामिल होने का आह्वान किया है।

### जागरूकता सृजन कार्यक्रम संपन्न

**बलिया।** जन शिक्षण संस्थान बलिया द्वारा जन भागीदारी कार्यक्रम के क्रम में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के निर्देशन में शुक्रवार को उद्यमिमता पर जागरूकता सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ता राणाप्रताप सिंह ने कुटीर उद्योग को जीविका के क्षेत्र में आश्चर्यजनक रूप से विकास का माध्यम बताया। संस्थान के निदेशक ब्रह्मराम सिंह ने कपड़ों की नक्काशी एवं डिजाइन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुष्पराज सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, राजाबाबू, जितेन्द्र सिंह, सुप्रिया पांडेय, शबाना परवीन, देवानंद यादव आदि मौजूद रहे।

### डीएम को सौंपा पत्रक

**बलिया।** अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त जिला सचिव तेजनारायण ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए खरीदी गई जमीन का मूल्य किसानों को तत्काल प्राप्त कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। कहा कि अधिकांश किसानों को जमीन का मूल्य अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि जमीन की बिक्री छह माह पहले हो चुकी है।

### बैठक संपन्न

**बांसडीह।** उत्तर प्रदेश प्रजापति महासभा की स्थानीय ब्लाक के कार्यकर्ताओं की बैठक तहसील अध्यक्ष अमित प्रजापति के निवास स्थान पर हुई। इसमें 10 जून को सदर तहसील पर होने वाले बैठक के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने नगरा थाना क्षेत्र में हुई घटना में पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करने पर सवाल उठाए गये। वही, इस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की रणनीति भी तैयार की गई। इस अवसर पर शिव शंकर प्रजापति, श्यमदेव प्रजापति, चंदशेखर, जगरनाथ, लोकनाथ, कन्हैया, प्रमोद, केदार, दशरथ आदि उपस्थित रहे।

### अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बैरिया।** बोरी में भरकर साइकिल से 50 पीस 8पीएम फ्रूटी अंग्रेजी शराब लेकर बिहार जा रहे रानीगंज बाजार निवासी सवाली सोनी पुत्र रामबरन प्रसाद को शुक्रवार को कोटवां मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। वह डुमाईगढ़ घाट के रास्ते बिहार जाने के लिए घर से निकला था। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक काफी दिनों से शराब की तस्करी में संलिप्त था। उसके पीछे मुखबीर लगाया गया था। शुक्रवार को उसे रंगेहाथ पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवक को मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया।

# दृढ़ संकल्प हो तो मिलेगी सफलता

**बोले पं. घनश्याम मिश्र**

### ध्रुव को रोकने के लिए महर्षि नारद ने किया बहुत प्रयास

**मझौवां।** अगर दृढ़ संकल्प हो तो मनुष्य जीवन में कुछ भी प्राप्त कर सकता है। चाहे किसी भी क्षेत्र का कोई भी कार्य हो, संकल्प होना चाहिए। अगर दृढ़ संकल्प तो भले ही देर होगा, लेकिन वह मनुष्य हासिल तो कर ही लेगा।

उक्त बातें राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के दयाछपरा ढाला पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को प्रवचन के क्रम में पंडित घनश्याम मिश्रा ने व्यक्त किया। कहा कि बालक ध्रुव को किसी प्रकार का सांसारिक ज्ञान नही था। उसने संकल्प करके घर से बाहर निकल कर भगवत प्राप्ति कर लिए। उन्हें रोकने के लिए महर्षि नारद ने बहुत उपाय किया। अंततः जब ध्रुव जी नहीं माने तो महर्षि नारद ने द्वादशाक्षर मंत्र बालक ध्रुव को देकर ईश्वर की कृपा मानते हुए जाने दिया, जो कालांतर में जाकर भगवत प्राप्ति कर 32 हजार वर्ष तक राज्य करने के बाद मृत्यु के सिर पर पैर रखकर ध्रुव लोक को गए। काशी से पधारे पण्डित मृत्युंजय शुक्ल, सत्यम शुक्ल, आशीष पाण्डेय ने गीत-संगीत के माध्यम से कथा की रोचकता बनाए रखा। इस मौके पर डा. दिलिप बर्मा, अक्षयवर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।


श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान पूजन करते लोग

# बैंक प्रबंधक की तहरीर पर दो कर्मियों पर केस

**कार्रवाई**

### न्यायालय के आदेश पर रसड़ा पुलिस ने की कार्रवाई

**बलिया।** रसड़ा कोतवाली पुलिस ने भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिडेड शाखा रसड़ा के प्रबन्धक की तहरीर पर दो फील्ड स्टाफ के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई न्यायालय एसीजेएम प्रथम बलिया के आदेश पर की है।

भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिडेड शाखा रसड़ा के प्रबंधक बलराज कुमार सिंह पुत्र विक्रमादित्य सिंह निवासी शिवपुर दियर नम्बरी, ग्राम गरीबा राय का डेरा, बलिया ने न्यायालय में वाद दाखिल किया कि भारत फाइनेंशियल इन्क्लुजन लिमिटेड इण्डसइण्ड बैंक 100 प्रतिशत सब्सिडी है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सदस्यों का समूह बनाकर उन्हें स्वरोजगार के लिए उनके बैंक खातों के माध्यम से ऋण प्रदान करती है। इसकी शाखा ग्राम छितौनी में स्थित है। शाखा में देवेन्द्र कुमार पुत्र अलगू राम निवासी कानपुर जमनिया, जनपद गाजीपुर तथा आकाश कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी परजीपाह, कासिमाबाद, महुआरी, गाजीपुर फील्ड स्टाफ के पद पर कार्यरत थे, जो ग्रामीण क्षेत्र में मीटिंग के माध्यम से साप्ताहिक कलेक्शन का कार्य करते थे। विगत तीन माह के अन्तराल में देवेन्द्र कुमार ने 750392 रुपये तथा आकाश कुमार ने 368714 रुपये का महिला सस्दयों में वितरित लोन का अग्रिम भुगतान करा लिया। आरोप है कि उक्त धनराशि को आफिस में न जमा कर इसे साप्ताहिक किस्त के रूप में देने लगे। इन सेक्टरों पर सब शाखा प्रबन्धक एवं आडिट की विजिट हुई तो इन तथ्यों का पता चला। इस अग्रिम भुगतान के बावत देवेन्द्र और आकाश ने पूछने पर स्वीकार किया तथा पैसा लौटाने के लिए बोला। फिर पैसा लेने के लिए अपने घर गये। दो-तीन दिन बाद जब उनसे पूछा गया तो बोले कि अभी नहीं है, बाद में देंगे। आरोप है कि दोनों लोगों की नियति पैसा हड़पने की है। थानाध्यक्ष हिमेंद्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीत किया गया है।

# संगठन की मजबूती के लिए करें काम

**बोले हरिशचंद्र गौतम**

### बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं स्वागत समारोह संपन्न

**बलिया।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में शुक्रवार को अंबेडकर संस्थान में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार पांडेय का पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

मुख्य अतिथि जोन इंचार्ज आजमगढ़ हरिशचंद्र गौतम ने नई जिम्मेदारी मिलने पर उपेन्द्र पांडेय को बधाई दी और लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। कहा कि वोट हमारा-राज तुम्हारा नहीं, अब नहीं चलेगा। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांव-गांव में जाकर संगठन को मजबूत करने के लिए काम करें। जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार पांडेय न कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने हमें बड़ी जिम्मेदारी दी है। इसका पूरी ईमानदारी एवं ऊर्जा के साथ निर्वहन किया जायेगा। पार्टी की नीतियों पर चलते हुए सर्वसमाज को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। कार्यकर्ताओं पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने दी जायेगी। इस अवसर पर चेतई राम, ओमकार शास्त्री, संतोष रामम, सोहिल वर्मा, हीरालाल कौशल, शनि कुमार, अवधेश पांडेय, रामनाथ सिंह, मनोज सिंह, रणजीत सिंह, राकेश, मारकण्डेय पांडेय, पप्पू तिवारी, विनोद दूबे, गुड्डू मलिक, निषिध श्रीवास्तव, अजय कुमार, महफूज आलम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ओमप्रकाश भारती तथा संचालन शैलेन्द्र महाराज ने किया।

# बरसात में अंत्येष्टि करना होगा मुश्किल

**समस्या**

### 22 अंत्येष्टि स्थलों में से ज्यादातर दुर्दशा के शिकार

**बलिया।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए दूर के घाटों तक न जाना पड़े, इसलिए सरकार ने मुक्तिधाम नाम से करीब 40 गांवों में अंत्येष्टि स्थल बनवाया है। कुछ जगहों पर गांव के लोग कब्जा कर उसे निजी प्रयोग में ला रहे हैं। बारिश के दिनों में घाटों के हालात खराब होंगे तो यहां अंत्येष्टि करना भी मुश्किल होगा। जिले के ज्यादातर लोग गंगा घाट पर अंत्येष्टि करने के लिए पहुंचते हैं। वहीं, बांसडीह तहसील के लोग घाघरा नदी के घाटों पर पहुंचते हैं।

लोगों को परेशानी न हो, इसको लेकर सरकार ने वर्ष 2014-15 में मोक्षधाम योजना चालू की थी। इस योजना के तहत लोगों की सुविधाओं को देखते हुए बड़ी पंचायतों में जगह के अनुसार अंत्येष्टि स्थल बनाए गए। यहां पर शव जलाने, लोगों के बैठने के साथ ही छाया के लिए शेड, पक्के चबूतरे व पानी आदि की व्यवस्था की गई। मगर जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। सुखपुरा में बने मुक्तिधाम में अभी तक एक भी शव नहीं जलाया गया। करीब तेरह लाख से बने इस मुक्तिधाम पर जाने का कोई रास्ता भी नहीं बना हैं। जिले के 22 अंत्येष्टि स्थलों में से ज्यादातर दुर्दशा के शिकार हैं। कहीं हैंडपंप खराब हो गए हैं तो कहीं शेड टूट गए हैं। जो बचे हैं, उनमें से कई पर अवैध कब्जे हैं। बारिश में गंगा व घाघरा घाट तक पानी पहुंचेगा तो इन स्थलों की जरूरत महसूस होगी। यही हालात रहे तो लोग यहां आने से भी कतराएंगे।

### मुक्तिधाम पर जाने वाली सड़क जर्जर

**बलिया।** नगर पंचायत बांसडीह के वार्ड नंबर 15 में वर्ष 2016-17 में 15 लाख 88 हजार की पहली किश्त से मुक्ति धाम का निर्माण कराया गया। यहां न ही पीने के लिए पेयजल की व्यवस्था है और न ही बिजली की व्यवस्था। शासन द्वारा मुक्ति धाम में शौचालय, पानी व बिजली की भी व्यवस्था करना अनिवार्य किया गया है, जो धरातल पर नहीं दिखाई दे रहा है। मुक्तिधाम पर जाने वाली सड़क भी जर्जर हैं।

### शवदाह गृह का नहीं हो रहा उपयोग

**बलिया।** भरौली में गंगा नदी पर वीर कुंवर सिंह सेतु के नीचे दाहिने तरफ शवदाह गृह बनाया गया, जिसका कोई उपयोग नहीं है। इलाके के अधिकांश लोग शव के अंतिम संस्कार के लिए भरौली गंगा तट पर ही जाते हैं, जहां लोगों को बैठने तथा पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। गर्मी के दिनों में लोग धूप में ही घाटों पर बैठे रहते हैं। दोहरीघाट पर बने मुक्तिधाम की तर्ज पर भरौली गंगा तट पर भी शवदाह बनाने की पहल शुरू हुई, लेकिन भूमि के अभाव में यह पूरा नहीं हुआ।

### अंत्येष्टि स्थल पर सुविधाएं नहीं

**बलिया।** सरयू नदी के तट पर अंत्येष्टि स्थल बनाए गए हैं, लेकिन माकूल सुविधाएं नहीं हैं। गुलौरा मठिया स्थित अंत्येष्टि स्थल पर जाने के लिए मार्ग का निर्माण कराया गया, लेकिन प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं है। तुर्तीपार के अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचने वाला मार्ग जर्जर हो गया है, लेकिन लाइट की व्यवस्था नहीं है।

### बदहाल पड़ा अंत्येष्टि स्थल

**बलिया।** रतसर के मरियम सेवाश्रम के पूरब रतसर-भटवलिया मार्ग पर दशक पूर्व विधायक निधि से बना अंत्येष्टि स्थल बदहाल है। यहां अंत्येष्टि के लिए आने वाले लोगों को ठहराव देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। पानी के लिए लगा सरकारी नल भी खराब हालत में है।

### अब तक नहीं बना अंत्येष्टि स्थल

**बलिया।** पंदह ब्लाक अंतर्गत एकइल गांव में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण अब तक नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान संजना सिंह की माने तो कार्य योजना शासन को भेजी गई थी, लेकिन कोई पहल नहीं हुई। आज भी खुले में ही शवों को जलाया जाता है। वहीं, एकईल गांव निवासी बृजेश सिंह का कहना है कि अगर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण हो जाता है तो काफी सहूलियत होगी। वही, राज मोहन सिंह का कहना है कि गर्मी के दिनों में या बरसात के दिनों में शवदाह को लेकर बड़ी समस्या होती है।

### शवदाह गृह में उगे घास फूस

**बलिया।** वित्तीय वर्ष 2014-15 में विकास खंड मुरली छपरा की ग्राम पंचायत चांददियर के सरयू नदी के तट पर निर्मित शवदाह गृह में घास फूस उग आए हैं। आज तक एक भी शव की अंत्येष्टि यहां नहीं हुई। इसका उद्घाटन तत्कालीन विधायक जयप्रकाश अंचल ने 25 मई 2015 को किया था।

> जिले में छह नए अंत्येष्टि स्थल बनाए जाने हैं। इसके तहत चार का निर्माण आरंभ हो चुका है। दो अन्य का निर्माण शुरू होना है। एक अंत्येष्टि स्थल के लिए 23.46 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। सभी में तेजी से काम कराया जा रहा है। अंत्येष्टि स्थलों का निरीक्षण कर हकीकत परखी जाएगी। खामियों को दूर किया जाएगा। यदि कहीं पर अवैध कब्जा मिलता हैं तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **यतेन्द्र सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी**

# बिरसा मुंडा के संघर्षों से लें प्रेरणा


चंद्रशेखर उद्यान में बिरसा मुंडा के चित्र के सामने नारे लगाते गोंगपा कार्यकर्ता

**बोले लल्लन प्रसाद गोंड**

### चंद्रशेखर उद्यान में शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**बलिया।** महान आदिवासी क्रांतिकारी उलगुलान के जनक धरती आबा विरसा मुण्डा के 124वें शहादत दिवस पर कलेक्ट्रट स्थित चन्द्रशेखर उद्यान में उनके चित्र पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। तत्पश्चात बिरसा मुंडा अमर रहे, उलगुलान जिन्दाबाद के जोरदार नारे लगाये गये।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लल्लन प्रसाद गोंड ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने प्रकृति व संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए धरती आबा बिरसा मुण्डा के संघर्ष से प्रेरणा लेकर संगठित एकजुट संघर्ष छेड़ने की आवश्यकता है। रामनिवास गोंड ने छात्र नौजवानों के जाति प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक जारी हो, इसके संघर्ष में पूर्ण रूप से सहयोग करने का भरोसा दिया। कहा कि भारत के राजपत्र, संविधान व शासनादेश तथा जिलाधिकारी के आदेश/निर्देश के बावजूद भी तहसीलदार व लेखपाल द्वारा गोंड अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक जारी नहीं किया जा रहा है। अनावश्यक रूप से परेशान व उत्पीड़न किया जा रहा है। जाति प्रमाण पत्र के अभाव में गोंड छात्र अगली कक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति व नौकरी हेतु विभिन्न प्रतियोगी के फार्म भरने से वंचित हो जा रहे है। मनोज शाह ने कहा कि बिरसा मुण्डा के संघर्षो से प्रेरणा लेकर गोंड जाति प्रमाण पत्र के लिए सड़क पर संघर्ष करने के साथ-साथ उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया जायेगा। इस अवसर पर जिउत जी गोंड, ओमप्रकाश गोंड, दीपक गोंड, संजय गोंड, सुचित गोंड, सुरेश शाह, कपिल मुनि गोंड, सुदेश शाह, विश्वेश्वर गोंड, सोनू गोंड, कृष्णा गोंड, प्रमोद गोंड, गुड्डू गोंड, भूवनेश्वर गोंड, शिवसागर गोंड, महेन्द्र गोंड, रूद्र गोंड, बेचू गोंड, अरविन्द गोंडवाना आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुमेर गोंड तथा संचालन उमेश गोंड ने किया।

### बिरसा मुंडा के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बांसडीह।** भारतीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने भाजपा जिला कार्यालय हनुमानगंज पर भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश मंत्री तारकेश्वर गोंड, दिलीप, अखिलेश गोंड, अखिलेश खरवार, सुनील गोंड, दीपक गोंड, राजीव गोंड, अजय, अनिल आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता मुनजी गोंड तथा संचालन श्रवण कुमार ने किया।


बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग

# जनपद में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर संपन्न

**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार के कुशल मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन वन स्टाप सेन्टर, जिला चिकित्सालय में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव सुरेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया।

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव सुरेंद्र प्रसाद ने उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि यदि उनके साथ घर में किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या प्रताड़ना होती है तो वह बिना किसी डर के अपनी समस्या हम तक पहुंचाएं। लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम-2012 की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अधिनियम बच्चों के प्रति होने वाले लैंगिक उत्पीड़न, लैंगिक शोषण एवं पोर्नोग्राफी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बनाया गया है। यह एक्ट भारत के सभी नागरिकों पर लागू हैं। जिला प्रोवेशन अधिकारी मो. मुमताज ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती पूजा ने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी विनोद सिंह, जिला समन्वयक निकिता सिंह, जिला समन्वयक पूनम राजभर, वन स्टाप सेंटर के मैनेजर प्रिया सिंह आदि मौजूद रहे।



विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उपस्थित न्यायिक अधिकारी व अन्य

# गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत

हादसा

## अपने मित्र के साथ नदी में कर रहा था स्नान



घटना की सूचना पर जुटी भीड़

**लालगंज।** दोकटी थाना क्षेत्र के शिवपुर घाट पर बिहार साइड में 24 वर्षीय युवक के डूबने की सूचना पर पहुंचे लालगंज चौकी प्रभारी ने उसे जाल के माध्यम से बाहर निकलवाया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार उमेश सरोहा (24) पुत्र संजय सरोहा निवासी श्याम कालोनी सिहार बाईपास थाना व जिला रोहतक, हरियाणा अपने मित्र प्रेमचंद यादव पुत्र लक्ष्मण यादव निवासी देवासकुंडी, थाना शाहपुर, जिला भोजपुर, बिहार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आया था।

प्रेमचंद अपने मित्र के साथ शुक्रवार को करीब दस बजे गंगा जी को निमंत्रित करने के लिए गंगा घाट शिवपुर के बिहार साइड पहुंचा। गंगा जी को निमंत्रण देने के बाद दोनो निर्माणाधीन पुल के खंभे के पास स्नान करने लगे। इसी दौरान रोहतक निवासी उमेश गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते गंगा में समा गया। सूचना पर लालगंज चौकी प्रभारी परमानन्द त्रिपाठी सदल-बल मौके पर पहुंचे और स्थानीय नाविकों के माध्यम से जाल लगवाकर शव को बाहर निकाला। शव मिलने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# बाइक के धक्के से बस चालक घायल

घटना

## बलिया-रसड़ा मार्ग पर रेखहां गांव के पास हुई घटना

**बलिया।** रसड़ा-बलिया मार्ग पर रेखहां गांव के पास शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से रोडवेज बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बस के कंडक्टर ने घायल चालक को सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


जानकारी के अनुसार कैंट डिपो की रोडवेज बस सवारी लेकर मऊ से रसड़ा होते हुए बलिया जा रही थी। अभी बस रसड़ा से लगभग चार किमी आगे रेखहां गांव के पास पहुंची थी कि परिवहन विभाग के चेकिंग दल के किसी अधिकारी ने बस चेक करने के लिए रोकवाया।

इस दौरान चालक ने बस को साइड में खड़ा कर दिया। संबंधित चेकिंग अधिकारी बस में चढ़कर सवारियों की गिनती करने के बाद नीचे उतरकर कंडक्टर विक्रम सिंह राजपूत से टिकट मशीन लेकर चेक कर रहे थे। इसी बीच बस चालक चंदौली जनपद के धीना थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी रामनारायण राय (55) गेट खोल कर बस से नीचे उतरने लगे, तभी रसड़ा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनको टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। कंडक्टर ने घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों समेत चालक के परिजनों को दी।

# ब्राह्मण एकता महासंघ के जिलाध्यक्ष बने मारकण्डेय

गांव में खुशी

## गांव पहुंचने पर फूल-मालाओं से लोगों ने किया स्वागत



मारकण्डेय पांडेय

**रतसर।** भारत सरकार से मान्यता प्राप्त विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ ने मारकण्डेय पाण्डेय को जिलाध्यक्ष बनाया है। इसकी जानकारी महासंघ ने प्रेस नोट जारी कर दी है। श्री पांडेय को प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र प्रसाद द्विवेदी की सहमति से जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

संस्था से जारी नियुक्ति के अनुसार श्री पाण्डेय सामाजिक गतिविधियों के अलावा जनपद में अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते रहे है। उनकी सक्रियता से प्रभावित होकर ही उन्हें यह दायित्व दिया गया है। अलग-अलग मंच से भी उन्होंने समाज की आवाज को हमेशा बुलन्द किया है। जनपद बलिया में संगठन की जिम्मेदारी लेने के साथ ही संगठन को पूरा विश्वास है कि श्री पाण्डेय अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ऊर्जा के साथ निर्वहन करेंगे। महासंघ के जिलाध्यक्ष चुने जाने पर शुक्रवार को श्री पांडेय के उनके गांव जनऊपुर में पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि संगठन नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता से काम करेंगे। जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने के लिए उन्होंने संगठन नेतृत्व और वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्रेम नारायन पाण्डेय, इंजी. तारकेश्वर पाण्डेय, पूर्व प्रधान राजेश पाण्डेय, मदन मोहन पाण्डेय, ओम प्रकाश पाण्डेय, एड. दिलीप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# 47 छात्रों में वितरित किया टैबलेट

**चितबडागांव।** मंजू मेमोरियल आईटीआई कालेज पिपरा खुर्द, चितबडागांव में शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष एवं कालेज के प्रबन्धक अमरजीत सिंह ने 47 छात्रों में टैबलेट वितरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य सूर्य प्रकाश तिवारी, आशुतोष श्रीवास्तव सहित कालेज के सभी स्टाफ उपस्थित रहे। टैबलेट प्राप्त करने वाले छात्रों में अमन चौरसिया, अंकित सिंह, आशीष कुमार ठाकुर, सुरज कुमार शर्मा, चन्द्र प्रकाश उपाध्याय, गौतम राजभर, इंदल यादव, मनीष मिश्रा, पंकज वर्मा, विजय वर्मा, राशिद अंसारी इत्यादि शामिल रहे।



छात्र को टैबलेट देते चेयरमैन अमरजीत सिंह

# कांग्रेसियों ने फूंका उत्तराखंड के पूर्व सीएम का पुतला



रोडवेज तिराहा पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते कांग्रेसी

घोर निन्दा

## गोडसे का महिमा मंडन करने पर दी मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी

**बलिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष उमाशंकर पाठक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा गोडसे के महिमा मंडन के खिलाफ रोडवेज तिराहा पर पुतला दहन किया। उमाशंकर पाठक ने कहा कि बलिया की भूमि पर आकर गोडसे को महिमा मंडित करना उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के मानसिक दिवालियापन की निशानी है।

कहा कि यह देश गांधी की विचारधारा पर चलने वाला देश है। आरएसएस की विचारधारा शुरू से ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों के खिलाफ रही है। अब उसके अनुयाई अपने कार्यों को न बताकर गोडसे का गुणगान करते हुए उनके विचारधारा का समर्थन कर रहे हैं। यह केंद्र सरकार की असफलता का प्रमुख परिचायक है। इसकी हम घोर निंदा करते हैं। कहा कि जल्द ही जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों के साथ उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया जायेगा। इस अवसर पर ओमप्रकाश तिवारी, जैनेन्द्र कुमार पांडेय मिंटू, सत्य प्रकाश उपाध्याय मुन्ना, विजय मिश्रा, सन्तोष चौबे, हीराराम, मणी नाथ तिवारी, ओमप्रकाश सिंह, शंकर शरण, विवेक ओझा, अंजनी लाल चौबे, अनुभव तिवारी गोलु, नन्हे मिश्रा, राहुल चौबे, राजेंद्र पटेल, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, केदारनाथ चौबे आदि उपस्थित रहे।

# कर करेक्तर सहित राजस्व वसूली कार्यों की एडीएम ने की मासिक समीक्षा बैठक

बैठक

## कृषक बीमा दुर्घटना में लापरवाही पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये

## 10 बड़े बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश



अधिकारियों संग मासिक समीक्षा बैठक करते एडीएम।

**मऊ।** अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कर करेक्तर राजस्व की वसूली तथा अन्य राजस्व कार्यो की जनपदीय मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान व्यापार कर 71.98, स्टांप रजिस्ट्रेशन 90.44, परिवहन कर 90.23, आबकारी 90.68, वन 10.92, खनन 74.68, भू-राजस्व 26.40, विद्युत 48.15, बैंक 102.71, चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य 62.67, सड़क तथा पुल 19.74, नगर विकास विभाग स्थानीय निकाय 93.05 इस तरह कुल माह मई का 65.40 प्रतिशत वसूली रही, जो लक्ष्य के अनुसार कम वसूली पर अपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

इस दौरान तहसीलवार समीक्षा में तहसील घोसी की सबसे खराब प्रगति होने पर कड़ा निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत वसूली कराएं जिससे मासिक लक्ष्य ठीक हो सके। उन्होंने 10 बड़े बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वादों के निस्तारण में लंबित प्रकरणों का संज्ञान माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जा रहा है इसलिए किसी भी प्रकार के वादों के निस्तारण में लापरवाही न करने के निर्देश दिए। सदर लेखपाल द्वारा लापरवाही करने पर अपर जिलाधिकारी ने आरोप पत्र देने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने स्तर से कानूनगो एवं लेखपालों को लगाकर अभियान स्वरूप सीमांकन करा ले। जिससे किसान को तहसीलों का चक्कर काटना न पड़े।

कृषक बीमा दुर्घटना के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कृषक बीमा का लाभ किसानों को समय सीमा के अंतर्गत भुगतान कर दे किसी भी दशा में इस प्रकरण की फाइल लंबित न होने पाये अन्यथा संबंधित लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए वहीं अवैध खनन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान स्टांप, परिवहन, आबकारी एवं एल.डी.एम के अनुपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त की गई।

बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लाडपुर में हुई योग प्रतियोगिता

कार्यक्रम

## योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है-राजेश गोस्वामी

**मऊ।** जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम की श्रृंखला में शुक्रवार को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के तहत जन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लाडपुर में योगा प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी जानकारी जन शिक्षण संस्थान की निदेशक हेमप्रभा सिंह ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दिया। बताया कि लाडपुर में आयोजित योगा कंपटीशन कार्यक्रम को भारत स्वाभिमान के कोषाध्यक्ष राजेश गोस्वामी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है।

योग अभ्यास से शरीर मन विचार एवं कर्म आत्म संयम एवं पूर्णता की एकात्मता और मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य प्रदान करता है। योग केवल व्यायाम नहीं है बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्त्व खोजने का भाव है। इस दौरान जन शिक्षण संस्थान की निदेशक हेमप्रभा सिंह ने कहा कि योग से शारीरिक मानसिक नैतिक आध्यात्मिक व सामाजिक विकास होता है योग जीवन जीने की एक कला है।



लाडपुर में योगा कराते भारत स्वाभिमान के कोषाध्यक्ष राजेश गोस्वामी।

# चलती ट्रेन में महिला ने दिया नवजात को जन्म

## मंडल चिकित्साधिकारी व आरपीएफ ने सदर अस्पताल में कराया भर्ती



मऊ जंक्शन पर प्रसव के पश्चात एम्बूलेंस से महिला को ले जाते।

**मऊ।** ट्रेन नंबर 12165 (रत्नागिरी एक्स) के कोच संख्या एस-9 में कल्याण से मऊ तक की यात्रा कर रही महिला ने शुक्रवार को नवजात शिशु को जन्म दिया। जिसे स्थानीय जंक्शन पर मंडल चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में ट्रेन से उतार कर एम्बुलेंस के जरिये आगे की चिकित्सा हेतु सदर अस्पातल में भेजा गया। इसकी जानकारी स्थनीय आरपीएफ प्रभारी द्वारा दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार रत्नागिरी एक्स 12165 से कल्याण से मऊ आ रही मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बरडीहा निवासी वीर बहादुर की पत्नी रिंकू देवी को यात्रा के दौरान शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने लगी। अभी ट्रेन स्थानीय जंक्शन से से दूरी पर थी कि मंडल चिकित्सा अधिकारी पुनीत राव को इसकी जानकारी प्राप्त हुई। जिसके पश्चात उन्होंने आरपीएफ उप निरीक्षक इंद्रजीत यादव, हेड कांस्टेबल रेखा राय, हेड कांस्टेबल दिनेश प्रसाद द्विवेदी व अन्य स्टाफ के साथ सुबह 9.50 बजे मऊ स्टेशन पर आगमन पर अटेंड किया गया। इस बीच महिला ने मऊ और पिपरिडीह के मध्य ही एक पुत्र को जन्म दे दिया। जंक्शन पर उक्त महिला व नवजात शिशु को डॉक्टर द्वारा चेक किया गया तो,सब कुछ सामान्य रहा। टीम ने उसे एंबुलेंस की व्यवस्था कर यात्रा कर रहे परिजनों के साथ प्रसव पश्चात चिकित्सा सुविधा हेतु सदर हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का डीआईओएस कार्यालय पर धरना 21 जून से

आक्रोश

## 4 सूत्री ज्ञापन संघ के पदाधिकारियों ने डीआईओएस को सौंपा

**मऊ।** माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडे गुट), की जनपद शाखा ने विभिन्न समस्याओं को लेकर 21 जून से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना देंगे। इसकी जानकारी शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने दी।

श्री सिंह ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर कई माह से आश्वासन देते आ रहे हैं लेकिन उसका निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसके चलते माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी काफी आक्रोशित हैं। इसी संबंध में शुक्रवार को निर्णय लिया गया 21 जून से माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं उत्पीड़ित शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर 10 बजे से धरना पर बैठेंगे।

संघ के जिला कोषाध्यक्ष मुस्ताक अली मंसूरी ने कहा कि जनपद के कई शिक्षण संस्थाओं में सेवानिवृत्त शिक्षकों के पत्रावली नहीं भेजी जा रही है। आयोग से चयनित शिक्षकों के अवशेष 2021 में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात भी लंबित पड़ा हुआ है। जिला मंत्री विनीत प्रताप राय राय ने कहा कि जनपद के शिक्षकों शिक्षकों का 2009 से अवशेष लंबित है एवं सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाचार्य अमरनाथ मिश्र की पत्रावली प्रबंधक प्रधानाचार्य द्वारा जानबूझकर नहीं भेजी जा रही है।



कार्यालय में डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह।

### शिक्षक का उत्पीड़न हो रहा है

जिला विद्यालय निरीक्षक को सौपे गये 4 सूत्री ज्ञापन के पश्चात निर्णय लिया गया उपरोक्त समस्याओं का समाधान 20 जून तक नहीं दिया जाता है तो 21 जून से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने हेतु बाध्य होंगे। इस अवसर पर शिक्षक नेता अमरनाथ मिश्रा, राजेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार गिरी, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, आय व्यय निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह, उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक में सभासदों ने अपने वार्डो की सौंपी सूची



नवगठित बोर्ड के सभासदों संग बैठक करते चेयरमैन विनय जायसवाल।

**दोहरीघाट (मऊ)।** नगर पंचायत दोहरीघाट की पहली बोर्ड की बैठक में चेयरमैन विनय जायसवाल व अधिशासी अधिकारी नौशाद आलम के नेतृत्व में शुक्रवार को सभासद साथ हुई। बैठक में नगर के विकास को लेकर योजनाओं व प्रस्ताव पर विधिवत चर्चा की गई जो काफी सौहार्दपूर्ण रहा। नवगठित बोर्ड की पहली बैठक में सभी सभासदों द्वारा नगर के विकास में योजनाओं को क्रियान्वित करने, नगर में साफ-सफाई जल निकासी प्रकाश व्यवस्था आदि बिंदुओं पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। सभासदों अपने-अपने वार्ड की समस्याओं, उसके निदान हेतु प्रस्तावों पर चर्चा कर उसका स्टीमेट बनवा कर टेंडर जारी करवाने को लेकर सुझाव व प्रस्ताव दिए। जिस पर नगर पंचायत चेयरमैन ने भी सहमति जताते हुए नगर में चैमुखी विकास को लेकर प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। बैठक में नगर के विकास को लेकर विकासशील योजनाओं पर चर्चा की गई जिससे नगर में विकास की गति को तेज करने होने को लेकर सभी बोर्ड के सदस्यों ने सहमति जताई। मुख्य रूप से घाटों का निर्माण, नालियों का चैड़ीकरण, बाबा मेलाराम मन्दिर में वाटर कूलर, इंटरलॉकिंग, प्रकाश व्यवस्था, सुंदरीकरण आदि प्रस्ताव आये। इस अवसर पर वार्ड सभासद मनोज जायसवाल, जवाहिर सोनकर, आजाद जायसवाल, संतोष प्रजापति, चन्द्रशेखर निषाद, श्रवण सोनकर, बीना सोनकर, कौशल्या देवी, पूनम यादव, आदि रहे।

# संक्षेप

## लक्ष्मी का स्टेटिस्टिकल इन्वेस्टीगेटर पद पर चयन



लक्ष्मी मिश्रा

**मझौवां।** स्थानीय गांव निवासी लक्ष्मी मिश्रा ने बलिया का नाम रोशन किया है। कर्मचारी चयन आयोग की जीसीएल परीक्षा में सफलता हासिल कर लक्ष्मी मिश्रा स्टेटिसटिकल इन्वेस्टीगेटर के पद पर चयनित हुई है। लक्ष्मी मिश्रा को मिली शानदार सफलता से परिवार समेत पूरे गांव में खुशी की लहर है। लक्ष्मी के पिता का नाम पुरुषोत्तम मिश्र है। लक्ष्मी की प्रारंभिक शिक्षा गांव से सटे पचरूखियां स्थित सिस्टर निवेदिता डे स्कूल से हुई है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से बीएससी की डिग्री हासिल कर लक्ष्मी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्टेटिसटिक्स विषय में एमएससी की पढ़ाई पूरी की। सेल्फ स्टडी करते हुए लक्ष्मी ने सीजीएल की परीक्षा दी, जिसमें उन्हें कामयाबी मिली है। अब लक्ष्मी मिश्रा गृह मंत्रालय के साथ काम करेंगी। उनकी सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल है। अपनी सफलता का श्रेय लक्ष्मी ने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। बोली, मेहनत का फल जरूर मिलता है। उन्हें यह उम्मीद थी कि एक न एक दिन सफलता प्राप्त होगी। इसलिए कभी मन को छोटा नहीं किया, ताकि आत्मविश्वास हमेशा बना रहा।

## सफेद बालू व मिट्टी लदे चार ट्रक सीज

**चितबड़ागांव।** क्षेत्र में इन दिनों सफेद बालू एवं मिट्टी का खनन जोरों पर है। मिट्टी लादे दर्जनों ट्रैक्टर सड़कों पर पूरे दिन दौड़ रहे हैं। शाम होने के बाद सफेद बालू का खनन धड़ल्ले से चल रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक आरएस नागर, खनन अधिकारी बलिया एवं एआरटीओ ने ओवरलोडेड बालू तथा मिट्टी लदे चार ट्रकों को पकड़ा। गाड़ी का कागजात मांगने पर चालक नहीं दिखा पाये। अधिकारियों ने ट्रकों को सीज कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी। इसके कम्र यह कार्यवाही किया गया है।

## गर्भवती महिलाओं में वितरित किया फल



गर्भवती महिला को फल प्रदान करते लोग

**सिकन्दरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी में प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस का आयोजन डा. चन्दन सिंह विसेन की अध्यक्षता किया गया। बीपीएम पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि 30 गर्भवती महिलाओं का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन का जांच किया गया और सात महिलाओं का निःशुल्क अल्ट्रासाउंड का परीक्षण के लिए भेजा गया। उसके बाद उन्हें आयरन, कैल्शियम सहित आवश्यक दवाइयों के साथ फल वितरण किया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस प्रत्येक माह की 01, 09, 16, 24 तारीख को मनाया जाता है। इसमे गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। फल वितरण पीयूष श्रीवास्तव और डा. अनिल सिंह ने किया। इस अवसर पर रामभवन यादव, ऋतू सिंह पटेल, रमेश गुप्ता, जितेंद्र यादव, अशोक चन्द्र सिंह, राजन तिवारी, आशुतोष राय, बृजेश यादव, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाला 1.06 लाख

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के रामगढ़ ढाला स्थित एटीएम पर मदद के नाम पर एक युवक ने एटीएम कार्ड बदलकर बुजुर्ग के खाते से एक लाख छह हजार रूपए निकाल लिया। मोबाइल में जब पैसा डेबिट होने का मैसेज आया तो बुजुर्ग का होश फाख्ता हो गये। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीत कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है। पचरूखिया, मझौवां निवासी अमरनाथ सिंह के अनुसार वह बीते छह जून को रामगढ़ ढाला स्थित स्टेट बैंक के एटीएम में पैसा निकालने के लिए गए थे। एटीएम कार्ड मशीन में डालने के बाद कुछ समस्या आ रही थी, तभी पीछे खड़ा एक युवक मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदल लिया। यह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पैसा नहीं निकलने पर बुजुर्ग घर चला गया। इस बीच मोबाइल में मैसेज आया कि खाते से एक लाख 6 हजार रूपए गायब हो गए है। बताया कि वे इस पैसे से लड़की की शादी करने वाले थे, लेकिन युवक ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया। उधर, इस संबंध में हल्दी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीत कर आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि बुजुर्ग का पैसा उन्हें जरूर वापस दिलाएंगे। आरोपी युवक को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन ने पीड़ित बुजुर्ग को आश्वासन दिया है कि इस मामले में उचित कार्यवाही की जाएगी।

## एक वार्मर पर तीन-चार बच्चों का हो रहा इलाज

**बलिया।** जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड (सिक एंड न्यू बोर्न केयर यूनिट) में क्षमता से तीन गुना अधिक बच्चों को भर्ती कर इलाज हो रहा है। एक वार्मर पर (वेटिलेंटर बेड) तीन से चार बच्चे रखे गए हैं। भीषण गर्मी की तपिश नवजात बच्चों की सेहत पर विपरीत असर डाल रही है। तापमान में वृद्धि होने के कारण अधिकतर बच्चे बुखार की चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में जन्म लेने वाले दस बच्चों में से छह को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती करना पड़ रहा है। अस्पताल में 12 बच्चों के उपचार के संसाधन हैं। सीएमएस के प्रयास से रोटरी क्लब व अन्य समाजसेवी संस्थानों की मदद से पांच वार्मर बढ़े हैं। कुल 17 वार्मर इस समय उपलब्ध हैं। परिजनों की मिन्नत व बच्चों की खराब स्थिति को देखते हुए उनकी जान बचाने के लिए एक वार्मर पर तीन से चार बच्चों को भर्ती कर चिकित्सक इलाज कर रहे हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा कई बार वार्मर की संख्या बढ़ाने की मांग की गई। बावजूद इसके संसाधन नहीं बढ़ाए गए।

> एसएनसीयू वार्ड में 12 बच्चों के उपचार की व्यवस्था है। सामाजिक संस्थानों की मदद से पांच वार्मर और बढ़ाये गए हैं। हालात को देखते हुए क्षमता से तीन गुना अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है।
>
> डा. सुमिता सिन्हा, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल

## 70 सरकारी आवासों की होगी मरम्मत

**बलिया।** जिले में पूल्ड हाउसिंग योजना के तहत बने अलग-अलग किस्म के 70 सरकारी आवासों की मरम्मत 74.50 लाख की लागत से कराई जाएगी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह आवास वर्षों पूर्व सरकारी कर्मियों के लिए निर्मित किए गए थे। जनपद में पूल्ड हाउसिंग योजना के तहत जगह-जगह, अलग-अलग टाइप के आवासों का निर्माण वर्षों पूर्व कराए गए थे। यह आवास सरकारी कर्मियों को आवंटित किए गए हैं। ई व एफ टाइप के कई आवास जर्जर होने लगे हैं। कई कर्मियों की ओर से पूर्व में आवासों के जर्जर होने की शिकायत अधिकारियों से की गई थी। अब इन आवासों की मरम्मत कराई जाएगी। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड की ओर से पुराने व क्षतिग्रस्त आवासों को मरम्मत के लिए चिह्नित किया गया है। इसमें ई टाइप के 56 व एफ टाइप के 14 आवास काफी जर्जर हो चुके हैं। इन आवासों की मरम्मत के लिए 74.50 लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन की ओर से इसकी स्वीकृति मिल गई है। टेंडर की प्रक्रिया इस माह में पूरी कर ली जाएगी। विभाग की ओर से आवासों की मरम्मत के लिए तीन माह की समय सीमा निर्धारित की गई है।

> पूल्ड हाउसिंग योजना के तहत बने सरकारी आवासों की मरम्मत के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। इन आवासों की मरम्मत के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है। टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा कर लिया जाएगा।
>
> देवेंद्र वर्मा, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड, बलिया

# गंगा नदी में डूबे तीसरे दोस्त का मिला शव, मचा कोहराम

शोक

### गंगा नदी के बीच रेत पर फुटबॉल खेलने के दौरान हुआ था हादसा


डूबे युवक का शव मिलने के बाद लगी भीड़।

**गाजीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पत्थर घाट स्थित गंगा नदी में डूबे तीसरे युवक का शव एक हफ्ते बाद गंगा में उतराया मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। हालांकि, पुलिस गोताखोरो के माध्यम से गंगा में डूबे दो दोस्तो का पहले ही शव बरामद कर लिया था। जबकि तीसरे दोस्त कृष्णा यादव के शव की एक सप्ताह से खोजबीन कर रही थी। सदर कोतवाली के छोटा महादेवा निवासी कृष्णा यादव (18) पुत्र राजेंद्र यादव का शव शुक्रवार को पत्थर घाट के पास गंगा नदी में तैरते लोगों ने देखा। जिसकी सूचना परिजनों सहित पुलिस को दी। मौके पर पहुँच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि, सदर कोतवाली क्षेत्र के महादेवा निवासी कृष्णा यादव (20), मुकेश यादव (18) और बाराबंगला निवासी सरफराज (17) अपने दोस्तो के साथ शनिवार की देर शाम पत्थर घाट के सामने गंगा नदी के बीच में रेत पर फुटबाल खेल रहे थे। इस दौरान उनकी बाल गंगा नदी में चला गया था। जिसे निकालने के लिए सरफराज गया जो गहरे पानी में डूबने लगा। अपने दोस्त को बचाने के लिए उसकी दो साथी भी गए जो डूब गए। वहीं दो और दोस्त तीनों लोगों को डूबता देख शोर मचाने लगे। जिसके बाद गंगा किनारे बैठे नाविकों ने शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंच गए। लेकिन काफी खोजबीन के बाद तीनों का कहीं अता पता नहीं चला था। जबकि नाविकों एवं गोताखोरों के माध्यम से दो दोस्तो का शव बीते रविवार को मिला था।

# झोपड़ियों में लगी आग,पांच मवेशी मरे

अगलगी

### आग से परिवार खुले आसमान तले


पठखवलिया डेरा में आग लगने के बाद मलबा।

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के पठखवलिया डेरा पर तीन भाइयों की तीन झोपड़िया सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग के चपेट में आने से पांच जानवर भी जलकर मर गए।जानकारी के अनुसार पटखवलिया डेरा पर अयोध्या, छागुर,ऋषि ने मजदूरी कर अपने झोपडियों में परिवार की जीविका चलाते हैं। 11बजे जैसे ही बिजली की आपूर्ति शुरू हुई की अचानक शार्ट सर्किट हुई तभी ऋषि के झोपड़ी में आग लग गई। आग इतनी तेज थी की बगल में छागुर उसके बाद अयोध्या तीनो भाईयो के तीनो झोपड़िया जलने लगी। अंदर किसी तरह से परिवार के लोग भाग निकले लेकिन गृहस्थी का सारा सामन बाइक,अनाज जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से एक भैंस और पांच बकरिया जलकर मर गई। वही ऋषि का बाइक, अध्योया का 6 हजार, छागुर का 10 हजार नकद पैसा भी जल गया।अब तीनो परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए।घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय लेखपाल सहित ग्राम प्रधान सतेंद्र यादव गुदरी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर विभागीय उच्च अधिकारियों को अवगत कराया।

# चोरी की नौ बाइक के साथ तीन चोर पकड़ाए

जनसंदेश न्यूज


करीमुद्दीन थाना पर चोरी के बाइक के साथ चोर।

**करीमुद्दीनपुर।** क्षेत्र में बाइक चोरी की खबर पर पुलिस के नाम पर दम कर रखा था। पुलिस टीम ने जाल बिछाते हुए मुखबिर की सूचना पर तीन बाइक चोरों को नौ बाइकों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में शुक्रवार को थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर देवेन्द्र सिंह यादव मय हमराह थानाध्यक्ष बरेसर धीरेन्द प्रताप सिंह मय हमराह तथा स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय मय टीम की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कामूपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के चकफातमा (अभियुक्त प्रमुख यादव के निमाणार्धीन मकान) के पास से आशीष जायसवाल पुत्र राजकुमार नि कैथवली थाना नरही जनपद बलिया हाल पता- नि ग्रा. मोहबतपुर थाना बड़ेसर,प्रमुख यादव पुत्र रामजी यादव नि. चकफातिमा थाना करीमुद्दीनपुर,आकाश राम पुत्र जय नरायन राम नि. पहराजपुर थाना करीमुद्दीनपुर गिरफ्तारी हुई है।

# सड़कों के निर्माण कार्य में नहीं लगता गुंडा टैक्सः वीरेंद्र मस्त

जनता को समर्पित

### प्रधानमंत्री योजना द्वारा बनी भरौली कला गोशलपुर व ताजपुर गड़ार मार्ग का लोकार्पण


गोशलपुर में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भीड़।

**बाराचवर।** स्थानीय विकास खण्ड अन्तर्गत गोशलपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में गुरूवार की शाम को प्रधानमंत्री योजना अन्तर्गत करोड़ों की लागत से बनने वाली दो सड़कों भरौली कला से गोशलपुर मार्ग,ताजपुर से गड़ार मार्ग का लोकार्पण बलिया सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त ने नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट से पर्दा हटाकर जनता को समर्पित किया।

श्री सिंह ने कहा कि यहां सड़क प्रस्तावित होती थी। तब सड़कों को बनाने से ठेकेदार भग जाते थे। क्योकि ठेकेदारों से जबरदस्त कमीशन की मांग माफियाओं द्वारा कर दी जाती थी। ठेकेदार उन माफियाओं को कमीशन देता थे तब ठेकेदार यहां सड़क बनाते थे। लेकिन सड़क कुछ दिन में ही उजड़.जाती है। लेकिन आज भाजपा सरकार में समय बदल गया है जो माफिया ठेकेदारों को डरा धमका कर वसूली करते थे,जो आज बंद हो गई है। जिसके परिणाम है कि जनपद में सड़कों का जाल बिछ गया है। पूर्वाचल एक्सप्रेसवे बनकर चालू हो गयी है। उस पर गाड़िया फर्राटा भरने लगी है तथा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर भी कार्य चालू हो गया। आज प्रस्तावित सड़के है वो बनकर तैयार हो गयी है तथा अधूरी सड़के है उनपर भी तेजी से कार्य चल रहा है तथा उन्होने अपने चार वर्ष के दौरान जहुराबाद विधानसभा मे कराए गये कार्यो को भी जनता के सामने रखा। कहा कि देश की खजाने पर प्रधानमंत्री मोदी तथा प्रदेश के खजाने पर महराज जी नजर रखे हुए है तथा बलिया लोकसभा के खजाने पर मैं स्वंय नजर रखा हूं। यह मेरे बाप का खजाना नही है यह सब जनता का खजाना है। इस खजाने का अब सही ढ़ग से उपयोग हो रहा है। जिसका परिणाम आप सभी जनता जनार्दन के सामने है। इस दौरान कृष्णानन्द राय,नथुनी सिंह,ब्लाक प्रमुख बृजेन्द्र सिंह, प०श्यामराज तिवारी, टुनटुन सिंह, हिमाशू राय, देवेन्द्र सिंह देवा, अभिषेक राय, आशीष राय प्रधिन,श्रीप्रकाश राय, रविन्द्र राय, शंशाक राय, बब्बन सिंह, राजू सिंह, मिन्टू सिंह, प्रसुन सिंह,पप्पू महंथ, राजेश सिंह, सुदेश सिंह, श्रीभगवान सिंह, मासूम हैदर, दीपक उपाध्याय, प्रवीण सिंह, विजय सिंह, राहुल सिंह पृथ्वी सिंह, कार्तिकेय सिंह, गालू सिंह आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता मुरलीमनोहर श्रीवास्तव तथा संचालन जिलाकार्यसमिति सदस्य सम्पूर्णानन्द उपाध्याय ने किया।

**महाराज के राज में माफियाओं का आतंक खत्म**

महाराज जी ने पुरे प्रदेश से माफियाओं का सफाया कर दिया है। यहां के माफिया थे आज जेल की सलाखो मे कैद हो गये है तथा उनका फाटक बंद हो गया है।

# अराजकतत्वों ने चेन पुलिंग कर रोकी ट्रेन



**गहमर।** मालदा टाउन से दिल्ली जंक्शन जा रही फरक्का एक्सप्रेस शुक्रवार को चेन पुलिंग करके रोक दी गई। गहमर रेलवे स्टेशन की प्लेटफार्म पर ट्रेन रुकते ही यात्रियों में अफरातफरी मच गया।आनन-फानन में पायलट व लोको पायलट ने मौके पर जाकर समस्या को दूर किया। तब जाकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस दौरान फरक्का एक्सप्रेस लगभग तीस मिनट प्लेटफार्म पर खड़ी रही। शुक्रवार की सुबह अपने निर्धारित समय से एक घंटा विलंब से मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस गहमर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची। निर्धारित ठहराव दो मिनट के बाद आगे के लिए रवाना हुई कि प्लेटफार्म पर मौजूद अराजकतत्वों ने फरक्का एक्सप्रेस को चेन पुलिंग कर रोक दिया। अचानक लगी ब्रेक से तेज आवाज हुई और ट्रेन रुक गई। इससे पहले कि कोई कुछ कर पाता, ट्रेन में सवार अराजकतत्व भाग गए। हालांकि स्टेशन पर आरपीएफ के जांबाज सिपाही तैनात रहे इस दौरान वह मुकदर्शक बने रहे। चेन पुलिंग होते ही पायलट व लोको पायलट मौके पर पहुंचे और समस्या को दूर किया। तब जाकर ट्रेन आठ बजकर 53 मिनट पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर रवाना हुई। इससे पहले ट्रेन के अचानक से रुकते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। वहीं, ट्रेन में सवार यात्री चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में परेशान दिखाई दिए। प्लेटफार्म पर पानी के लिए इधर-उधर भागते दौड़ते रहे। वहीं ट्रेन खड़ी रहने से क्रासिंग के दोनों तरफ जाम भी लग गया। स्टेशन मास्टर ने बताया कि मालदा टाउन-दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस में सवार किसी अराजकतत्व ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी थी। 27 मिनट तक ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी रही।

### न्यायालय ने पांच वर्ष का सुनाया कारावास

**गाजीपुर।** मॉनिटरिंग सेल,थाना मुहम्मदाबाद पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दो अभियुक्तगण को न्यायालय द्वारा सजा दी गई। मॉनिटरिंग सेल/थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा थाना मुहम्मदाबाद पर पंजीकृत मोनी उर्फ साजिद शाह पुत्र निजामुद्दीन निवासी प्रिन्स मिनेमा रोड युसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद, सोनू उर्फ साबिर पुत्र निजामुद्दीन निवासी प्रिन्स सिनेमा रोड युसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप शुक्रवार को पांच वर्ष का सश्रम कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया,दूसरे अभियुक्तगण को 05 वर्ष का सश्रम कारावास व 20,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### कानून-व्यवस्था के खिलाफ अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा

**जमानिया।** बार एसोसिएशन सभागार में शुक्रवार को एक आपात बैठक आहूत की गई। जिसमें प्रदेश में आये दिन हो रहें अधिवक्ताओं के ऊपर प्राणघातक हमले को लेकर चर्चा की गई और राज्यपाल के नाम संबोधित पत्रक तहसीलदार को सौंपा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बार के अध्यक्ष गोरख नाथ सिंह ने कहा कि मेरठ में महिला अधिवक्ता की गोली मार कर हत्या करने का मामला हो या लखनऊ कोर्ट में गोलीबारी की घटना दोनो की हम अधिवक्तागण घोर निंदा करते है। प्रदेश में आये दिन हो रहें अधिवक्ताओं की हत्या व उत्पीड़न पर प्रदेश सरकार व कानून व्यवस्था के विरुद्ध काफी रोष प्रकट करते हुए कहा कि इसमें बहुत अधिक सुधार की जरूरत है और जमानिया बार एसोसिएशन इस प्रकार की घटनाओं पर त्वरित रोक लगाने सहित दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करता है। जिसका अधिवक्ता में करतल ध्वनि से समर्थन किया। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार रामजी को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी भी की। मौके पर उमाकांत द्वीवेदी, प्रेम शंकर, पंकज, अशोक,फैसल होदा, सुरेन्द्र प्रसाद, काजी शकील, मोहम्मद इमरान, बरजंगी, उदय नारायण, मेराज हसन, कमलकान्त राय, रहे।

# लू के थपेड़ों से लोग बेहाल शरीर झुलसाती गर्म हवाएं

**गाजीपुर।** जनपद के लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार को भी पूरे दिन लोग गर्मी से बेहाल रहे गर्म हवाओं के चलने से लोगों का राह चलना दूभर हो गया। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। कई दिनों से लोग सूर्य देवता के प्रचंड तेवरों का सामना कर रहे हैं। सुबह से ही दोपहर जैसी तपन होने लगती है। लू के थपेड़े से बचने के लिए लोग मुंह बांधकर घर से निकल रहे है। भीषण गर्मी से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी कई दिनों तक लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। लगभग 15 से लेकर 20 जून तक मौसम में परिवर्तन होने और बारिश के आसार बने है। उसके बाद ही लोगों को गर्मी से निजात मिल सकेगी। चिलचिलाती धूप और उमस से बेहाल लोग चेहरा छिपाते रहे। शरीर के खुले अंगों पर धूप की किरणें चुभती रहीं। शुक्रवार को गर्मी के तेवर देखकर लोग हाय तौबा करने लगे। तपिश वाली गर्मी में कूलर और पंखे भी बेअसर रहे। चिलचिलाती धूप में लोगों का चलना दूभर रहा। ग्रामीण अंचलों में बिजली गुल होने से लोगों को दोपहर का समय काटना भारी पड़ा।

घर या बाहर, कहीं गर्मी से राहत नहीं रही। तेज धूप और गर्मी के कारण ग्रामीण इलाकों में दोपहर के वक्त सन्नाटा पसरा रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गर्मी का कहर अभी और बढ़ेगा। फिलहाल चार से छह दिन तपिश परेशानी का कारण बनी रहेगी।

**बीमारियों ने भी पसारे पांव**

मौसम में उतार चढ़ाव से संक्रामक बीमारियों ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। डायरिया, बुखार, पेट दर्द के मरीज एकाएक बढ़ गए हैं। जिला अस्पताल से लेकर प्राइवेट नर्सिंग होम में मरीजों बेड तक नहीं मिल रहे। शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में आठ के करीब मरीजों का पंजीयन हुआ। उधर, बाल्य रोग, फिजीशियन कक्ष के बाहर मरीजों की लाइन लगी रही। डा. राजीव कुमार राय का कहना है कि मौसम में आ रहे बदलाव के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं।

# क्षतिग्रस्त पानी टंकी से हजारों लीटर पानी बर्बाद

जनसंदेश न्यूज


ताड़ीघाट के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग के बीचों बींच क्षतिग्रस्त जलनिगम की भूमिगत पाइपलाइन से हो रहा पानी का रिसाव।

**सुहवल।** जल जीवन मिशन के तहत सरकार द्वारा हर घर को नल से जल पहुंचाने की योजना के अंतर्गत जगह-जगह करोड़ों की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया है।

लेकिन वहां पर तैनात लापरवाह कर्मचारियों व महकमें की उदासीनता से आपूर्ति के लिए बिछाई गई, भूमिगत पाइपलाइन ताड़ीघाट गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह जगह पर पिछले कई दिनों से क्षतिग्रस्त पड़ी है, जिससे कि हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बादी की भेंट चढ़ रहा है। जिसके कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। बावजूद जिम्मेदार इसकी मरम्मत करने एवं सुरक्षित पेयजल आपूर को सुचारू बनाए रखने के प्रति बेपरवाह नजर आ रहे है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि इस जगह से प्रतिदिन सम्बन्धित विभाग के अलावा अन्य जनपदीय आलाधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। परंतु किसी का ध्यान इस क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की ओर न जाना समझ से परे है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मांग किया कि जल्द क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत करा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए । पानी टंकी के संचालन का प्रभार सम्भाल रही मेदनीपुर प्रधान रीता देवी ने बताया कि बहुत जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत करा दिया जायेगा ।

# फोरलेन निर्माण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देने में अवैध वसूली!

## उप लोक आयुक्त लखनऊ ने वाराणसी आयुक्त को तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच का दिया निर्देश

**गाजीपुर।** उप लोक आयुक्त लखनऊ ने गाजीपुर-मऊ फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान अधिग्रहण किए गए जमीन के मुआवजा देने में अवैध वसूली की जांच का निर्देश दिया है। उप लोक आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने शिकायतकर्ता लल्लन सिंह यादव के प्रार्थना पत्र के आधार पर आयुक्त वाराणसी को जांच का निर्देश दिया है। निदेर्शित किया है कि तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराई जाए। जांच टीम में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी और एक अभियोजन अधिकारी को सम्मिलित किया जाए। जांच रिपोर्ट सात जुलाई के पूर्व उपल्ब्ध कराई जाए। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाय। बिरनो थाना क्षेत्र के पिरथीपुर गांव निवासी लल्लन सिंह यादव पुत्र स्व0 राम लच्छन सिंह यादव ने बीते दो मई 2023 को उप लोक आयुक्त लखनऊ को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि अराजी नंबर 46 ख के रकवा 0.800हेक्टेयर मौजा पिरथीपुर जो गाजीपुर राष्ट्रीय मार्ग-29 चौड़ीकरण में आ गया था। विभागीय अधिकारियों द्वारा बिना भुगतान किए पहले तो अतिक्रमण हटाया गया उसके बाद आज तक भुगतान नहीं किया गया। आरोप लगाया कि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निजी दलालों द्वारा भुगतान के नाम पर भारी धनराशि की मांग की जाती है।

### एडीएम वित्त एवं राजस्व कार्यालय में दलालों का दबदबा

शिकायतकर्ता ने बताया कि सेवानिवृत कर्मचारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के दया द्दष्टि पर कार्यरत बाबू सुरेश सिंह आज भी कार्य देखता है। उसका खुलेआम सुविधा शुल्क मांगने की वीडियों के साथ -साथ अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व के दलाल रणधीर यादव छोटू द्वारा फोरलेन सड़क में भूमि के कई लाभार्थियों का बड़ी रकम अपने पत्नी के खाते में लिया गया। दलाली की भारी धन राशि का भी रिकॉर्ड पासबुक की प्रति साक्ष्य के रूप में शिकायतकर्ता के पास उपलब्ध है। आरोप लगाया कि वर्ष 2018 से आज तक का भारी धनराशि सुविधा शुल्क नहीं देने पर पीड़ित लाभार्थी को भुगतान नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि फोरलेन निर्माण में अधिग्रहित जमीन के मुआवजा देने में विभागीय अधिकारी जमकर लूट खसोट किए है। यदि इसकी किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराई जाय तो कई अधिकारी जांच के घेरे में आ जाएगें।

> शिकायतकर्ता का कुछ भुगतान हुआ है। उप लोक आयुक्त से कोई कागज नहीं आया है। हालांकि, कुछ जांच के संबंध में पत्र आया था जिसकी रिपोर्ट भेजी जा रही है। उन्होंने दलाल के संबंध में कहा कि हमें उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।
>
> एडीएम अरूण कुमार सिंह

### भूमि के भुगतान को लेकर विभाग का चक्कर लगा रहा पीड़ित

मामला यह है कि लल्लन सिंह यादव की भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पिरथीपुर द्वारा आपसी सहमति एवं उपजिलाधिकारी सदर के मुकदमा के आदेशानुसार भूखण्ड संख्या- 46 ख रकबा 0.080 हे0 से गांवसभा का नाम खारिज करके लल्लन का नाम अंकित हुआ। वहीं आराजी संख्या 52 रकबा 0.037 हे0 से लल्लन का नाम खारिज कर गांव सभा के खाते में अंकित हुआ है। धारा 161 का राजस्व उद्धरण खतौनी पर दिनाक 04-8-2010 को दर्ज अभिलेख करके बदलन की समस्त औपचारिकताएं विधिक रूप से पूर्ण किया गया। उक्त भूमि पर आम रास्ता कायम करके इण्टरलाकिंग रास्ते का पक्का निर्माण करा दिया गया है। लेकिन बदलेन भूमि पर विभागीय अधिकारियो ने अतिक्रमण हटवाकर भुगतान नहीं किया।

## संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरसा मुंडा को किया याद



**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में शुक्रवार को विरसा मुंडा की 123वीं पुण्य तिथि भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विनोद खरवार कि अध्यक्षता में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को सराहा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि अनुसूचित जनजातियों तथा आदिवासियों के दिशा और दशा को बदलने के लिए विरसा मुंडा के योगदान को कभी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि विरसा मुंडा जी का निधन 9 जून 1900 को रांची जेल में हुआ था जब उनकी उम्र मात्र 25 वर्ष थी। उनके द्वारा मातृभूमि कि रक्षा के साथ साथ जल, जंगल, जमीन के लिए किए गए संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह ने भी सम्बोधित किया तथा संचालन अमरेन्द्र खरवार ने किया। इस अवसर पर दयाशंकर पांडेय, अनुप खरवार, अच्छेलाल गुप्ता, सुरेश खरवार, संतोष खरवार, प्रदीप गोड़, शिवकुमार, अशोक खरवार आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने केंद्र सरकार के नौ वर्ष पुर्ण होने पर लोकसभा गाजीपुर मे अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद खरवार के नेतृत्व में सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 16 जून तक गौरव यात्रा को हरी झंड़ी दिखा कर भाजपा जिला कार्यालय से रवाना किया।

### सफाई कर्मचारियों को मिले 1900 ग्रेड पे



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई जमानियां, रेवतीपुर व भदौरा द्वारा संयुक्त रूप से तहसील स्तरीय विभागीय सेवा नियमावली, पदोन्नति, पुरानी पेंशन अधिकार पदयात्रा विकासखंड जमानियां परिसर से उप जिलाधिकारी कार्यालय जमानियां तक निकाली गई। तत्पश्चात मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी जमानियां को सौंपा गया। पदयात्रा का नेतृत्व जमानियां ब्लाक अध्यक्ष विनोद कुमार, रेवतीपुर ब्लॉक अध्यक्ष शंकर वर्मा, व भदौरा ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंहासन राम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।जिलाध्यक्ष रोशनलाल ने कहा कि प्रदेश के अन्य विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे का लाभ मिल रहा है। जिसको ध्यान में रखते हुए पंचायती राज विभाग के अधीन कार्यरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को भी 1900 ग्रेड पे का लाभ दिया जाना चाहिए। जिला संयोजक अजय कुशवाहा ने कहा नवीन पेंशन व्यवस्था कर्मचारियों के हित में नहीं है। इस अवसर पर विनोद चौधरी, जयप्रकाश बिंद, संतोषी राय, शंकर वर्मा, राजेश, राकेश, शैलेंद्र, जितेन्द्र, रामप्यारे, अजीत, पंचमी, कृष्णमुरारी, अश्वनी, कामेश्वर सहित सैकड़ों सफाई कर्मचारी पदयात्रा में सम्मिलित रहे।

### अनुपूरक पुष्टाहार महिलाओं में वितरित



सुहवल। भगीरथपुर गाँव स्थित पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम प्रधान गीतम यादव एवं युवा समाजसेवी राकेश यादव ने बाल विकास परियोजना विभाग के अनुपूरक पुष्टाहार (ड्राई राशन) वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 30 धात्रि व गर्भवती महिलाओं में इस पुष्टाहार पैकेट का वितरण किया। वितरण किए गये इस पैकेट में दाल,रिफाईन, दलिया आदि पुष्टाहार रहा। ग्राम प्रधान गीतम यादव ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह योजनाएं चलाई जा रही हैं। बच्चे जन्म होने पर उनकी निगरानी भी आंगनबाडी और सहायिकाओं द्वारा की जाती है। कई गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन, खून की कमी होती है, तो ऐसी महिलाओं को खाने के लिए पुष्टाहार के साथ आयरन की गोलियां दी जाती हैं। इसे नियमित रूप से सेवन करना जरूरी हैं। इस अवसर पर आकास यादव, सत्यप्रकाश यादव, गोलू सिंह, सोबिन यादव ,दया यादव, दिनेश पाटिल , गीता यादव आंगनवाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

### चालीस नाविकों में बाढ़ बचाव राहत किट वितरित



**सेवराई।** स्थानीय तहसील सभागार कक्ष में में आपदा प्रबंधन योजना के तहत तहसील क्षेत्र के गंगा नदी के तटवर्ती गांव के 40 नाविकों को बाढ़ बचाव राहत किट वितरित किया गया। शुक्रवार को सेवराई तहसील सभागार कक्ष में उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में पूर्व जमानिया विधायक सुनीता सिंह द्वारा 40 नाविकों को दो लाइफ जैकेट ,एक लाइफ सेविंग ट्यूब ,एक बंडल रस्सी, एक टॉर्च ,एक हेल्थ कीट, एक पतवार व एक बांस वितरित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुनीता सिंह ने कहा कि सरकार किसी भी आपदा के आने से पूर्व उसकी पूरी तैयारियां पूर्ण कर लेना चाहती है। पिछली बार सेवराई तहसील में बाढ़ के कारण कुछ घटनाएं हो गई थी। जिससे सबक लेते हुए सरकार द्वारा पहले से ही संभावित बाढ़ के मद्देनजर 40 चिन्हित नाविकों को बाढ़ राहत किट उपलब्ध कराया जा रहा है । जिससे बरसात के मौसम में आने वाले बाढ़ के समय नाविक इन बाढ़ सामग्रियों को अपने पास नाव पर रखकर किसी भी अनहोनी की संभावना से नागरिकों को बचा सके। राहत सामग्री पाने वालों में सुधन चौधरी, बबलू चौधरी, ढूनमुन चौधरी, जग्गन, शिवदास, चुनमुन चौधरी, मनोज व रामाधार चौधरी सहित 40 नाविक शामिल रहे ।इस मौके पर तहसीलदार अमित शेखर, नायब तहसीलदार कौशल कुमार चौरसिया, विपिन चौरसिया सहित राजस्व कर्मियों के साथ ही क्षेत्रीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर,पांच घायल

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के जौहरगंज बाईपास पर नशे में धुत होकर बाइक चला रहे बाइक सवार ने सामने से जा रहे दूसरे बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके चलते उसकी बाइक पर सवार दो युवक व दूसरी बाइक पर सवार दम्पति व एक मासूम घायल हो गए। घटना में गम्भीर रूप से घायल इन दोनों युवकों को पुलिस लेकर सैदपुर सीएचसी आयी। जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही दम्पति अपनी मासूम बेटी को लेकर निजी अस्पताल चले गए। वाराणसी के चौबेपुर स्थित मुनारी निवासी भूपेंद्र यादव 23 पुत्र राजाराम व अनिल यादव 27 पुत्र नकछेद यादव भीमापार के मसूदपुर में शादी का कार्ड देने आए थे। यहां से वापिस जाते समय भूपेंद्र शराब पीकर बाइक चला रहा था। जौहरगंज बाईपास पर उसने आगे जा रहे बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गिरकर लहूलुहान हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार दम्पति व मासूम भी घायल हो गए। मासूम हवा में काफी ऊपर तक उछल गयी थी। मौके पर पहुंची पुलिस मृतप्राय पड़े भूपेंद्र व अनिल को लेकर सीएचसी आयी, जहां से रेफर कर दिया गया।

### श्री कृष्ण भगवान की माखन चोरी की कथा

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के कानुवान गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार को पंडित श्रीकृष्ण गोपाल दास उर्फ पगला बाबा ने श्रोताओं को श्री कृष्ण भगवान की माखन चोरी एवं पूतना वध कथा का प्रसंग सुनाया। कथावाचक श्रीकृष्ण गोपाल दास ने कथा के माध्यम से बताया कि श्रीकृष्ण ने अपने बाल सखाओं के साथ गांव में गोपियों के घरों में घुसकर चुरा चुरा का माखन खाया और मथुरा में कंस के राज्य में भेजे जाने वाले दूध माखन पर रोक लगा दी तथा गोपियों की दूध माखन की मटकी को फोड़ दिया । श्री कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं को भी प्रस्तुत किया। श्री कृष्ण भगवान को मरवाने के लिए राजा कंस के द्वारा पूतना सहित अनेकों राक्षसों को भिजवाया गया जिनका श्रीकृष्ण भगवान ने वध कर गांव के लोगों की सुरक्षा की। काली धह में काली नाग का वध किया।


### ग्राम चौपाल लगाकर सुनी फरियाद

**मरदह।** ब्लाक के सुलेमापुर देवकली व रानीपुर गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाया गया। रानीपुर ग्राम पंचायत कार्यालय पर सहायक विकास अधिकारी नवीन कुमार सिंह मौजूदगी में 18 मामले आएं जिसमें से 11 का निस्तारण किया गया तथा 7 मामले में विधिक कार्यवाही की गयी। इस मौके प्रधान माया सिंह, धर्मेंद्र सिंह,सचिव अरविंद कुमार,आदि मौजूद रहे ।इसी क्रम में सुलेमापुर देवकली गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में 16 लोगों ने जन समस्याएं दर्ज कराई जिसमें 11 मामले का निस्तारण किया तथा शेष 5 में कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया गया। इस मौके पर इस मौके पर सचिव अवधेश खरवार, ग्राम प्रधान देवन्ती देवी, शिवलाल यादव, विजय शंकर पाण्डेय,पशु चिकित्सक डॉ चन्द्रकांत सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रगतिशील रचनाकार मंच की बैठक संपन्न

मरदह। मरदह ब्लाक के आदर्श जनता इंटर कॉलेज पलिया के जमुना सिंह यादव सभागार में प्रगतिशील रचनाकार मंच की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में नए रचनाकारों को मंच से जोड़ने पर जोर दिया गया। प्रगतिशील रचनाकार के महासचिव कवि व लेखक विजय कुमार मधुरेश द्वारा लिखित आत्मकथा जो दिन बीत गए की विवेचनात्मक समीक्षा हुई। वक्ताओं ने जो दिन बीत गए आत्मकथा की समालोचना करते हुए कहा कि मधुरेश की कविताओं की तरह उनकी आत्मकथा भी सरस और रोचकतापूर्ण होगी। इस मौके पर कामेश्वर द्विवेदी, दिनेश चंद्र शर्मा , गौरी शंकर पांडेय सरस ,सुदर्शन चिराग , बेसुध , रामनिवास, डा. दूधनाथ भारती, प्रीतम कुमारी , सुरेश राय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सूरज पांडेय सुजान व संचालन सरस ने किया।

## असद जैदीः चार टुकड़े



### भूगोल में गुम

बहुत बदनसीब हैं इस दुनिया में जिनमें हमारा भी शुमार है। लेकिन फेहरिस्तें एक दूर तक फैली पर्वत श्रृंखला हैं और नाम हैं अनगिनत कंकड़। बदनसीबी कोई घोड़ा नहीं कि उसपर सवार हो सकें। भूगोल में खोए रहना ही हमारा जीवन है।

### संभावनाएँ

आहिस्तगी तुम्हारी दुश्मन थी। जो दरवाजे खुले हुए हैं उन्हें भी भड़भड़ाकर अंदर घुसने की आदत तुम्हारी पुरानी रही। जैसे कि तुम्हारी ताकत से वे खुले हों! अपने अंतर में खामोशी को पकने देने से तुमने हमेशा ही खौफ खाया। तुम्हारे तेवर ने तुम्हारे लहजे को खुलने न दिया। तुमने अपनी आवाज खो दी। तुम न तहजीब के काबिल रहे न सियासत के। तो तुम किसी किस्म के वकील बन गए या किसी तरह के दलाल--मक्कार और लुटेरे। भारतीय नियति इसी तरह हल होती है। हर हाल में तुमको मध्यवर्ग बने रहना आ जाता है। तुम अपने को कवि-लेखक भी कहने लगते हो, लेकिन इसमें क्या, कवि-लेखक तो कोई भी हो सकता है! हैं ही बहुतेरे, और कुछ अच्छे भी हैं।

### संयुक्त मोर्चा

बहुत से साम्प्रदायिकों ने/ साम्प्रदायिकता विरोधी प्रस्ताव पर /हस्ताक्षर कर दिए हैं
कुछ तो आगे आगे दिखाई दे रहे हैं/ और लीजिए अभियान का नेतृत्व भी
उनके हाथों में है / अब फासीवाद की खैर नहीं!

### सदर बाजार में

जब मैंने एक मुसलमान को, जो पल्लेदार था,
कई लोगों के बीच यह कहते हुए सुना,
'नहीं भाई साहब, हम मुसलमान परेशान बिल्कुल नहीं हैं, हमें आदत पड़ गई है।
परेशान तो हिन्दू भाई हैं। हम अगर परेशान हैं तो उनकी परेशानी से परेशान हैं।'
तो मैंने देखी उसकी गरिमा उसका विवेक/ उसे मालूम था हालात कहाँ तक जा चुके हैं/ उस आढ़तिये के मुनीम से जब वह कह रहा था,
'हम तुम्हारे पल्लेदार, हम भी तो इन्सान हैं',
तो दरअसल वह याद दिला रहा था, भाई जी
तुम भी तो इन्सान हो!

## जनसंपादकीय

# इंतजार रहेगा 23 जून का

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



देश की राजनीति में विपक्षी एकता की चर्चा कोई नया मुद्दा नहीं है। गाहे-बगाहे और थोड़े-थोड़े अंतराल पर इसकी चर्चा भी सुनाई देती रहती है। वास्तव में विपक्ष के किसी नेता को जब अपना राजनीतिक कद और किरदार बढ़ने या ऊंचा होने का गुमान होता है तो वो विपक्षी एकता का राग ऊंचे स्वर में गाने लगता है। वर्तमान में विपक्षी एकता का सदाबहार राग का गान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। वो अलग बात है कि जिन्हें वो ये राग सुनाना चाहते हैं, वो आधे अधूरे मन से ही उनका राग सुन रहे हैं। इसका संकेत तब मिला जब 12 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक को टालना पड़ा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को देश से हटाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से बुलाई गई विपक्षी दलों की महाबैठक अब 23 जून को पटना में होगी। इस महाबैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इस बैठक पर देश और राजनीतिक विशलेषकों की नजरें टिकी हुई हैं।

विपक्षी एकता की जब भी बात होती है तो कांग्रेस के रुख को समझना काफी जरूरी होता है। कांग्रेस भले ही पिछले कुछ सालों में देशभर में पिछड़ती जा रही हो और अपना जनाधार खो रही हो, लेकिन वो अब भी खुद को मुख्य विपक्षी पार्टी के तौर पर ही देखती है। कर्नाटक चुनाव में प्राप्त सफलता के बाद कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है और वह विपक्षी दलों को यह संदेश देना चाहती है कि उसकी स्थिति उतनी कमजोर नहीं जितनी वे मान बैठे हैं।

नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी के विरोध में विपक्ष के जिस मोर्चे को आकार देने के अभियान में जुटे हुए हैं उसमें तृणमूल, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, तेलुगु देशम, वाईएसआर कांग्रेस और बीआरएस जैसी पार्टियों को शामिल करने का भी इरादा है। लेकिन कांग्रेस को इनके साथ गठबंधन करने में आपत्ति भी है और संकोच भी। पंजाब और दिल्ली में कांग्रेस के अनेक नेता आम आदमी पार्टी से हाथ मिलाने के विरूद्ध है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, के.सी. राव जैसे नेता कांग्रेस को अपने राज्य में पैर जमाने का अवसर नहीं देना चाहते।

चंद्रबाबू नायडू के दोबारा भाजपा के साथ आने की अटकलें तेज हैं वहीं जगन मोहन रेड्डी भाजपा से अघोषित निकटता बनाए रखने की नीति पर चल रहे हैं। कांग्रेस को ये बात भी गंवारा नहीं हो रही कि नीतीश इस मोर्चे के शिल्पकार बनकर विपक्षी एकता का चेहरा बनें। वास्तव में, भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस को ये लगने लगा है कि राहुल अब पप्पू की छवि को ध्वस्त करते हुए नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर उभर रहे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में हालांकि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना में काफी पीछे हैं किंतु नीतीश सहित बाकी विपक्षी नेता तो मुकाबले में हैं ही नहीं।

नीतीश कुमार का फॉमूर्ला ह्यवन अगेंस्ट वनह्न का है। यानी अगर बीजेपी का एक उम्मीदवार है तो उसके खिलाफ विपक्षी गठबंधन का एक ही उम्मीदवार उतारा जाएगा। कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस सोचने लगी है कि विपक्षी गठबंधन की जरूरत अब उससे ज्यादा क्षेत्रीय दलों को है। बिहार और महाराष्ट्र सहित कुछ और राज्य हैं जहां कांग्रेस के किनारा कर लेने से उन दलों की स्थिति कमजोर हो जायेगी। जहां तक बात उत्तर प्रदेश की है तो वहां उसके पास खोने को कुछ नहीं बचा जबकि उसके साथ होने से सपा को कम मतों से हारी सीटों पर ताकत मिल सकती है। वास्तव में, नीतीश कुमार विपक्षी मोर्चे के संयोजक बनकर दबे पांव प्रधानमंत्री की दौड़ में बने रहना चाहते हैं। उन्हें उन परिस्थितियों की पुनरावृत्ति होने की उम्मीद है जिनमें एच.डी. देवगौड़ा और इंदर कुमार गुजराल की लॉटरी खुल गई थी। लेकिन कांग्रेस इस बार किसी भी प्रकार का खतरा मोल लिए बिना गठबंधन के अस्तित्व में आने के साथ ही प्रधानमंत्री पद का निर्णय भी कर लेना चाहती है। इस प्रकार विपक्ष की 12 जून को होने वाली बैठक का टलना कांग्रेस की नई रणनीति का हिस्सा है जिसके अंतर्गत वह क्षेत्रीय दलों की शर्तों की बजाय अपनी शर्तों पर विपक्षी एकता को शक्ल देना चाह रही है।

कांग्रेस के अंदरखाने से ये खबर आ रही है कि राहुल गांधी चाह रहे हैं कि इसी साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक विपक्षी गठबंधन को लंबित रखा जाए। और यदि उनमें भी उसे हिमाचल और कर्नाटक जैसी सफलता मिल गई तब उसका हाथ सौदेबाजी में काफी ऊंचा हो जायेगा। विपक्षी मोर्चे के बनने के पहले वह इस बात की प्रति आश्वस्त होना चाहेगी कि क्षेत्रीय दल उसके लिए नुकसानदेह न हों।

सही मायनों में कांग्रेस विपक्षी एकता का श्रेय और नेतृत्व आसानी से किसी और नेता को देने तैयार नहीं है। राहुल की अमेरिका यात्रा से भी पार्टी में उत्साह है। उसे लगने लगा है कि श्री गांधी ही विपक्षी नेताओं में अकेले हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर पहिचान रखते हैं। इसलिए विपक्षी मोर्चे की कमान भी उसी के हाथ में होना चाहिए। देखना ये है कि नीतीश, ममता, अखिलेश, के.सी राव और अरविंद केजरीवाल क्या कांग्रेस के झंडे के नीचे खड़ा होना पसंद करेंगे और राहुल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार स्वीकार करने की शर्त उनको मंजूर होगी?


कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस आत्मसमर्पण की मुद्रा में थी। इससे पहले विपक्षी एकता के लिए हुई बैठक में उसका रुख बेहद रक्षात्मक था। हालांकि कर्नाटक के नतीजे के बाद पार्टी एकता के लिए शर्तें रख रही है। पार्टी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि उसका आप, बीआरएस, केरल में वाम दलों से समझौता नहीं हो सकता। इसी शर्त के मद्देनजर नीतीश, ममता, पवार ने समझौते के लिए 474 सीटों का फामूर्ला पेश किया है। 23 जून को विपक्षी दलों की होने वाली बैठक अहम है। ममता, नीतीश और पवार चाहते हैं कि कांग्रेस इसी बैठक में 474 सीटों में से महज 244 सीटों पर लड़ने के लिए राजी हो जाए। अगर कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं हुई, तो विपक्षी एकता की संभावना धूमिल हो जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार अगर पटना की बैठक में बात नहीं बनी तो विपक्षी एकता बेहद मुश्किल होगी। केंद्र में सत्ता परिवर्तन की सबसे अधिक जरूरत कांग्रेस को है, ऐसे में उसे ही अपना दिल बड़ा करना चाहिए।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क 99 3624 7777)**

# फासीवाद विरोध के मोर्चे पर औरतें

## समय- संदर्भ

**जयप्रकाश नारायण**



दबे पांव अंधेरा आ रहा था। मुल्क के सियासतदां और जम्हूरियत के झंडाबरदार अंधेरे के शनैः शनैः हो रहे विस्तार को देख रहे थे। हमारी जम्हूरियत विश्व फासीवाद के विध्वंसकारी अवसान की डरावनी स्मृतियों के बीच ही आकार ले रही थी। फासीवाद के मलबे पर दुनिया में आजादी ?लोकतंत्र और समाजवाद की बुनियाद पुख्ता हुई । संभवतः लोकतंत्र प्रेमियों के मन में फासीवाद की मरणांतक पराजय के बाद भविष्य में उसके पुनरुत्थान के खतरे को लेकर चिंता लगभग खत्म हो गई थी। धरती पर स्वतंत्रता समता बंधुत्व और समाजवाद का परचम लहरा रहा था ।ऐसी स्थिति में फासीवाद को जन्म देने वाली भौतिक परिस्थितियों (वित्तीय पूंजी के सबसे प्रतिक्रियावादी समूह )के प्रति निगाहें ओझल हो जाना स्वाभाविक था। आजादी के मदहोशी में हमारे मुल्क में भी ऐसा ही हुआ । हालांकि 1950 के आसपास कुछ राजनेता जिनमें पंडित नेहरू, श्रीपाद अमृत डांगे जैसे चिंतक शामिल थे, जो भारत में गांधी जी की हत्या और बंटवारे के समय हुए खूनी खेल को देखकर फासीवाद के आसन्न खतरे के प्रति सचेत थे । वे गांधी जी जैसे युगपुरुष की हत्या के बाद हिंदुत्व फासीवाद की विस्तारित हो रही आंतरिक ताकत और भारतीय समाज में गहरे तक धंसी हुई उसकी जड़ों को देख रहे थे। डॉक्टर अंबेडकर भारत की सामाजिक भूमि को फासीवाद के लिए नव स्वतंत्र देशों में सबसे उर्वरक भूमि के बतौर संविधान सभा में ही घोषणा कर चुके थे। और चिंता व्यक्त की थी कि अगर वर्ण जाति व्यवस्था को जड़मूल से खत्म नहीं किया गया तो राजनीतिक आजादी भी सुरक्षित नहीं रहेगी।

निम्न पूंजीवादी नेतृत्व वाली पार्टियों के सामने तात्कालिक लक्ष्य प्रधान होते हैं। इसलिए उन्होंने फासीवाद के खतरे को कम करके आंका और उसे सामाजिक वैधता देकर राजनीति की मुख्यधारा में ले आकर जीवनामृत प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। (1967 की संविद सरकारें और77 की जनता पार्टी ) अंध कम्युनिज्म विरोध पर खड़ी पूंजीवादी लोकतांत्रिक दुनिया फासीवाद के खतरे को या तो अनदेखा कर रही थी या उसे बचाये रखना चाहती थी। जिससे पूंजीवाद के असाध्य संकट के समय फासीवाद को आगे किया जा सके।भारत में भी विभिन्न कारणों से ऐसा ही हुआ।

अब तो फासीवाद भारतीय समाज का यथार्थ बन चुका है । वह काल्पनिक खतरा नहीं है। बल्कि केंद्र की सत्ता पर कब्जा करने के बाद हमारे देश के लोकतंत्र और समाज के लिए बड़ी चुनौती बन खड़ा है । सत्ता? में आने के बाद अपनी प्रकृति के अनुसार वह लोकतांत्रिक संस्थाओं, मूल्यों और सामाजिक विविधताओं से बने जटिल भारतीय समाज और उसके मिले-जुले संबंधों संस्कृतियों पर हमला कर रहा है। लोकतंत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने के बाद वह एक काल्पनिक भय का सृजन करते हुए लोकतांत्रिक व्यक्तियों, वैज्ञानिकों, तर्क वादियों, साम्यवादियों से लेकर सभी तरह के अल्पसंख्यक समूहों को हर तरह से डराने धमकाने और चुप करा देने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है । उसके पीछे कारपोरेट पूंजी की लुटेरी ताकत खडी है। वर्णजाति का ब्राह्मणवादी ढांचा फासीवाद की सेवा में लगा है । जाति भेद पर खड़ा सामाजिक ढांचा गैर बराबरी की उर्वरक भूमि पर टिका होता है ।

ऐसी स्थितियों में 2014 के महा निर्वाचन में कारपोरेट पूंजी की ताकत के बल पर मोदी की विजय भारत के लोकतंत्र के भविष्य के लिए निर्णायक मोड़ साबित हुई।

निशाने-2014 में जीत कर आने के बाद मोदी के निशाने पर सबसे पहले उनकी पार्टी थी। चुनाव के पहले ही आडवाणी को किनारे लगाकर मोदी पार्टी में लगभग सर्व शक्ति संपन्न हो गए थे। उन्होंने एक-एक कर पुराने महारथियों को किनारे करना शुरू किया। अपने पूर्व सहयोगी अमित शाह को भाजपा का अध्यक्ष बनाकर मोदी ने पार्टी पर पूर्णतया अपना प्राधिकार कायम कर लिया। सत्ता पर कब्जे के बाद मोदी ने सत्ता संस्थानों को धीरे-धीरे नियंत्रण में लेना शुरू किया ।इसका चरम तब आया जब सीबीआई में कूप के बाद आलोक वर्मा को रात्रि के 1 बजे निदेशक पद से हटा दिया गया।

दूसरा , न्यायपालिका पर पड़ रहे दबाव का भंडा 4 जजों द्वारा की जाने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ फूट गया। इसी तरह सेना और नौकरशाही के ढांचे में अनेक तरह के परिवर्तन किए गए।धीरे-धीरे सभी संस्थानों की संवैधानिक स्वायत्तता को खत्म करते हुए मोदी ने भारतीय राज्य यंत्र को अपने कब्जे में कर लिया। इसके बाद शुरू हुआ विध्वंसक अभियान।

पहले कार्यकाल में मोदी ने कारपोरेट परस्त नीतियों को लागू करने तथा सत्ता के समानांतर संघ को मजबूत करने में अपनी शक्ति लगाई। संपूर्ण विमर्श लोकतंत्रवादियों, मानवाधिकार संगठनों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ केंद्रित किया गया। कम्युनिस्ट तो पुराने शत्रु थे ही। 2013 के भूमि अधिग्रहण और संरक्षण कानून को अध्यादेश के द्वारा पलटना, सत्ता की ताकत का खुला दुरुपयोग करते हुए मीडिया संस्थानों से लोकतांत्रिक आवाजों को बाहर करा देना और शिक्षण संस्थाओं खासकर विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता खत्म कर संघ के व्यक्तियों को महत्वपूर्ण पदों पर बैठाकर अपनी नीतियों को लागू किया जाना इसके उदाहरण हैं । मोदी की हिंदुत्व के मजबूत नेता की छवि और पुख्ता की गयी। हिंदुत्व की बुनियाद जाति वर्ण विभाजन पर टिकी है। इसके निचले पायदान पर दलित पिछड़े और महिलाएं आती हैं। हिंदुत्व की आत्मा में दलित पिछड़े और महिला समूह सबसे घृणित और उपेक्षित तबके हैं, जिन्हें किसी भी स्तर पर बराबरी का दर्जा नहीं दिया जा सकता लेकिन सरकार ने अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता में निशाने पर लिया ।

मोदी के पहले कार्यकाल से ही जो नीतियां ली गई उनकी अंतरात्मा जहां कारपोरेट पूंजी द्वारा संचालित थी ।वही उनकी धार स्वाभाविक तौर पर अल्पसंख्यकों, महिलाओं, दलितों के खिलाफ केंद्रित होती गई। जिससे इन सब तबको में सरकार के प्रति विरोध बढ़ा। दलितों ने सरकार के खिलाफ बड़े-बड़े मोर्चा लगाए लेकिन एक समय आया जब औरतों ने हिंदुत्व फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व संभाल लिया। जिसे हम पिछले 9 वर्षों के दौरान स्पष्ट रुप से देख रहे हैं।

पुलवामा की घटना की पृष्ठभूमि में 2019 का चुनाव जीतने के बाद मोदी का असली चेहरा सामने आ गया। वे संघ के घोषित एजेंडे को डंके की चोट पर लागू करने लगे। सर्वप्रथम कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया गया। कश्मीर में तीखे जनविरोध के अलावा शेष भारत में इस सवाल पर बड़ा प्रतिवाद नहीं खड़ा किया जा सका। संघ की बहुत पुरानी नीति रही है की भारत के अल्पसंख्यकों को किसी ने किसी बहाने संदिग्ध बताकर उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया जाय। दूसरे कार्यकाल की दूसरा बड़ा नीतिगत फैसला सीएए- एनआरसी को लागू करना था। नागरिकता की नई परिभाषा में धर्म को घुसा दिया गया जो भारत के संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।

भारत के नागरिकों को सरकार द्वारा निर्धारित( संघनीति )नियमों के आधार पर नागरिकता प्रमाणित करने के लिए कानून बनाने का फैसला आया। ज्योंही यह कानून बहस के लिए लाया गया। सम्पूर्ण देश में अल्पसंख्यकों सहित सभी लोकतांत्रिक नागरिक सशंकित हो गए और इसका विरोध शुरू हो गया। लेकिन सरकार अपनी योजनानुसार आगे बढ़ती रही। खबरें आने लगी की असम सहित भारत के अनेक इलाकों में डिटेंशन कैंप बनाए जा रहे हैं । खबरें आने लगी करीब 17 लाख लोग अपनी नागरिकता प्रमाणित नहीं कर सके। उसमें कई ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति भी थे जो भारतीय सेना में रहते हुए मोर्चों पर लड़े थे और सरकार द्वारा सम्मानित हो चुके थे। ऐसे नागरिकों को डिटेंशन कैंपों में भेजा जाने लगा। 13 लाख से ज्यादा हिंदू भी नागरिकता प्रमाणित नहीं कर सके।

राजधानी दिल्ली में सरकार के नाक के नीचे शाहीनबाग मोहल्ले में हजारों महिलाएं एनआरसी के विरोध में सड़क पर आकर बैठ गयीं। दमन करने का रास्ता चुना गया किया । लेकिन दादियों और नानियों के नेतृत्व में शांतिपूर्ण आंदोलन चलता रहा। वे सड़क पर बैठी नहीं। इनसे बातचीत करने के बाद कोई भी आदमी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता था। शाहीन बाग का प्रभाव और विचार आग की तरह पूरे देश में फैलने लगा। देखते-देखते देश के लगभग सभी राज्यों महानगरों कस्बों तक में शाहिनबाग जन्म लेने लगे। सभी तरह के उकसावे दुष्प्रचार हमले से निरपेक्ष रहते हुए शाहीन बाग की औरतों ने दुनिया में नए तरह का शांतिपूर्ण आंदोलन का इतिहास रच डाला।इस तरह औरतें फासीवाद के खिलाफ लोकतंत्र के संघर्ष के मोर्चे की अग्रिम कतार में आ डटी।

किसान आंदोलन-कोविड-19 के बीच शाहिनबाग को पीछे हटना पड़ा। लेकिन उसकी लोकतांत्रिक प्रतिरोध की उर्जा भारत की महिलाओं के दिलो-दिमाग और चेतना में भर गई थी। इसलिए जब कोविड-19 की पहली लहर उतरते ही तीन कृषि कानूनों अध्यादेश द्वारा लाए गए तो हजारों किसान 26 नवंबर को दिल्ली की तरफ कूच कर दिए। तो किसान महिलाए उनके बगल में आ डटीं। जिन लोगों ने टिकरी सिंघू और गाजीपुर बार्डर पर महिलाओं का जुझारू तेवर सहनशीलता और सेवा देखी है। वे निश्चित ही इस बात को स्वीकार करेंगे कि कारपोरेट फासीवाद के हमले का सबसे बड़ी प्रतिरोधक शक्ति महिलाएं हैं। कई महिलाएं तो किसान आंदोलन में बॉर्डर पर शहीद हुई। शिक्षाऔर शिक्षण संस्थानों पर सुनियोजित हमले शुरू हुए। तो छात्राएं हमले के विरोध में चले आंदोलन की अग्रिम कतार में आ गई। जिन्हें पुलिस का दमन भी झेलना पड़ा।

महिला पहलवानों द्वारा प्रधानमंत्री के समक्ष और विभिन्न जगहों पर उठाए गए सवाल इस बात की गवाही देते हैं कि मोदी राज महिलाओं के लिए कितना यातना दायी हो चुका है। एक सवाल बहुत महत्वपूर्ण है कि लड़कियों का पहलवान बनना स्वयं एक बहुत बड़ा आत्म संघर्ष है। मोदी सरकार बलात्कार के आरोपी के साथ खड़ी होकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला पहलवानों के साथ क्रूरता बर्बरता की सारी हदें पार कर रही है। लेकिन बधाई देना चाहिए महिला पहलवानों को कि उन्होंने इस अंधकार भरे दौर में सार्वजनिक मंच पर आकर बच्चियों के साथ कुश्ती संघ के अध्यक्ष द्वारा किए गए यौन शोषण के सवाल को उठाया है। जो अध्यक्ष सवर्ण सामंती पुरुषवादी सत्ता का सबसे खूंखार चेहरा है।

वर्षों तक अनेकों यातना सहने के बाद अब महिलाएं अपनी स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष के मंच पर आ खड़ी हुई है तो हमें समझ लेना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र के लिए संघर्ष अब नई मंजिल में प्रवेश कर चुका है जो निश्चय ही भारत में नए सामाजिक जागरण का वाहक बनेगा । आज हम जिधर भी निगाह उठा कर देख रहे हैं ।महिलाएं संघर्ष के मोर्चे की अग्रिम कतार में हैं । चाहे वह आशा कर्मी हो,पैराशिक्षक हो ,आंगनबाड़ी, रसोईयां, घरेलू महिला कामगारिनें हों या खेत मजदूर महिलाऐं। सभी बेहतर सुविधाएं और लोकतांत्रिक व्यवहार के लिए संघर्ष के मोर्चे पर लड़ती हुई दिखाई दे रही हैं।

28 मई को जब भारत में संवैधानिक लोकतंत्र की जगह सेंगोल राजतंत्र का आगाज हो रहा था तो ठीक उसी समय फासिस्ट अंधेरे में डूबी दिल्ली की सड़कों पर महिला पहलवानों के सम्मान और डिग्निटी के लिए लडे जा संघर्षों से लोकतंत्र की नई किरण फूटती दिखाई दे रही थी। इस उम्मीद की किरण का स्वागत हर भारतीय को खुले दिल से आगे बढ़कर करना होगा। आज के समय में यही सच्ची देशभक्ति और समाज सेवा होगी।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# भारत-नेपाल सभ्यतागत संबंधों को नई उर्जा

## सामयिकी

**अरविंद जयतिलक**




नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल ह्यप्रचंडह्न की भारत यात्रा ने दोनों देशों के सभ्यतागत संबंधों को मिठास से भर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के साथ संबंधों को हिमालय जितनी ऊंचाई पर ले जाने के संकल्प के साथ सभी विवादित मुद्दों को सहज भाव से सुलझाने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के साथ भारत के शानदार रिश्ते की अहमियत पर बल देते हुए हुए कहा कि उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के तीन महीने के भीतर नेपाल की पहली यात्रा की और हिट (भ्ध्ज) फॉम्युर्ला (हाईवे, आई-वे और ट्रांस-वे) दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि गत नौ वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी हिट रही है। दोनों देशों ने सभ्यतागत संबंधों को नई उर्जा देने के लिए कई समझौतों पर सहमति जतायी है। इन समझौतों में नेपाल के शिरशा एवं जुलाघाट में दो पुल का निर्माण, मोतिहारी अमलेहगंज पाइपलाइन को चितवन तक ले जाने का प्रस्ताव, रुपईडीहा और नेपालगंज में एकीकृत जांच चौकियों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन, पनबिजली में सहयोग, चितवन और झापा में नए स्टोरेज टर्मिनल, नेपाल के लोगों के लिए नए रेलमार्ग, अंतरदेशीय जलमार्ग सुविधा का प्रावधान, भारतीय रेल संस्थानों में नेपाली रेलकर्मियों को प्रशिक्षण, रामायण सर्किट से संबंधित परियोजानाओं में तेजी लाना इत्यादि प्रमुख है। इसके अलावा बिहार के बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड के लिए एक मालवाहक रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखायी गयी। इन समझौतों पर मुहर लगने के बाद अब दोनों देश एकदूसरे के बेहद करीब आएंगे और कुछ मसलों पर उपजी गलतफहमियां दूर होंगी। वैसे भी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार कह चुके हैं कि रक्षा व सुरक्षा में भारत नेपाल के साथ है और उसे इत्मीनान हो जाना चाहिए कि नेपाल की शांति व सुरक्षा के लिए कोई भी खतरा भारतीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरे जैसा है। यानी नेपाल के मित्र भारत के मित्र हैं और नेपाल के शत्रु भारत के शत्रु हैं। यह सच्चाई भी है कि हिमालय की उपत्यका में बसा नेपाल का भारत से ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंध रहा है। लेकिन विगत दशकों में दोनों देशों के बीच कुछ मसलों पर दूरियां बढ़ी हैं जिसकी वजह से चीन को नेपाल के निकट जाने का मौका मिला। यहां ध्यान देना होगा कि चीन द्वारा तिब्बत को हस्तगत किए जाने के बाद से भारत-चीन संबंधों में नेपाल की सामरिक स्थिति का महत्व बढ़ा है। यही कारण है कि चीन भारत के खिलाफ नेपाल को अपने पाले में खड़ा करने की हरसंभव कोशिश करता है। लेकिन भारत-नेपाल के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों के कारण चीन की खतरनाक मंशा पूरी होने वाली नहीं है। उसका कारण यह है कि नेपाल को लेकर भारत की भूमिका सदैव बड़े भाई की रही है। आजादी के बाद से ही भारत नेपाल को हर तरह का प्रशिक्षण, तकनीकी और गैर तकनीकी सहयोग देता आ रहा है। अभी गत वर्ष ही भारत आए नेपाली प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस से हरी झंडी दिखाकर बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था के बीच चलने वाली टेंन्न को रवाना कर आठ साल से बंद रेल सेवा को पटरी पर दौड़ाया। तब दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने बिजली ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन और नेपाल में भारत के रुपे भुगतान कार्ड की शुरूआत कर एक नए अध्याय की नींव रखी। गौर करें तो भारत ने नेपाल की कई परियोजनाओं में बढ़ चढ़कर सहयोग दिया है। इनमें देवी घाट, त्रिशुल करनाली और पंचेश्वर जल विद्युत परियोजनाएं अति महत्वपूर्ण हैं। भारत त्रिभुवन गणपथ, काठमांडु त्रिशुली मार्ग तथा त्रिभुवन हवाई अड्डा के निर्माण में भी सहयोग किया है। इसके अलावा भारत नेपाल के भू वैज्ञानिक अनुसंधान तथान खनिज खोजबीन के काम में भी मदद कर रहा है। भारत ने काठमांडु घाटी के एक उप नगर पाटन में एक औद्योगिक बस्ती की स्थापना कर रिश्ते को उर्जा से भर दिया है। लेकिन यह विडंबना है कि नेपाल के मन में कुछ आशंकाएं हैं। मसलन वह अब भी भारत के संदर्भ में जूनियर भागीदार के मनोविज्ञान से ग्रसित है तथा दक्षिण के पड़ोसी के आधिपत्य की आशंका का भूत उसे सताता रहता है। नेपाल भारत और चीन के साथ समदूरी सिद्धांत के आधार पर संबंधों का निर्वहन करना चाहता है। देखें तो यह उसकी परंपरागत नीति भी है। 1769 में आधुनिक नेपाल की स्थापना के साथ ही उसके निमार्ता पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल की विदेश नीति निर्धारित कर दी थी। उन्होंने कहा था कि नेपाल देश दो चट्टानों के बीच खिले हुए फूल के समान है। हमें चीनी सम्राट के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने चाहिए तथा हमारे संबंध दक्षिणी सागरों के सम्राट से भी संबंध मधुर होना चाहिए। नेपाल आज भी उसी पुरानी नीति पर कायम है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी लगातार दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने की कोशिश कर रहे हैं। याद होगा प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल की संसद को संबोधित करते हुए विश्वास दिलाया था कि वह भारत के सवा करोड़ लोगों की ओर से दोस्ती और सद्भावना का संदेश लेकर आए हैं। उनकी इच्छा है कि भारत और नेपाल विकास की डगर पर कंधा से कंधा मिलाकर चले। यहां ध्यान देना होगा कि भारत-नेपाल के बीच रिश्ते में खटास तब उत्पन हुआ जब 1987 में राजीव गांधी की सरकार ने नेपाल को अनाज, तेल और गैस की आपूर्ति बंद कर दी। सिर्फ इसलिए कि काठमांडों स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में राजीव गांधी और उनकी पत्नी सोनिया गांधी को प्रवेश और पूजा-अर्चना की अनुमति नहीं मिली। भारत के प्रतिबंध के बाद नेपाल की जनता सड़क पर उतर आयी और भारत विरोधी नारे लगाए। चीन इसका फायदा उठाने में सफल रहा। उसी समय से चीन नेपाल में अपनी भूमिका का विस्तार करने लगा। यह सच्चाई है कि नेपाली शासक और चीन के प्रबल पक्षधर राजा ज्ञानेंद्र को नेपाली जनता द्वारा खारिज किए जाने के बाद भी आज वहां चीन की पक्षधरता वाले लोगों की कमी नहीं है। बदलते परिदृश्य पर गौर करें तो नेपाल में एक ऐसा वर्ग तैयार हो गया है जो अपने यहां चीन की दखलादांजी को अनुचित नहीं मानता। चीन इस तथ्य से अवगत है और वह नेपाल के विकास के नाम पर अरबों लुटाने को तैयार है। अपने सामरिक हित के लिए वह नेपाल में रेलवे लाईन बिछाने से लेकर बेहतरीन सड़कों के निर्माण का कार्य कर रहा है। वह शिक्षा और बिजली-पानी के क्षेत्र में भी नेपाल की बढ़-चढ़कर मदद कर रहा है। नेपाल के लोगों को प्रभावित करने के उद्देश्य से वहां पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला के अलावा हजारों की संख्या में स्कूल खोल रहा है। त्रासदी यह है कि नेपाल में चीन की बढ़ती दखलादांजी को वहां के माओवादियों का खुला समर्थन हासिल है।

यह भारत की संप्रभुता के लिए खतरनाक है। दूसरी ओर नेपाली माओवादी भी भारत-नेपाल रिश्ते में अवरुद्ध पैदा करना चाहते हैं। वे 1950 की भारत-नेपाल मैत्री संधि का शुरूआत से विरोध कर रहे हैं जबकि यह संधि भारत के सामरिक लिहाज से अति महत्वपूर्ण है। बता दें कि नेपाल के साथ 1950 में की गयी यह संधि इस समय भारत-नेपाल संबंधों में असहमति का एकमात्र मुद्दा है। संधि के मुताबिक नेपाल यदि हथियारों का कोई आयात करेगा तो भारत को सूचित करेगा। यह प्रावधान इसलिए है कि नेपाल को हथियारों के आयात की आवश्यकताओं की भारत से ही पूर्ति की जा सके और उसे अपनी विदेशी मुद्रा इस पर खर्च न करनी पड़े। लेकिन नेपाल द्वारा जिस तरह इस संधि को परिभाषित किया जा रहा है उससे प्रतीत होता है कि वह इस संधि को अपनी संप्रभुता के खिलाफ मानता है। उचित होगा कि नेपाल भारत को लेकर किसी तरह का भ्रम न पाले। उसे विश्वास करना होगा कि भारत उसका सच्चा मित्र है और कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उसके साथ खड़ा रहा है। उम्मीद किया जाना चाहिए कि नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा से दोनों देशों के रिश्ते पहले से भी अधिक प्रगाढ़ और उर्जा से लबरेज होंगे।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य

# खुले में शौच



**हरिशंकर राढ़ी**

सरकार का प्रण है कि अब वह किसी को खुले में शौच नहीं करने देगी। बेहतर तो होगा कि लोग शौच ही न करें। लेकिन लोग हैं कि मानते नहीं। भोजन करें न करें, शौच जरूर करेंगे। सदियों से करते आए हैं। जब चाहे, जहाँ चाहे, करते रहे। खाते हुए कोई देखे न देखे, शौच करते जरूर दिखाएँगे। शौच करने से लोगों को पता चल जाता है कि यह खाता भी होगा। अपने पड़ोसी मुल्क को छोड़ सारी दुनिया दिखाना चाहती है कि उसके यहाँ खाने की कमी नहीं है। क्या करें, पड़ोसी और विपक्षी तो कभी चाहते ही नहीं खाने-पीने में देश आत्मनिर्भर हो। पहले सरकारों को जनता के शौच से कुछ लेना-देना नहीं था। करती है तो करती रहे। जहाँ उसकी मर्जी हो, वहाँ करे। लोकतंत्र में इतना तो हक होना ही चाहिए कि खाने की सुविधा और आजादी हो न हो, शौच की अवश्य हो। जनता भी वही है, उँगली पकड़ते-पकड़ते गट्टा पकड़ने लगती है। सो, अब सरकारों को शौच से समस्या होने लगी है। तब अनपढ़ों की संख्या ज्यादा थी। अनपढ़-गँवार सरकारों पर शौच नहीं करते। वे जंगल और खेत में करते थे। धीरे-धीरे लोग धरना-प्रदर्शन लेकर वनपथ से जनपथ और राजपथ तक आने लगे। राजपथ पर ऐसा नहीं चलेगा। वहाँ से राज्य की व्यवस्था दिखती है। विदेशी आते हैं, वीआईपी आते हैं। वे शौच पर बहुत ध्यान देते हैं।

शौचालय पहले भी थे, लेकिन कम थे। पुरानी तकनीक के थे। विज्ञान और तकनीक में क्रांति आने से शौचालय में भी क्रांति आई। उधर सुलभ शौचालय बने तो इधर सोशल मीडिया शौचालय बने। दिक्कत तब हुई जब वैचारिक शौच की दुर्गंध फैलने लगी। पेट भरा तो किसी को धार्मिक अफारा, किसी को जातिवादी गुड़गुड़, कहीं सांप्रदायिकता का कब्ज तो किसी को धन का अजीर्ण सालने लगा। सच कहिए तो कोई-कोई ही बचा जो अजीर्ण टाइप के राजरोगों से बचा है। अब ये चीजें पैदा हो गईं तो अंदर तो टिकेंगी नहीं। उन्हें किसी न किसी रूप में बाहर आएँगी ही। समस्या यह हुई कि इतने लोगों को शौचालय मिले कहाँ? यह तो भला हो तकनीक और इंटरनेट का कि जिसने सोशल मीडिया का सामुदायिक शौचालय मुहैया करा दिया।

जहाँ अफाराग्रस्त लोग इस सोशल मीडिया सामुदायिक शौचालय पर लाइन लगाकर बैठ गए, वहीं कुछ लोगों ने अखबारों-पत्रिकाओं की ओर रुख किया। जिनके पास अखबार रूपी बड़े शौचालय नहीं थे, उन्हेंने मुहल्ला टाइम्स टाइप के चलताऊ यानी पोर्टेबल शौचालय बना लिए। एक बार दस्त की बीमारी से छुटकारा हुआ तो ये शौचालय भी बंद। अब इस समस्या से सरकार परेशान है। वह चाहती है कि इस प्रकार के खुले शौच बंद हों। जिसे करना है, वह अपने घर में निपटे। किसी को पता न चले। विचारों का दस्त लोगों को पहले भी लगता था, लेकिन ये चुपचाप निपट लेते थे।

सत्ता ने सोच लिया है कि उसे खुले में शौच रोकना है। यह सरकार दूरदर्शी है। दूर की सोचती है। अब वह विचारों की खुराक ही बंद करेगी। इसके लिए उसने शिक्षा मुफ्त कर दी है। सरकारी स्कूलों में ऐसी पढ़ाई कराएगी, जिससे बच्चा बिना पढ़े ही सारी कक्षाएँ पास कर लेगा। नहीं पास करता है तो शिक्षक को दंडित करेगी। सारी समस्या की जड़ ये शिक्षक ही हैं। पास ही नहीं करना चाहते किसी बच्चे को। जब ये नपना शुरू होंगे तो बच्चे को पढ़ाएँ या न पढ़ाएँ, पास जरूर करेंगे। कॉपी-किताब, पेंसिल, कपड़ा और नशे के लिए आर्थिक अवदान सरकार देगी। ससुरे, अब तुम बताओ दस साल बाद विचार कहाँ से लाओगे? न विचार लाओगे, न खुले में वैचारिक शौच करोगे।

इधर राजनीतिक शौचालयों का हाल बुरा हो गया है। उस पर किसी का ध्यान ही नहीं। जिन्हें इन पर ध्यान देना था, वे खुद शौचालयों में घुसे पड़े हैं। बाहर लंबी लाइन है। अपने अपने दल का झंडा लपेटे, डिब्बा लिए लोग इंतजार कर रहे हैं कि सत्ता के शौचालय में जिन्हें पाँच साल हो गया है, वे जल्दी निकलें तो हम अंदर घुसें। लेकिन वे हैं कि अंदर से सिटकिनी लगाकर मानो आराम फरमा रहे हैं। क्या पता, अंदर कोई बीड़ी जला ली हो या मुफ्त की कोई खैनी मल रहे हों। आजकल के लोग तो मोबाइल लेकर जाते है। वहीं गेम खेलते हैं या फिर जानू को मैसेज करते रहते हैं।

सुना है कि विकसित देशों में लोग खुले मे शौच नहीं करते। वहाँ ढाबे और होटल से ज्यादा शौचालय होते हैं। एक से एक, चमकते-दमकते और गमकते। बुद्धिराम जी कई देशों के शौचालय से हो आए हैं। वे बताते हैं कि वहाँ के शौचालय इतने स्वच्छ और सुंदर होते हैं कि यहाँ के आदमी की आत्मा ही नहीं कहेगी कि उसमें शौच की जाए। अपने यहाँ की जनता इस मामले में न्यायप्रिय है। जैसा पशु, वैसा बंधन। शौचालय हो तो शौचालय की तरह रहो। देखकर लगे कि यहाँ शौच की जाती है।

सदियों से उसके लिए तो अपने यहाँ सड़क की पटरियाँ, चकरोड के किनारे, नदियों के तट और खाली प्लॉट ही ठीक रहे हैं। रहने के लिए ढंग की झोपड़ी मिल जाए तो शौचालय की सोचे। यानी सर्दी की रात और गरमी की दोपहरी तो खुले में काटे और शौच के लिए आधुनिक शौचालय में जाए। लेकिन सरकार है कि खुले में जाने नहीं देगी और प्रधान जी पक्का बनने नहीं देंगे। बेचारा जो आधा-अधूरा खा रहा है, उसे भी बंद करना पड़ेगा।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 9654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को सांसद ने दिया नियुक्ति पत्र

**आजमगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 75 जनपदों के लिए चयनित 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार आजमगढ़ में किया गया।

इसी क्रम में जनपद स्तर पर चयनित 171 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को सांसद दिनेश लाल यादव, प्रभारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. ओपी तिवारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.इन्द्रनारायण तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। सांसद ने जनपद में नव चयनित समस्त एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को बधाई दी एवं कहा कि आप जहां भी कार्य करें, वहां पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ बिना भेदभाव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलायें। प्रभारी जिलाधिकारी ने चयनित समस्त एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने में एएनएम का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

उन्होने कहा कि सौंपे गये कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। संचालन अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, डीआईओ एनआईसी चन्दन यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं नव चयनित एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्री उपस्थित रहीं।


स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र देते सांसद दिनेश लाल यादव

# एसडीएम ने राजस्व संग्रह अमीन के साथ की बैठक

## समीक्षा कर लगाई फटकार

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के राजस्व संग्रह अमीनों के साथ उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने बैठक की। राजस्व संग्रह की समीक्षा कर फटकार लगाते हुए वृद्धि के लिए निर्देश दिया। न्यायालय कर व व्यापार कर बकाया पर नाराजगी व्यक्त की और तेजी से वसूली के लिए निर्देशित किया। सगड़ी तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने तहसील क्षेत्र में कार्यरत संग्रह अमीनों के साथ बैठक की।

इस दौरान क्रमशः क्षेत्रवार संग्रह अमीनो के राजस्व बकाया वसूली पर समीक्षा की। समीक्षा में राजस्व संग्रह अमीनों के बकाया पर कड़ी फटकार लगाई और राजस्व की वृद्धि के लिए कड़े निर्देश दिये। इस दौरान तहसील क्षेत्र में न्यायालय कर व व्यापार कर के बकाया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र में तेजी के साथ न्यायालय व व्यापार कर की वसूली तेज किया जाय। अमीनो को अपने-अपने क्षेत्र में बकाया की स्थिति सुधारने व बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाकर वसूली करने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में अवलेंद्र सिंह, जनार्दन सिंह, श्रीराम यादव, राम विनय राम, कमलेश प्रजापति, संजीव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते एसडीएम राजीव रतन सिंह

## संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार विशेष जनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून के बीच चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में अतरौलिया निरीक्षण भवन में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष लालगंज ऋषि कांत राय व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विस्तारक निश्चल विधानसभा विस्तारक रोहित त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम के संयोजक युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी रहे। संचालन संतराम निषाद ने किया। सर्वप्रथम दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय ने मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल गरीब कल्याण को समर्पित हैं। उन्होंने हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाईं और उन तक पहुंचाई हैं। कोयलसा ब्लॉक प्रमुख संतोष यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार आज तक के भारत के इतिहास में और विश्व में सबसे ज्यादा लोकप्रिय सरकार है। आधुनिक भारत के विकास के स्वर्णिम पल का इतिहास रचा जा रहा है। सम्मेलन को युवा नेता हर्षित सिंह, ने भी संबोधित किया। मौके पर नेहा, ऋचा, अंकित, जय किशन, रामचंद्र, आनंद, राजेश, संतराम निषाद, विनीत, प्रदीप, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

### अवसरों का लाभ उठायें शिक्षार्थी: घनश्याम पटेल



**पटवध (आजमगढ़)।** ऐसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र, आजमगढ़ की केंद्र प्रमुख, प्रिंसी राय सिंह ने अपने स्टाफ के साथ, घनश्याम सिंह पटेल, स्वतंत्र निदेशक राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड वाइजैग (विशाखापट्टनम) और किसान मोर्चा के राज्य महामंत्री का स्वागत किया। प्रिंसी राय ने बताया कि पटेल द्वारा समय-समय पर केंद्र के दौरे के साथ-साथ हमारी संस्था का भी ख्याल रखा जाता है और आज उनके द्वारा हमारे छात्रों के साथ बातचीत भी की गई और उन्हें स्टार्टअप के नए विचारों और परियोजनाओं के साथ आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्टार्टअप यात्रा शुरू करने के लिए विभिन्न कहानियों के साथ प्रेरित किया। भविष्य में आरआईएनएल वाइजैग के साथ काम करने के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों का लाभ उठाने के लिए शिक्षार्थियों को भी आमंत्रित किया। यह सरकार द्वारा चलाई जा रही ऐसी संस्था है जिसमें बच्चों के भविष्य के लिए तमाम टेक्निकल छोटे-छोटे कोर्स चलाए जा रहे हैं जिससे बच्चे भविष्य में अपनी जीविका चला सकते हैं। इन संस्थाओं के माध्यम से सरकार बच्चों पर तमाम खर्च कर रही है बस लोगों को जागरूक होकर इसका लाभ लेना चाहिए।

### गर्भवती महिलाओं का किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**आजमगढ़।** रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निःशुल्क कैम्प का आयोजन शुक्रवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा. खुशबू सिंह ने कहा कि वर्तमान में मौसम तेजी गर्म हो रहा है ऐसे में लापरवाही बिल्कुल न करें। गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा बच्चा दोनों ठीक रहे। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें। रमा परिवार सभी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य महिलाओं से अपील किया कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठायें ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। प्रबंधक डा.अमित सिंह ने बताया कि कुल 61 महिलाओं का निश्शुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का परीक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। रमा हॉस्पिटल में 9 तारीख को निशुल्क शिविर गर्भवती महिलाओं के लिए चलता है। व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की 9 तारीख को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। मौके पर गौरव, मनीष, मोनू, श्रीकांत, विकास, नागेन्द्र, सीमा, अनीता, गीता आदि मौजूद रहीं।



### पोखरी पर हुई जीत की खुशी में ग्रामीणों ने किया भंडारा

**जहानागंज (आजमगढ़)।** गुरुवार को तहसील सदर के टेल्हुआ चकवली गांव के ग्रामीणों ने पोखरी पर मिली जीत की खुशी में कीर्तन भजन कर देर शाम भंडारे का आयोजन किया। यह मामला लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन था। एक पक्ष भूमिधरी की वकालत करता था तो दूसरा पक्ष पोखरी की वकालत कर रहा था, जिसको लेकर आएदिन विवाद हो रहा था और दोनों पक्ष थाने से लेकर तहसील का चक्कर लगा रहे थे। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रभारी एसडीएम न्यायिक ऋचा श्रीवास्तव ने पोखरी के पक्ष में निर्णय दे दिया। इस मामले पर तहसील सदर में दिवाकर बनाम रामवृक्ष का वाद वर्षो पूर्व से चलता आ रहा था। बाद में एसडीएम न्यायिक के न्यायालय में चलने लगा जिसमें प्रभारी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट न्यायिक ऋचा श्रीवास्तव ने गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों के तथ्यों को बखूबी सुना तथा पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों व तहसीलदार सदर और चकबंदी अधिकारी की रिपोर्ट का सम्यक रूप से अवलोकन कर महीनों पूर्व निर्णय पारित किया था। जिसकी खुशी में ग्रामीणों ने गुरुवार को शिव मंदिर पर सतनाम साहेब के नाम का कीर्तन व पूजा पाठ कर भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अखिलेश यादव, देवनाथ, राधेश्याम, दिवाकर, राम प्रकाश, उमेश, विद्यासागर, जितेंद्र उर्फ पप्पू, उषा, सुनीता, हौशिला आदि उपस्थित रहे।

### तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण व सरकारी भूमि स्थित बरगद का पेड़ काटने पर उप जिलाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने सगड़ी तहसील क्षेत्र के चेवता ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 1 क क्षेत्रफल 0.10 9 हेक्टेयर ऊसर भूमि के रूप में अंकित है वहीं सरकारी भूमि पर वन्य उत्पाद बरगद का विशाल वृक्ष स्थित था जिसको रंजन पुत्र बलिराम विलास पुत्र अज्ञात प्रेम नारायण पुत्र जंगी निवासी चेवता ने बिना किसी अनुमति के विशाल बरगद के वृक्ष को काट दिया। गाटा संख्या एक उसर भूमि पर अवैध रूप से मकान का निर्माण कर रहे थे जिस पर लेखपाल मंडल चेवता यशपाल गौतम पुत्र सुग्रीव राम निवासी कुंदीगढ़ थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ द्वारा कप्तानगंज थाने पर तहरीर दी गई। कप्तानगंज पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर सार्वजनिक संपति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश में जुट गई। उप जिलाधिकारी के इस कार्य से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

### फायरिंग कर उखाड़ा खड़ंजा, मुकदमा दर्ज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के हरसिंहपुर गांव में रास्ते के विवाद पर रात्रि में मनबढ़ों ने फायरिंग कर खड़ंजा उखाड़ कर फेंक दिया। 6 ज्ञात व 10 अज्ञात पर जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। 3 वर्षों से रास्ते का विवाद न्यायालय में चल रहा था। रेखा यादव पत्नी हरि यादव निवासी हरसिंहपुर ने जीयनपुर थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुरुवार की रात्रि 3 वर्षों से रास्ते को लेकर चल रहे विवाद में बेचन पुत्र सतई के परिजन व 10 अज्ञात व्यक्तियों ने फायरिंग करते हुए खड़ंजा उखाड़ कर फेंक दिया। वहीं घर पर ईंट पत्थर की बौछार कर दी। रेखा यादव की तहरीर पर जीयनपुर पुलिस ने बेचन पुत्र सतई, धर्मेंद्र पुत्र बेचन, सुरेंद्र पुत्र बेचन,साधना पत्नी बेचन, भागवती पुत्र चंद्रदेव, श्रवण पुत्र श्रीराम निवासी हरसिंहपुर व राम विनय पुत्र हरिलाल निवासी अलवाई थाना बिलरियागंज सहित 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित अभियुक्त धराया

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना अतरौलिया पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह थाना अतरौलिया की लिखित तहरीर पर अभियुक्तगण सचिन उर्फ आकृति पाण्डेय पुत्र रामदयाल पाण्डेय निवासी अचलीपुर थाना अतरौलिया, शुभम गुप्ता पुत्र गया प्रसाद ग्राम तिलकटाण्डा थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकर नगर, विट्टू उर्फ नीरज पुत्र स्व.राजमंगल यादव निवासी झीसूपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ हाल पता ग्राम पकड़ी थाना अहरौला, राहुल यादव पुत्र स्व.राजमंगल यादव ग्राम झीसूपर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ हाल पता ग्राम पकड़ी थाना अहरौला, बिक्की उर्फ विजय सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी पैड़िया थाना अहरौला, अनुराग शुक्ला पुत्र मुन्ना शुक्ला ग्राम इटौरी थाना अतरौलिया, सुशीला पत्नी स्व.राजमंगल यादव ग्राम झीसूपुर थाना अतरौलिया हाल पता पकड़ी थाना अहरौला के विरुद्ध बीते 18 अप्रैल को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाजविरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना अतरौलिया में पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों का संगठित आपराधिक गिरोह है जिसका गैंगलीडर सचिन उर्फ आकृति पाण्डेय पुत्र रामदयाल पाण्डेय निवासी अचलीपुर थाना अतरौलिया है। इस गैंग द्वारा हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, वाहन चोरी आदि जैसे जघन्य अपराध कारित किया गया है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने मुकदमा उपरोक्त में वांछित गैंगस्टर एक्ट का अभियुक्त अनुराग शुक्ला पुत्र मुन्ना शुक्ला निवासी इटौरी थाना अतरौलिया को मदियापार मोड़ से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।



# घटतौली की शिकायत पर हुई कोटेदारों की जांच

**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के कोटेदार राशिद अली द्वारा राशन वितरण में घटतौली की शिकायत की शुक्रवार को जांच टीम ने की। जिला खाद्य रसद अधिकारी के निर्देश पर फूलपुर के पूर्ति निरीक्षक संतलाल ने माहुल पहुंच कर अंत्योदय और पात्र गृहस्थी के लगभग सौ कार्ड धारकों के बयान दर्ज किया जिससे यहां हड़कंप मचा रहा। अतरौलिया निवासी और भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक रमाकांत मिश्र ने 27 मई को लखनऊ पहुंच कर खाद्य एवं रसद आयुक्त को नगर पंचायत माहुल के चार कोटेदारों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। शिकायती पत्र में उन्होंने कोटेदारों द्वारा प्रति यूनिट एक किलो राशन कम देने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की थी। मंडलायुक्त के आदेश पर जिला खाद्य एवम रसद अधिकारी के निर्देश पर फूलपुर क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक संतलाल ने माहुल पहुंचकर यहां के वार्ड नम्बर पांच सरदार बल्लभ भाई पटेल नगर और वार्ड नम्बर चार के लगभग 100 पात्र गृहस्थी और 14 अंत्योदय कार्ड धारकों के घर पहुंच कर उनके बयान दर्ज किए जिससे कोटेदारों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक संतलाल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोटेदार द्वारा कम राशन वितरित करने की जांच के क्रम में नागरिकों के बयान लिए जा रहे हैं। उसके बाद रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी जाएगी।


कार्डधारकों का बयान दर्ज करते जांच अधिकारी

# मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना सिधारी पुलिस ने मार-पीटकर गंभीर रूप से चोट पहुंचाने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 7 जून को रमेश पुत्र शंकर राम निवासी खेमऊपुर थाना सिधारी ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि अभियुक्तों दिनेश पुत्र शंकर, अंगद पुत्र दिनेश, कुलदीप पुत्र दिनेश, व शंकर पुत्र रामदेव निवासीगण खेमऊपुर थाना सिधारी द्वारा आम तोड़ने के विवाद को लेकर वादी को पेड़ से उतार कर बुरी तरह से मारा-पीटा जिससे वादी का सिर कई जगह से फट गया व वादी की पत्नी अनिता पुत्र विजय, भाई गनेश व उसकी पत्नी को भी मारा-पीटा जिससे उनका भी सिर फट गया।

लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। गुरूवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तों अंगद पुत्र दिनेश व दिनेश पुत्र शंकर निवासी खेमऊपुर थाना सिधारी को लाईफ लाईन हास्पिटल समेदा से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# मार्ग दुर्घटना में दंपति घायल


घायल को अस्पताल ले जाते स्थानीय लोग

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उपटापार बांसगांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक बाइक पर बैठे दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सुजानपुर पोस्ट मुखलिसपुर थाना कप्तानगंज निवासी बाबूलाल 40 वर्ष अपनी पत्नी सरिता 38 वर्ष को लेकर सुजानपुर से अतरौलिया की तरफ जा रहा था। रास्ते में उपटापार बांसगांव के समीप सामने से आ रही बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गयी जिसमें बाइक पर सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। आमने-सामने बाइक की टक्कर में बाबूलाल गिर गया और उनके सिर में गंभीर चोटे आई तथा पीछे बैठी पत्नी भी बुरी तरह घायल हो गई। वहीं सामने से आ रहा अज्ञात बाइक सवार अपनी बाइक लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने आनन-फानन में घायलों को नजदीकी 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### कार-बाइक की टक्कर में युवक घायल

**फूलपुर (आजमगढ़)।** लखनऊ बलिया मार्ग पर ग्राम जगदीशपुर स्थित गंगा प्रसाद इण्टर कालेज के सामने बाईक और स्विफ्ट की टक्कर में नरेंद्र कुमार 35 वर्ष पुत्र पलकधारी निवासी चमावा थाना फूलपुर बुरी तरह जख्मी हो गया। नरेंद्र कुमार भाई की शादी का कार्ड रिश्तेदार में बांटने बाईक से सरायमीर गया था। सरायमीर से वापस फूलपुर आ रहा था कि जगदीशपुर गांव के पास गंगा प्रसाद इण्टर कालेज के सामने शाहगंज की तरफ से आजमगढ़ की तरफ जा रही कार से आमने सामने टक्कर हो गयी। टक्कर से नरेंद्र कुमार का दाहिना पैर बुरी तरह कट गया। स्थानीय लोगों ने जख्मी नरेंद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने गम्भीर स्थिति देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए वाराणसी ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहन को अपनी कस्टडी में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया था।



# तहसील परिसर में हो रही हरे पेड़ों की कटाई

**मनमानी**

## दोषी ठेकेदार के खिलाफ होगी कार्रवाई

**जनसंदेश न्यूज**

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील परिसर में हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। उक्त आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने बताया कि बिना एसडीएम के निर्देश पर तहसील परिसर में 41 हरे छायादार पेड़ों को कटवा दिया गया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि यह जो पेड़ छायादार थे इन्हीं के नीचे लोग अपने वाहन व छाया में लोग खड़े हुआ करते थे। लेकिन तहसील प्रशासन अधिकारियों की मनमानी के चलते इन सब पेड़ों को काट लिया गया। अधिवक्ता अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि ये पेड़ बड़े ही कीमती हैं धन उगाही के चक्कर में इन पेड़ों को काटा गया है। अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जहां विश्व पर्यावरण दिवस के दिन लोग देश में पेड़ लगा रहे थे वहीं उसी दिन से यहां हरे पेड़ काटे जा रहे थे। जब जिम्मेदार लोग इस तरह का काम करेंगे तो आम जनता को इनके द्वारा न्याय कहां से मिलेगा। इस संबंध में अधिवक्ताओं का कहना है कि पेड़ से हमें ऑक्सीजन छाया हवा तमाम किस्म की औषधि मिलती हैं लेकिन अधिकारियों के मनमाने रवैया के चलते नियम को ताक पर रखा गया।

इस संबंध में एसडीएम नवीन प्रसाद ने बताया कि अधिवक्ताओं का आरोप गलत है। इन पेड़ों की नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसका विज्ञापन प्रकाशन भी अखबार में हो चुका है। लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कुछ बिना नीलामी हुए पेड़ को भी काटने का आरोप लगाया जा रहा है। मेरे द्वारा मामले की जांच की जाएगी, दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


बूढ़नपुर तहसील परिसर में काटे गये पेड़

### शिकायत निवारण में जनपद को प्रदेश में मिला तीसरा स्थान

**आजमगढ़।** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन द्वारा जारी माह मई-2023 की मासिक रैंकिंग में पूरे प्रदेश में जनपद ने तीसरा स्थान हासिल किया। थानावार रैंकिंग में जनपद के 20 थानों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनशिकायत के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व संन्तुष्टिपूर्ण निस्तारण, समाधान हेतु समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली प्रचलित है। शासन के निदेर्शानुसार, पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व व निकट पर्यवेक्षण में जनपद के प्रत्येक थानों द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। माह मई-2023 में पूरे प्रदेश रैंकिंग में जनपद को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है तथा जनपद के 20 थानों द्वारा थानावार रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारीगणों के कार्य की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसी एवं इससे बेहतर परिणाम लाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# भवनाथपुर-जहांगीरगंज मार्ग क्षतिग्रस्त, परेशानी

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अतरौलिया से भवनाथपुर, जहांगीरगंज मार्ग की स्थिति इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। दिन रात ओवलोड ट्रकों के आने जाने से सड़क मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसे में इस सड़क मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है जिसके कारण प्रतिदिन दुर्घटना में दर्जनों लोगों जख्मी होते है। इसे लेकर चनैता गांव निवासियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य से पहले ही कार्य योजना का बोर्ड लगा दिया गया जिसका समय सीमा भी समाप्त हो गया लेकिन अभी तक इस रोड पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं हुआ। बारिश का मौसम आने वाला है अगर जल्द इस सड़क मार्ग का निर्माण नहीं होता तो बहुत से लोगों की दुर्घटना में चोटिल होने की संभावना है। निर्माण कार्य शुरू न होने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है जबकि इस गड्ढा युक्त सड़क मार्ग से दर्जनों गांव प्रभावित हो रहे हैं। यह सड़क मार्ग सरकार के दावों की पोल खोल रहा है। इस संदर्भ में एई मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बहुत जल्द ही इस सड़क मार्ग का निर्माण कर पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य में जो मशीन लगाई गयी थी वह अभी दूसरे सड़क निर्माण कार्य में लगी हुई है। सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है सड़क मार्ग की टेस्टिंग करा दी गई है बहुत जल्द ही इस पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।


सड़क के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण

# एसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य पुलिस द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों ने दौड़ लगायी।

एसपी श्री आर्य ने अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया। पुलिस लाईन परिसर में हो रहे नवीनीकरण कार्यों निरीक्षण किया।

पुलिस लाईन भोजनालय के नवीनीकरण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया तथा भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई व सेहतमंद भोजन बनाने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात पुलिस लाईन में हो रहे निर्माण व मरम्मत कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों के आवासीय परिसर, पुलिस कर्मियों के बैरेक, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सालय, डॉग स्क्वाड के रहने की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण कर साफ-सफाई आदि के संबंध में क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। पुलिस लाईन में निरीक्षण के दौरान अमरिंदर सिंह (आईपीएस), गौरव शर्मा क्षेत्राधिकारी लाईन्स व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन्स उपस्थित रहे।


पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी अनुराग आर्य

### जीवा के हत्यारे का जनपद से जुड़ रहा तार

**लालगंज (आजमगढ़)।** गैंगस्टर मुख्तार अंसारी गिरोह के सदस्य संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की लखनऊ अदालत परिसर के भीतर हत्या करने का आरोपी विजय यादव जौनपुर जिले के केराकत कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव का निवासी है। विजय की क्राइम हिस्ट्री का कनेक्शन आजमगढ़ से भी जुड़ा हुआ पाया जा रहा है। उसके खिलाफ लगभग 7 वर्ष पूर्व देवगांव कोतवाली में नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्यारोपी विजय यादव उर्फ आनंद आजमगढ़ की मंडलीय कारागार में तीन महीने से ज्यादा समय तक बंद भी था। जिले के देवगांव थाने में दर्ज अपहरण और रेप के मामले में आरोपी को उस समय जेल भेजा गया था। मंडलीय कारागार में आरोपी को 16 अगस्त 2016 को भेजा गया था, जहां से 27 नवंबर 2016 को जमानत मिली। आरोपी विजय यादव उर्फ आनंद के विरुद्ध जिले के देवगांव कोतवाली में छह जून 2016 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। बताया जा रहा है कि उसके बाद वह मुंबई चला गया यहां किसी कंपनी में काम करने लगा। लॉकडाउन में वह घर पर रहा, उसके बाद परिजनों से उसने कहा कि वह नौकरी ठीक नहीं है और अब वह लखनऊ जा रहा है। लखनऊ रहते हुए उसने इस घटना को अंजाम दिया।

# अधिकारियों ने किया गन्ने का सर्वे

## गन्ना किसानों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश


गन्ने का सर्वे करते अधिकारी

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** क्षेत्र में चल रहे गन्ना सर्वे का मुख्य गन्ना अधिकारी एवं चीफ केमिस्ट सठियांव चीनी मिल ने निरीक्षण किया। बूढ़नपुर गन्ना समिति क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गन्ना क्रय केंद्र अतरैठ, छितौनी, मदियापार, पकरडीहा आदि गांवों में हो रहे गन्ना सर्वे का सठियांव चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह एवं चीफ केमिस्ट बीके यादव ने निरीक्षण किया। पकरडीहा गांव में पहुचे दोनों अधिकारियों ने सर्वे किए गए विभिन्न प्लाटों की दोबारा नापी करवाई जो सही पाया गया। मुख्य गन्ना अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में इस समय गन्ना सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। प्रत्येक गांव में सर्वे की सूचना एक दिन पहले ही गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से दे दी जा रही है। किसान अपने खेत पर उपस्थित होकर अपने खेत का सही-सही सर्वे अवश्य करा लें एवं सर्वे स्लिप प्राप्त कर लें। सर्वे के उपरांत किसान अपना घोषणा पत्र भी भर दें। उन्होंने बताया कि पेराई सत्र 22-23 का 25 जनवरी तक गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है। शीघ्र और भुगतान की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में किसान उन्नतशील प्रजाति 14201 के गन्ने की बुवाई करें जिससे अधिक पैदावार होगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मौके पर गन्ना पर्यवेक्षक हरिश्चंद्र यादव, ग्राम प्रधान अश्वनी सिंह, श्याम नारायण सिंह, कमलेश सिंह आदि किसान भी मौजूद रहे।

### परिचय पत्र के लिए उपलब्ध करायें फोटोग्राफ

**आजमगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) श्रीप्रकाश गुप्ता ने बताया कि नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन के निमित्त समस्त नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत जनपद आजमगढ़ के समस्त निर्वाचित सदस्यों को परिचय-पत्र जारी किया जाना है। उन्होने समस्त नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत आजमगढ़ के समस्त निर्वाचित सदस्य, नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023, से अपील किया है कि अपना नवीनतम 2 रंगीन फोटोग्राफ सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को 13 जून तक उपलब्ध करा दें।

## शव न ले जाने पर चौकी प्रभारी ने ऑटो चालक को पीटा

**मीरजापुर।** जनपद की पुलिस एक बार फिर से सुर्खियों में छा गई जब एक शव को लेकर ऑटो चालक से भिड़ने का मामला प्रकाश में आया। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने काफी लंबे समय से मंदिर में पूजा पाठ करने वाले सीता राम पुजारी की तबीयत खराब रहने लगी तो उनके स्थानीय लोगों व फतहां चौकी इंचार्ज की मदद से 5 जून को उपचार हेतु मंडली चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंचे फतहां चौकी इंचार्ज जय प्रकाश शर्मा ने उनके शव का पंचनामा भर कर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल से पोस्ट मार्टम हाऊस ले जाने के लिए एक आटो चालक से बात किया जिसपर आटो चालक तैयार हो गया। मगर कुछ देर बाद वापस आकर 300 रुपए भाड़े के रूप में मांगने लगा। जिस पर चौकी इंचार्ज उसको गाली देने लगे और आटो चालक की पिटाई कर दिया। आटो चालक ने बताया कि हम अपनी मजदूरी का 300 मांग रहे थे जिसपर चौकी इंचार्ज ने उसको पीट दिया। आटो चालक इस मामले की शिकायत भी करे तो किससे और रोने लगा।

# कांग्रेस के राहुल को लगा भारत विरोध का रोग

**बोले केशव मौर्या**

### कहा, देश की सीमा से निकलने पर होना चाहिए केवल भारत माता की जय

जनसंदेश न्यूज



कॉरिडोर का निरीक्षण करते डिप्टी सीएम

**मीरजापुर।** जिले में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने माता विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। इसके बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस को भारत विरोध का रोग लग गया है। राहुल गांधी देश छोड़कर जब लंदन या अमेरिका जहां जाते हैं। वह भारत का ही विरोध करते हैं। कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। सबको बोलने का अधिकार है। देश की सीमा से बाहर जाने पर केवल भारत माता की जय और अच्छे कार्यों के सिवा कुछ नहीं होना चाहिए। प्रदेश में कानून राज पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि समाजवादी पार्टी गुंडों माफियाओं की पार्टी है। उनके मुंह से इस प्रकार की बात शोभा नहीं देती। निश्चित तौर से पुलिस कस्टडी में या न्यायालय में चाहे कही पर भी कोई घटना होती है तो वह दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की मंशा गुंडों, अपराधियों और माफियाओं के भय से लोगों को मुक्त रखना है। इस प्रकार की घटना हम सबके लिए चिंता का विषय है। कहा कि प्रयागराज में अतीक और अरशद की हत्या की जांच आयोग एसआईटी कर रही है। लखनऊ में भी हुए घटना की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है। जो सच्चाई होगी वह सामने आएगी। लेकिन सरकार की मंशा है कि जो अपराध करता है उसे फांसी के फंदे तक पहुंचना चाहिए। ठोस पैरवी करते हुए उसे फांसी, आजीवन कारावास दिलवाए। उसकी जिंदगी जनता, समाज और परिवार के बीच नहीं जेल में होनी चाहिए। सरकार उसी मंशा से कार्य कर रही हैं। विंध्य कारीडोर निर्माण कार्य को देखकर कहा कि एक भक्त के रूप में परम संतोष हो रहा है। सरकार माता जी और जनता के आशीर्वाद से बनी हैं। सरकार का जो संकल्प था कि अयोध्या में राम लला की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बने। काशी में बाबा विश्वनाथ जी का धाम बने, तो विंध्याचल धाम भी भव्य और दिव्य बने। उसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। काम तेजी से प्रगति पर है। इस पर संतोष जताते हुए कहा कि भक्तों के लिए जो भी सुविधाएं होंगी किया जाएगा। उड़नखटोले से पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का स्वागत गार्द ने सलामी देकर किया। इस दौरान कमिश्नर डॉक्टर मुथु कुमार स्वामी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एडीएम शिव प्रताप शुक्ल, एसपी संतोष मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

# चौपाल में छाई रही पानी और बिजली की समस्या



चौपाल में समस्या का समाधान करते अधिकारी

**जिगना।** क्षेत्र के विजयपुर एवं जिगना में पंचायत भवन पर चौपाल संपन्न हुई। चौपाल में पानी, राशन पेंशन की समस्या छाया रहा। विजयपुर गांव में सुबह-शाम मात्र पंद्रह मिनट जलापूर्ति की समस्या उठाई गई। जलनिगम चिकित्सा स्वास्थ्य पशुपालन विद्युत के अधिकारी नदारत रहे।

प्रधान शहीदा बानो ने बताया कि पड़ैनिया मुसहर बस्ती में छः सौ फीट गहराई में बोरिंग कार्य कराया गया है। शीघ्र ही पानी की आपूर्ति शुरू करा दिया जाएगा। एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद पटेल ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाओं की योजनाओं की जानकारी दी। जिगना में एडीओ कृषि दयाराम चौकसे ने किसानों को गैपुरा स्थित बीज गोदाम से कागजात दुरुस्त करने की सलाह दी। जिगना में दलित बस्ती की महिलाओं ने सड़क तक पहुंचने के लिए रास्ता बनवाने की मांग की। प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल सेक्रेटरी सौम्या सिंह आदि उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डांगरखेरी गांव में शुक्रवार को भैंस हाकते समय बिजली केबिल टूटने से केबिल में उतरे करंट की जद में आने भैंस तो बच गई लेकिन 40 वर्षीय राजकुमारी पत्नी उमेश पटेल अचेत होकर गिर गई। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिए। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। लालगंज थाना क्षेत्र के डांगरखेरी गांव की राजकुमारी पत्नी उमेश पटेल भैंस लेकर जा रही थी उसी समय सबमर्सिबल बिजली तार में भैंस को फंसने से तार टूट गया भैंस तो बच गई, लेकिन चपेट में आने से राजकुमारी के शरीर में करंट दौड़ पड़ा। करंट लगने से महिला की चीख निकल गई।

चीखें सुन परिवार के लोग आ गए और तार से अलग कर आनन फानन में स्वजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिए। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानु प्रिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सुपुर्द कर दिया गया। मौत से घर में कोहराम मच गया।

# बंदरों की धमाचौकड़ी से ट्रांसफार्मर में लगी आग

**भगदड़**

### आबादी में भड़की आग से सहमें लोग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

### ब्लास्ट होने की आशंका में सड़क पर पसरा सन्नाटा



जलता ट्रांसफार्मर

**मीरजापुर।** नगर के लालडिग्गी मार्ग स्थित रानी कर्णावती विद्यालय के पास लगे ट्रांसफार्मर में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। बताया गया कि बंदरों की टोली बिजली के तारों पर झूला झूलते हुए खेल रही थी। इसी दौरान एक बन्दर ट्रांसफार्मर पर गिर गया। शार्ट सर्किट होने से ट्रांसफार्मर में आग लग गई। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर काबू पाया। बगल में रखा दूसरा ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुआ है। जिसके चलते करीब आधा दर्जन मोहल्ला में बिजली आपूर्ति बंद हैं। बंदरों के उछलकूद से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची लपटें और काले धुंआ का गुबार देख लोग सहम उठे। ट्रांसफार्मर में आग लगा देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लेकिन सब असहाय बने रहे। गणेशगंज वार्ड के सभासद शिव कुमार सोनी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही फायर ब्रिगेड को भी आग की सूचना दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती ट्रांसफार्मर में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची ऊंची लगते लपटें उठती देख सड़क पर आवाजाही बंद हो गई। लोग ट्रांसफार्मर से काफी दूर बनाकर खड़े हो गए। लोगों को इस बात की भी चिंता सता रही थी कि कहीं बगल में रखे दूसरे ट्रांसफार्मर में भी आग ना पकड़ ले। अगर ब्लास्ट हुआ तो काफी नुकसान होगा। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। तब तक एक ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। वार्ड के सभासद शिव कुमार सोनी ने बताया कि बंदरों की धमाचौकड़ी विद्युत पोल पर चल रही थी । इसी बीच एक बंदर ट्रांसफार्मर पर गिरा । जिसके चलते शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है । क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप्प है।

# ईंट भट्ठा के मुनीब की हत्या में पुलिस के हाथ हैं खाली

**मीरजापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर दयालपुर नउआबारी निवासी मजीद पुत्र शरीफ 62 वर्ष का बुधवार को सिर मुंह आंख कूच कर हत्या कर शव खेत में फेक दिया गया था। मृतक का पुत्र अजहर ने नामजद तहरीर देकर बताया कि ममोलापुर गांव में संचालित किए जा रहे ईट भट्ठे के पार्टनर कृपा शंकर व चंद्रजीत यादव के द्वारा हत्या किया गया है। बताया की पार्टनर द्वारा ईट भट्ठे पर गड़बड़ी किया जाता था। जिसे मृतक मुनीब भट्ठा मालिक को सारी जानकारी दे देता था जो पार्टनर को नागवार लगता था।

**फॉलोअप**

### पुलिस की पकड़ से दूर हैं हत्यारे

अजहर ने यह भी कहा की रात 8/30 बजे तक पिता खाना खाने आ जाते थे। देर होने पर रात 9/30 बजे कई बार फोन किया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। रात में उनको देखने गया तो सड़क पर साइकिल और खेत में सिर मुंह कूचा हुआ शव पड़ा था। इसकी सूचना परिजन और पुलिस को दिया। मुनीब का ईट पत्थर से उसका सिर मुंह आंख कूच कर उसकी हत्या कर दिया गया था। हत्यारे पुलिस के पकड़ से दूर है।

## महिला ने जेठ के विरुद्ध मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहा गांव निवासी श्याम कुमारी ने शुक्रवार को जेठ के विरुद्ध अनायास मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह उपले का कंडा बीनने के लिए गई थी। घर पहुंचने पर जेठ नारायण पाल अनायास मारने पीटने लगे जिससे मुझे चोटें आई हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने जेठ के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# भगवान ने छीन लिया बुढ़ापे का सहारा

जनसंदेश न्यूज

**फॉलोअप**

### बड़ी मन्नत से पैदा हुआ था 7 बहनों का इकलौता भाई गणेश गांवों में पसरा सन्नाटा

### कई घरों में दूसरे दिन भी नहीं जला चूल्हा, आंखें रहीं नम



घर में पसरा सन्नाटा

**मड़िहान।** संत नगर थाना क्षेत्र के कलवारी लालगंज संपर्क मार्ग पर गोहीया कला गांव के सामने गुरुवार की भोर करीब 4 बजे मौत ने चार यार को छीन लिया। एक गाड़ी चार सवारी के बीच अनियंत्रित बाइक ट्राली के पीछे घुस गई। मौके पर ही बाइक सवार 4 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जवानी की दहलीज पर खड़े होनहार बच्चों में पूरा परिवार भविष्य के ताने बुन रहा था। अब गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हैं। परिजनों के साथ ही गाँव की पगडंडी भी गमगीन हैं। मित्र की बहन की शादी में शरीक होने के लिए चारों एक साथ गये थे। अलग-अलग परिवार के होने के बावजूद भी क्षेत्र में इनकी दोस्ती की मिसाल लोग देते थे। अब यह समय के चक्र पर चलकर महज नजीर बन गया है। पटेहरा कला गांव निवासी मृतक अंकित मिश्रा उर्फ राम मिश्रा पुत्र बद्री नारायण मिश्रा दो भाइयों में छोटा था। जबकि बड़ा भाई अभिषेक मिश्रा ही बचा है। कोई भी बहन नहीं है। पुत्र की मौत के बाद मां सरोज मिश्रा का रो रो कर बुरा हाल है। वही अंकित मिश्रा के बड़े पिताजी लोकमणि उर्फ बबलू मिश्रा की मौत 23 मई को हुई थी। इसी 4 जून को बड़े पिता की तेरहवीं बीती है। तब तक एक और मौत ने परिवार को झकझोर कर रख दिया है। गांव निवासी पड़ोसी मृतक 16 वर्षीय सुमित पाल पुत्र रविशंकर पाल दो भाइयों में बड़ा था। पुत्र की मौत के बाद मां चंपा देवी का रो रो कर बुरा हाल है। कोई भी बहन नहीं थी। अब छोटा भाई शैलेश पाल ही बचा है। बहरछठ गांव निवासी हरिहर यादव के इकलौते पुत्र गणेश यादव की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। वही मां विद्या देवी व सात बहनों रूबी, बिंदु, नीतू, रितु, राखी, रिशु और रवीना का रो रोकर बुरा हाल है। सबसे छोटे भाई के चले जाने से उनकी आँखे नम है। आखिर सबका दुलारा छोटका भैया किसको बुलायेंगी। अब किस भाई के कलाई पर राखी बांधेंगी। रामपुर रिक्शा गांव निवासी राधेश्याम पांडेय के 17 वर्षीय पुत्र अर्पित पांडे की दर्दनाक मौत से गांव के लोग सदमें में हैं। मां इंदुमती रो-रो कर बदहवास हो जा रही हैं। घर के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है । दो भाइयों में अर्पित छोटा था। अब बड़ा भाई विनीत कुमार पांडेय मां बाप के बुढ़ापे का सहारा रह गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मिलते ही चारों दोस्तों की चिता मिजार्पुर के शास्त्री पुल के पास गंगा किनारे दाह संस्कार किया गया। चारों दोस्त एक साथ ही पंचतत्वो में विलीन हुए। संतनगर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि रविशंकर पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ट्रैक्टर को गुरुवार को ही कब्जे में ले लिया गया था।

## दो ग्राम पंचायतों में बीडीओ ने सुनी समस्या

**हलिया।** स्थानीय विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में खंड विकास अधिकारी ने जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी तथा निस्तारण हेतु उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराने का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने ग्राम पंचायत कोटार तथा बंजारी के पंचायत सचिवालय में जन चौपाल के माध्यम से एकत्रित ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जिनके निस्तारण हेतु उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराने की बात कहा है। ग्रामीणों ने राशन कार्ड पेयजल की समस्या आवास, विधवा, वृद्धा पेंशन आदि का मामला छाया रहा। ग्रामीणों ने बरसात के पूर्व नाली निर्माण कराने की मांग किया है। कुछ किसानों ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि खाते में नहीं पहुँचने की शिकायत किया जिस पर बीडीओ ने क्रम वार समस्या नोट कराते हुए सम्बंधित कर्मचारियों को समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया है। इस दौरान एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, सचिव प्रज्ञान शुक्ल, विनोद गौड, संजय सिंह, विनोद सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सलामी परेड का एसपी ने किया निरीक्षण



**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया, डॉग स्क्वाड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में आये पुलिस बल को दंगों से निपटनों हेतु दंगा निरोधक उपकरणों का अभ्यास कराया गया तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन के निरीक्षण के क्रम मे वर्दी स्टोर सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर साफ सफाई, रख-रखाव आदि हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिया। उक्त परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, निरीक्षक यातायात, प्रतिसार निरीक्षक सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहें।

## दो दर्जन पशुओं के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित छातो पुलिया के पास से पुलिस ने 2 दर्जन से अधिक गोवंश पकड़ा। वही गोवंश लेकर जा रहे पशु तस्कर को पुलिस ने सुख दरिया जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया। वही पकड़े गए पशु तस्कर के तीन साथी मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि गुरुवार देर शाम सूचना मिली की कुछ लोग जंगल के रास्ते 2 दर्जन से अधिक पशुओं को लेकर छातो से जंगल के रास्ते नौगढ़ होते हुए बिहार ले जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर वाराणसी शक्तिनगर रोड पर स्थित छातो पुलिया के पास से हांक कर ले जा रहे 28 गोवंश को अपने घेरे में ले लिया। वही गोवंश लेकर जा रहा जारे पशु तस्कर भागने में कामयाब रहे। जिसमें एक पशु तस्कर राजू यादव पुत्र छांगुर यादव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम तेडुवा आरारी थाना चांद भभुवा बिहार को सुखदरिया जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं उसके तीन साथी मौके से अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में कामयाब रहे, जिनकी तलाश की जा रही है।

# मार्च का वादा, जून में भी नहीं मिला नहर में पानी

जनसंदेश न्यूज

**कंचन सिंह फौजी**

### भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा नौ सूत्रीय ज्ञापन

**चुनार।** भारतीय किसान यूनियन ने कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व में शुक्रवार को विभिन्न मांगो लेकर उपजिलाधिकारी चुनार नवनीत सेहारा को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। बाणसागर परियोजना का पानी जरगो जलाशय में देने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसानों और अधिकारियों के बीच बैठक हुई थीं कि मार्च महीने में पानी दिया जाएगा, लेकिन जून महीने तक अभी पानी नहीं गिरा है यह अधिकारियों की घोर लापरवाही और किसानों के साथ नाइंसाफी है,अविलंब पानी को जरगो जलाशय में गिराया जाए। नारायणपुर से हाथीनाला के बीच मात्र तीन ही टोल प्लाजा बने थे, पांच साल बाद वनस्थली महाविद्यालय के पास बने अस्थाई अवैध टोल टोल प्लाजा को लगाया गया जो डीपीआर में नहीं है, जिसका संज्ञान सभी अधिकारियों को है, टोल के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हो गया है, किसानों के बार बार कहने पर अभी तक अवैध टोल नहीं हटा, अस्थाई टोल को हटा दिया जाए नहीं तो बड़े आंदोलन किए जायेंगे। गोरखपुर माफी चुनार मिजार्पुर में 26 मार्च 2023 को बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से किसानों की लगभग 20 बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया, राजस्व लेखपाल के द्वारा सर्वे का कार्य हो गया है लेकिन किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। हर घर नल जल योजना में जलाशय (डैम) से पानी लेने के लिए, अतिरिक्त पानी जलाशय में भरकर ही इस योजना के तहत जलाशय से पानी लिया जाए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, पूर्वांचल सदस्य राम सूरत सिंह अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने एक जेसीबी व 12 ट्रैक्टरों को किया सीज



चुनार। स्थानीय तहसील के भरेहठा गांव में बिना परमिट के अवैध खनन पर एक जेसीबी और 12 ट्रैक्टर को उप जिला अधिकारी चुनार ने अवैध मिट्टी खनन करने के आरोप में सीज कर दिया जिससे अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। यह जानकारी देते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चुनार नवनीत सेहरा ने बताया कि अवैध मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा किया जा रहा था। जिसको देखते हुए ग्राम सभा बरेहठा में एक जेसीबी 12 ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया। एसडीएम की कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। साथ ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि अवैध खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों को इस तरह का कार्य करना है वह परमिशन करा कर ही खनन करें।

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

मीरजापुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं मॉनीटरिंग करते हुए प्राथमिकता के आधार पर लगातार प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराई जा रही है। थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत महिला सम्बंधी अपराध में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं मॉनीटरिंग तथा प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराने के परिणाम स्वरूप आज शुक्रवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास व 45 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई।

### अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास

मीरजापुर। डीआईजी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसपी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में प्राथमिकता के आधार पर लगातार प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराई जा रही थी। जहां 10 नवम्बर 2018 को थाना लालगंज पर एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म के करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। जहां कार्यवाही के क्रम में न्यायालय द्वारा महिला सम्बन्धित उपरोक्त अपराध में अभियुक्त कमलेश पुत्र फूलचन्द्र निवासी बहुती बनवारीपुर थाना लालगंज जपनद मीरजापुर को 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

### दिवंगत शिक्षिका के घर पहुंचे टीएससीटी टीम के पदाधिकारी

जमालपुर। टीएससीटी के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य के निदेर्शानुसार जनपद के टीएससीटी पदाधिकारी दिवंगत शिक्षिका प्रीति सिंह के घर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। प्रीति सिंह टीएससीटी की वैधानिक सदस्या थीं। जिनकी असामयिक मृत्यु बीते 15 फरवरी को हो गई थी। वर्तमान में सीटी के प्रत्येक सदस्य केवल 50 रुपये के सहयोग दिवंगत परिवार को 35 से 40 लाख रुपये का सहयोग करते हैं। अब तक संस्था द्वारा 112 परिवारों को लगभग 24 करोड़ की सहायता राशि पहुंचाई जा चुकी है। जिला संयोजक रविंद्र कुमार यादव, राकेश पटेल, प्रियदर्शी, पार्थसारथी, शशिप्रकाश पांडेय, विकास सिंह, आलोक मिश्रा, दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना सन्तनगर, जनपद मीरजापुर पर बीते 08 जून को वादी रविशंकर पुत्र चन्द्रिका निवासी पटेहरा कला थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध एक लिखित तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना सन्तनगर पर धारा 304ए, 338, 279, 427 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु थानाध्यक्ष सन्तनगर को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उ0नि0 योगेन्द्र नाथ यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त मोने कुमार पुत्र राधेश्याम मौर्या ग्राम बरकछ थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### मिट्टी की दीवार गिरने से बालक घायल

अदलहाट। क्षेत्र के जफराबाद गांव में शुक्रवार को मकान के नींव की खुदाई करते समय बगल का कच्चा दीवाल ढहने से बालक मिट्टी में दब गया। जिसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के जफरा बाद निवासी गब्बर पटेल मकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई करा रहे थे कि अभिषेक उम्र 8 वर्ष पुत्र रामेश्वर खेलते हुए वहां चला गया। खुदाई के बगल में खड़ा कच्चा मिट्टी का दीवाल उसके ऊपर गिर गया जिससे वह मिट्टी में पूरी तरह दब गया। जिसे वहां मौजूद ग्रामीण और परिवार के लोगों ने मिट्टी को हटाकर बाहर निकाला जिसे गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### हत्या करने का नौवां आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। वाराणसी –चुनार मार्ग पर बीते 14 मार्च 2021 को रात्रि में किसी समय ग्राम नन्दूपुर अदलपुरा थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत सड़क के किनारे 03 व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या करके शव छिपाने की नियत से फेंक दिया गया था। जिन्हे चुनार पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया गया। बिहार प्रान्त, रोहतास जिले के थाना काराकाट (गोडारी) अन्तर्गत ग्राम गोडारी निवासी मृतक राजकुमार के पिता घुघली सिंह की लिखित तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 302,201 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिये गये थे। जिसमें पूर्व में 08 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शुक्रवार को उ0नि0 सुखबीर सिंह मय पुलिस टीम मय टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना चुनार पर पंजीकृत धारा 302,201,34,120बी भादवि से सम्बन्धित नौवां अभियुक्त लालबहादुर महतो उर्फ लाल बाबू सिंह पुत्र रामआशीष सिंह निवासी खिचडिया बिगहा थाना अकोढी गोला जिला रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

### धनुष यज्ञ की कथा सुनकर भक्त हो गए भाव विभोर

हलिया। क्षेत्र के सेवटी नदी के तट पर स्थित गड़बड़ा धाम में आयोजित श्री सतचंडी महायज्ञ व संगीतमयी श्री राम कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को प्रयागराज से पधारे कथा वाचक पंडित धीरज द्विवेदी ने श्रीराम और जानकी के मिलन के अद्भुत प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि धनुष यज्ञ के लिए रखे गए भगवान शिव के पिनाक धनुष के भार और बल को देखते हुए जानकी द्वारा माता पार्वती से प्रार्थना करना, बिरह और मिलन की उत्कंठा, प्रेम और आदर्श का स्वरूप है। भगवान परशुराम अखाड़ा प्रयागराज के संस्थापक ब्रह्मर्षि परशुरामाचार्य सुदर्शन शरण जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री राम कथा में कथा वाचक ने बताया कि देश देशांतर के कोने-कोने से आए हुए बलशाली राजाओं द्वारा धनुष को नहीं उठा पाने पर राजा जनक दुखी हो गए। इसी बीच भगवान राम ने धनुष को तोड़कर जनक के दुख का निवारण किया। धनुष टूटते ही भगवान श्रीराम व जगत जननी जानकी का विवाह निश्चित हो गया था, क्योंकि विवाह की यही शर्त थी। वही राजा जनक ने विधि-विधान से लोक रीति, तथा वेद रीति को ध्यान में रखते हुए अपने एक प्रबुद्ध दूत को अयोध्या भेजकर महाराज दशरथ को आमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर कृपा शंकर कृपा चार्य, ज्ञानेश्वर दूबे, दिनेश तिवारी, डा0 दयानंद मिश्र, अरुण मिश्रा, विजेंद्र पांडेय, कृष्णा प्रसाद दुबे सहित आदि लोग शामिल रहे।

### सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े का लगा ढेर

**लालगंज।** विकास खंड क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा कचड़ा का ढेर लगे होने से बीमारी का इजाफा बढ़ गया है। वही मोटी रकम लेने वाले सफाईकर्मी अपने दायित्व को दरकिनार करते हुए स्वच्छता अभियान पर सवाल पैदा कर रहे है। सरकार की मंशा थी कि सफाई कर्मियों कि नियुक्ति कर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में पैदा हो रही गंदगी को दूर किया जाएगा। गंदगी एवं कूड़ा कचरा के वजह से नई-नई बीमारियों का जन्म होने की संभावना रहती है यदि कूड़ा कचरा एवं गंदगी ही नहीं रहेगा तो बीमारियों में कमी होगी। सफाई कर्मियों की नियुक्ति के बाद कहीं न कहीं संबंधित अधिकारियों के लापरवाही की वजह से सफाई कर्मी अपने दायित्व की पूर्ति नहीं कर रहे हैं सफाई कर्मी केवल अपनी हाजिरी रजिस्टर पर लगाकर अपने दायित्व की पूर्ति कर ले रहे हैं। बाजार से लेकर ग्रामीण अंचलों में कूड़ा कचरा गंदगी का अंबार लगा हुआ है। संबंधित सफाई कर्मी का पता ही नहीं है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि सफाई कर्मी यदि अपने दायित्व की पूर्ति करना शुरू कर दे तो जगह-जगह कूड़ा कचरा भी नहीं होगा और नई बीमारी का जन्म भी नहीं होगा। साथ ही साथ मच्छरों के आतंक से भी बचा जा सकेगा।

# सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर काम कर रही बीजेपी सरकार

**सम्मेलन**

## लाभार्थी सम्मेलन में कृषि मंत्री ने गिनाई मोदी, योगी सरकार की उपलब्धियां



लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते कृषि शिक्षा मंत्री सूर्यप्रताप शाही

**ओबरा।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र के नव वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर चुर्क रामलीला मैदान में शुक्रवार को भाजपा ने लाथार्थी सम्मेलन का आयोजन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सम्मेलन का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सूर्य प्राताप शाही ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार सबाक साथ सबका विकास व सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम कर रही है। सरकार द्वारा शुरू की गई गरीब व किसान कल्याण योजना से देश के करोडों लोगों को लाभ मिला है। केन्द्र में नौ साल व यूपी में छह साल के कार्यकाल में सरकार ने सभी तबकों के विकास के लिए काम किया। देश की सुरक्षा के साथ आंतरिक सुरक्षा को भी चाक चौबंद किया गया। सम्मेलन को सांसद पकौड़ी कोल, रामसकल, सदर विधायक भूपेश चौबे, चुर्क नपं अध्यक्ष मीरा यादव, रमेश मिश्रा, कृष्ण मुरारी गुप्ता, रामसुंदर निषाद, अजीत रावत, ओम प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

## अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन करें दिव्यांगजन

**सोनभद्र।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया कि दिव्यांगजन के लिए राज्य निधि से धनराशि व्यय किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। जिसमें दिव्यांगजन के हितार्थ वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान है। दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय अयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयेजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता। जो गम्भीर बीमारियों कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

# 35 एएनएम वर्कर्स में वितरित हुआ नियुक्ति पत्र

**खुशी**

## सीएम द्वारा एएनएम वर्कर्स को नियुक्ति पत्र वितरण का कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया सजीव प्रसारण



नियुक्तिपत्र के साथ एएनएम वर्कर्स

**सोनभद्र।** निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सभी 75 जनपदों के लिए चयनित 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण शुक्रवार को मुख्यमंत्री द्वारा लोकनायक ऑडिटोरियम भवन लखनऊ में किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया।

इसके बाद राज्य सभा सांसद रामसकल व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा जनपद में चयनित 35 एएनएम को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। राज्य सभा सासंद ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पारदर्शी तरीके से की गई एएनएम भर्ती की नियुक्ति पत्र वितरण किया गया है। उन्होंने कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मरीजों की सेवा पूरी निष्ठा से करने की बात कही। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। जनता की सेवा मुख्यमंत्री की प्राथमिकता रहती है। जनपद में स्वास्थ्य विभाग की अपेक्षा के अनुसार कार्य करें, जनपद के कुछ क्षेत्र अत्यंत पिछड़े हैं, जहां पर स्वास्थ्य व्यवस्था की कुछ समस्यायें हैं, उन क्षेत्रों में पहला रिस्पांस आप लोगों को ही देना है। टीकाकरण मदर चाइल्ड आदि रजिस्टर का रखरखाव अच्छे ढंग से करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरजी यादव ने सांसद व जिलाधिकारी सहित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकत्रियों से कहा कि आप लोग मनोयोग से कार्य करें और स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें।

## संक्षेप

### एसपी ने जांचा दंगा नियंत्रक उपकरण

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में यूपी 12 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क के क्वार्टर गार्द एवं पुलिस बैरकों व आवासीय परिसर का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत और साफ-सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### सवारियों से भरी बस का गुल्ला टूटा, बाल बाल बचे यात्री

**बभनी।** बभनी-बीजपुर मार्ग सवारियों से भरी बस का बभनी मोड़ थाने के समीप ब्रेकर पर चालक की तरफ का गुल्ला टूट गया, जिससे दाहिना चक्का निकल गया। संयोग रहा कि कोई हादसा नहीं हुआ। बस में करीब तीन दर्जन लोग बैठे थें। बस रेणुकूट से बीजपुर जा रही थी। घटना के बाद अफरा तफरी मच गयी। बस में बच्चे, महिला सहित अन्य लोग सवार थे। रामकुमार, विश्वनाथ, अरविंद कुमार, सीताराम, दिनेश, बुद्धराम, राजेश कुमार ने बताया कि हादसा ब्रेकर पर हुआ नहीं तो बस दुर्घटना ग्रस्त हो गयी होती। बता दें कि रेणुकूट बीजपुर मार्ग पर बसों की रफ्तार काफी तेज होती है, इस मार्ग पर सुबह के समय ही सरकारी सुविधाएं हैं। वहीं घटना के बाद मौके से चालक फरार हो गया।

### दो पक्षों में मारपीट, कई जख्मी

**करमा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जोगिनी गांव में शुक्रवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। बताया गया कि रामकुमार प्रजापति पुत्र बच्चन प्रजापति अपने यहां टीन सेट लगा रहे थे इतने में अनवर, अख्तर, अशरफ परिवार सहित पहुंचे। उनसे कहासुनी शुरू हुई जो मारपीट में बदल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करते हुए घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मुन्ना प्रसाद ने बताया कि दोनों पक्षों से अख्तर, असलम, अशरफ, रंजीत पुत्र रामकुमार प्रदीप पुत्र रामकुमार, रामकुमार पुत्र बच्चन प्रजापति, रेनू पत्नी रंजीत का मेडिकल कराया गया। इन लोगों को सामान्य चोटें आई हैं। थाना प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### हृदय रोग से पीड़ित मरीज की हुई ओपेन हार्ट सर्जरी

सोनभद्र। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जन्मजात एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के लिए बच्चों के हृदय रोग से पीड़ित होने पर उनके लिए निःशुल्क इलाज व आपरेशन की व्यवस्था है। इसके तहत अंकित कुमार 11 पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम जरहा, पोस्ट चेतवा, दुद्धी का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत ओपेन हार्ट सर्जरी का सफल आपरेशन सत्य साई संजीवनी इण्टर नेशनल सेन्टर फॉर चाइल्ड हार्ट केयर एण्ड रिसर्च, पलवल हरियाणा द्वारा निःशुल्क किया गया। अंकित का रजिस्ट्रेशन आसरबीसके टीम द्वारा एक माह पूर्व ही किया गया था और सफल आपरेशन बीते 30 मई को हो गया। आपरेशन से बच्चे को नई जिन्दगी प्राप्त हुई है और उसके परिवार में खुशी का माहौल है। इसके लिए अंकित कुमार के पिता ने जिलाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रति अभार व्यक्त किया।

### आवास का किया निरीक्षण

**घोरावल।** निर्माणाधीन सीएम आवास योजना अंतर्गत कोल लाभार्थियों हेतु 101 क्लस्टर आवासों का एसडीएम रमेश कुमार ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। सभी लाभार्थियों को आवास हेतु आवासीय पट्टा स्वीकृत किया गया है। इस अवसर पर सुरेन्द्र, लेखपाल चंद्रशेखर, छोटू, बिन्दु, मंजेश, गीता, अंगद आदि उपस्थित रहे।

### गैंगेस्टर एक्ट की आरोपी गिरफ्तार

म्योरपुर। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने फरार चल रही गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी मीरा देवी उर्फ गुड़िया पत्नी जितेंद्र नाथ उर्फ मुन्ना निवासी कुंडाडीह, म्योरपुर को लिलासी मोड़ चौराहे के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपी म्योरपुर से कहीं भागने की फिराक में थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक वृजेश पांडेय, एहसान खान, अनिल कुमार, अर्चना वर्मा शामिल रहे।

## पानी सप्लाई बाधित मौके पर पहुंचे नपं अध्यक्ष

**दुद्धी।** नगर पंचायत अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड वार्ड 2 टंकी से पीने का पानी रहवासियों को न मिलने की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष रामेश्वर राय, जितेन्द्र चन्द्रवंशी व राजेश जायसवाल के साथ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने कर्मचारी से पानी सप्लाई में हो रही दिक्कत के बारे में पूछा तो पाइप खराबी व कई तकनीकी खराबी बताई गई।

जिस पर तकनीशियन को नया पाईप लाकर पानी की आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। साथ ही उक्त व्यक्ति के जमीन में पानी टंकी बनी है और नगर पंचायत द्वारा कोई रखरखाव हेतु सहयोग राशि न मिलने की बात कही गई। जिस पर कर्मचारी को प्रत्येक महीने मजदूरी का भुगतान करने का निर्देश दिया। कई दिनों से पानी सप्लाई नहीं होने से परेशान वार्ड निवासियों ने राहत की सांस ली। वहीं लोगों को टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति करायी गयी।

# कनहर बांध पैक, बरसात में कई गांवों की होगी जल समाधि

**खतरा**

## सिंचाई विभाग ने बनाया 255 फिट पानी एकत्र करने का प्लान

**जनसंदेश न्यूज**



निर्माणाधीन कनहर परियोजना

**दुद्धी।** कनहर सिंचाई परियोजना बांध के निर्माण बरसात से पहले बांध को बांध दिया गया है। इस बार बरसात से पहले नदी को बांधने के कारण कई गांव की जल समाधि होगी। कनहर बांध में पांगन और कनहर नदी का पानी एकत्र होगा, जिससे सुंदरी, कोरची, भिसुर, सुगवामान, दूधमनिया आदि गांव में नदी के बाढ़ का पानी एकत्र होने से जल समाधि में तब्दील हो जाएगा और गांव का नामोनिशान समाप्त हो जाएगा।

बांध में फिलहाल 255 फिट पानी एकत्र किए जाने का प्लान सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया है। इस बार बरसात का क्या रुख है, सिंचाई विभाग के अधिकारी आंकलन करेंगे, उसके बाद गांव डूबने के खतरे का भी अनुमान लगाया जाएगा। इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पहले से ही विस्थापितों को वहां से हट जाने का निर्देश दिया है।

बरसात को देखते हुए डूब क्षेत्र के विस्थापित अपना मकान खाली कर रहे हैं। वहीं तमाम विस्थापित मिले हुए प्लाट पर अपनी झुग्गी झोपड़ी लगाकर सामान रख रहे हैं। विस्थापित सारा सामान लेकर धीरे-धीरे बरसात से पहले अपने में जगह पर आशियाना बनाने की फिराक में है। सूत्रों की मानें बहुत विस्थापितों को पैकेज पहले मिल गया था, लेकिन विस्थापित प्लाट पर आवास न बनाकर पैसे को इधर-उधर खर्च कर चुके हैं।

ऐसे में उनके सामने और भी विषम समस्या खड़ी हो गयी है। लोगों का कहना है कि अगर क्षेत्र में निवास कर रहे विस्थापित अगर समय से पहले नहीं हटेंगे तो डूब क्षेत्र में उनकी भी जल समाधि बन जाएगी।

कनहर बांध में 16 फाटक लगने हैं, अब तक 12 फाटक लग चुके हैं। बांध के फाटक लगाए जाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

### अवैध गिट्टी परिवहन करते टीपर को एसडीएम ने पकड़ा

**दुद्धी।** तहसील मुख्यालय से पिपरी अपने आवास जा रहे उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह ने रजखड़ तिराहे के पास एक अवैध गिट्टी का परिवहन कर रहे टिपर को जांच के दौरान पकड़ लिया। वहीं चालक प्रपत्र अभाव में वाहन को छोड़ मौका देख फुर्र हो गया। एसडीएम ने बताया कि गिट्टी लदा टीपर को उन्होंने जांच के दौरान पकड़ा। वाहन छोड़ चालक फरार हो गया है। जब चालक आता है तो वाहन को कोतवाली में खड़ा करा कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि इन दिनों दुद्धी, डाला से अवैध गिट्टी का परिवहन जोरों से हो रहा है, जिससे सरकार को भारी पैमाने पर राजस्व की क्षति हो रही है।

## मगरमच्छ के हमले में महिला गंभीर, रेफर

**घोरावल।** थाना क्षेत्र में मगर मच्छ के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक बभनी ग्राम निवासी रामबली बुधवार को अपने बेटे का विवाह करा कर गुरुवार को बहू की विदाई कराकर आया था। चौथी छुड़ाने के लिए शुक्रवार दोपहर के कठहवा नदी के किनारे घर के लोग गए। स्नान के बाद महिलाएं बाहर निकल रही थी। उसी दौरान एक मगरमच्छ ने दूल्हे की बुआ शिवकुमारी 45 पर हमला कर दिया। शिवकुमारी मिजार्पुर जनपद के हलिया थाना क्षेत्र के कुशीहरा की निवासी है। मगरमच्छ ने उनके दाहिने हाथ को चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मदद के लिए लगी गुहार पर आस पास मौजूद लोगों की भीड़ उस तरफ दौड़ पड़ी। ग्रामीणों ने प्रयास करके मगरमच्छ के चंगुल से शिव कुमारी को छुड़ाया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी वन कार्यालय को भी दी गई।

# नपं बोर्ड की पहली बैठक में नगर की समस्याओं पर हुआ मंथन

**बैठक**

## पेयजल व जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**



बैठक को संबोधित करती नपं अध्यक्ष फूलवंती

**डाला।** नवसृजित नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष फुलवंती की अध्यक्षता में हुई। ईओ देवहूति पांडेय व सभासदों की उपस्थिति में नगर के विकास, स्वच्छता, सफाई, पेय जल और अन्य समस्यों पर विचार-विमर्श हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि नगर पंचायत की प्रथम बोर्ड बैठक में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नगर में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए 8 पानी टैंकरों से पानी की सप्लाई दी जाएगी। दो टैंकर नगर पंचायत में पूर्व से हैं, चार टैंकर पहली बोर्ड की बैठक में तत्काल लिया गया।

इसके साथ दो प्राइवेट टैंकर की व्यवस्था की गई है। वर्षा ऋतु के पूर्व नगर क्षेत्र की समस्त नालियों की सुचारू रूप से साफ सफाई करने की योजना बनाई गई।

सफाई बेहतर होने, कूड़े के डिब्बों का उपयोग कैसे करें, नगर में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग फेकने के सम्बन्ध में सदस्यों को जानकारी दी गयी। उनसे अपेक्षा की गयी कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार अपने वार्डों में करेंगे। वहीं सर्वसम्मति से नगर के विकास एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सभी एकमत हुए। इस अवसर पर ज्ञान देवी, अवनीश देव पांडेय, संतोष कुमार कुशवाहा, शबाना खान, बलबीर चंद्रवंशी, नितेश कुमार, विशाल कुमार गुप्ता, आशा देवी, दीक्षा पटेल, बिंदु सिंह, रिशी कुमार, संजय सिंह, दीपक आदि मौजूद रहे।

# डबल इंजन की सरकार में व्यापारी सुरक्षित

**व्यापारी सम्मेलन**

## अब रंगदारी मांगने वालों को सीधे जेल का रास्ता

**जनसंदेश न्यूज**



आबकारी मंत्री को सम्मानित करते सोनभद्र जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित एक विशाल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन प्रयागराज में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं मुख्य वक्ता आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल रहे। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दूसरी सरकारों के राज में व्यापारियों का अपहरण कर रंगदारी मांगी जाती थी। व्यापारी अपना व्यवसाय करने के बजाए गुंडों, माफियाओं के चंगुल से बचने के उपाय खोजते थे।

परंतु डबल इंजन की सरकार रंगदारी मांगने वालों को सीधे जेल का रास्ता दिखाती है, व्यापारी भयमुक्त वातावरण में कारोबार कर रहा है। नितिन अग्रवाल ने कहा कि केवल फेक जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने वालों की जांच की जा रही है। आम व्यापारी को डरने की जरूरत नहीं है और यदि कोई अधिकारी किसी व्यापारी का उत्पीड़न नाजायज तरीके से करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सोनभद्र व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा ने आबकारी मंत्री को बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रितपाल सिंह, नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन, जसकीरत सिंह, रवि जायसवाल, राजेश जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, टीपू अली, सूर्या जायसवाल, सुनील कुमार मौजूद रहे।

# तहसील की सुरक्षा को अधिवक्ताओं ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**जनसंदेश न्यूज**



सीओ को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

**दुद्धी।** लखनऊ कोर्ट परिसर में अपराधी जीवा की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। जिस तरह अधिवक्ता के ड्रेस में आए शूटर ने कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की, उससे कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

उक्त घटना को लेकर शुक्रवार को दुद्धी बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष रामपाल जौहरी की अध्यक्षता में हुई। संचालन करते हुए सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि न्यायालय परिसर में पुलिस की व्यापक व्यवस्था नही होने के कारण अप्रिय घटना हो रही है। न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ नही होने के कारण न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिवक्ता एवं कर्मचारी तथा वादकारी कोई भी सुरक्षित नही है। जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश, भय एवं क्षोभ व्याप्त है। बैठक में लखनऊ में घटी घटना की निंदा की गई। इसके बाद कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने हेतु दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामपाल जौहरी, दिनेश कुमार, अरुणोदय जौहरी, रमेश यादव ने सीओ दद्दन प्रसाद गोड़ को ज्ञापन सौंपकर कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की मांग की।

# विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव हत्या की आशंका

**मामला**

## मायके वालों की तहरीर पर पति, सास-ससुर सहित ननद एवं देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** जुगैल थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गोठानी मे बीते गुरुवार को एक विवाहिता का घर में ही फंदे से लटका हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गई।प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतका किरन पत्नी सुरज केशरी उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी गोठानी का गुरुवार को घर में ही दुपट्टे से लटकता हुआ उसका शव मिला।जैसे ही इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया।

वहीं घटना की सुचना मिलते ही मौके पर जुगैल पुलिस पहुंच गई जिसके बाद जांच पड़ताल में जुट गई।उधर इस बाबत मृतका के मायके वालों को जानकारी हुई तो वह लोग भी पहुंच गये और हंगामा करने लगे।मायके वालों ने आरोप लगाया कि हमारी बेटी का हत्या कर उसका शव फंदे से लटका दिया गया है।उधर हंगामा की सुचना मिलते ही मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ चारू द्विवेदी भी पहुंच गई। काफी समझाने बुझाने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।बताया गया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व किरन की शादी सुरज के साथ हुई थी।वहीं इस बाबत जुगैल प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका के मायके वालों की तहरीर पर पति, सास, ससुर, ननद एवं देवर के खिलाफ धारा 498, 304बी, 3/4 दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

## आइपीएफ के पत्र पर पर्यावरण मंत्रालय ने की कार्रवाई

**सोनभद्र।** पर्यावरण संकट और प्रदूषण की गंभीर समस्या के मामले में आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट द्वारा बीते 20 मई को प्रेषित पत्र को संज्ञान में लेते हुए केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच करने के लिए निर्देशित किया है। आइपीएफ के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर द्वारा पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव पत्र प्रेषित कर जनपद में प्राकृतिक संसाधनों की लूट , वाईल्ड लाईफ व सेंचुरी जोन तक में अवैध खनन और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के उल्लंघन से गंभीर पर्यावरण संकट और जानलेवा प्रदूषण के मामले में प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई थी। गौरतलब है कि एनजीटी की रिपोर्ट के अनुसार यहां की हवा में फैक्ट्रियों से निकला फ्लोराइड, मरकरी और शीशा है। रिहंद जलाशय व ओबरा डैम का पानी भी जहरीला हो चुका है, दरअसल इसमें फ्लोराइड, मरकरी आदि स्वास्थ्य के लिए अति घातक पदार्थ हैं, जिनका शोधन करना अमूमन संभव नहीं है। रिहंद जलाशय से सैंकड़ों गांवों के ग्रामीण गर्मी के मौसम में अन्य स्त्रोत के अभाव में मजबूरन पानी पीने को विवश हैं और हर घर नल योजना के तहत भी म्योरपुर व बभनी ब्लॉक में रिहंद जलाशय से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित किया जाना है।

# फर्जी दस्तावेज से जमीन रजिस्ट्री करने के मामले में एक वृद्ध गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**म्योरपुर।** थाना क्षेत्र के कुंडाडीह गांव में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन रजिस्ट्री करने के मामले में पुलिस ने एक वृद्ध को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एक व्यक्ति अभी फरार चल रहा है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के कुंडाडीह गांव में लगभग साढ़े चार बीघा जमीन मल्लू व चैतू पुत्र रामदास निवासी कुंडाडीह, म्योरपुर के नाम से थी। गांव के ही सुखदेव व सुखराज पुत्र रामदास ने मल्लू व चैतू बनकर उक्त भूमि मनबस व सुदेस्वरी को भूमि कूटरचित दस्ताबेज तैयार कर रजिस्ट्री किया था। इस मामले में गांव के ही सुधीर कुमार ने तहरीर देकर मामले से अवगत कराया था। इस क्रम में पुलिस सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने सुखराज पुत्र राम दास निवासी बलियारी, म्योरपुर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# चंदौली में विकसित हो रही आधारभूत संरचनाएं: डा. महेंद्रनाथ पांडेय

**जाना हाल**

## चंदौली में गतिमान परियोजनाओं को डा. महेंद्रनाथ पांडेय ने देखा

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री व सांसद डा.महेंद्रनाथ पांडेय शुक्रवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान जनपद में गतिमान व पूर्ण होने की ओर अग्रसर परियोजनाओं की प्रगति देखी। स्थानीय लोगों से मुलाकात कर संवाद स्थापित किया। साथ ही भाजपा कार्यकताओं में जोश भरा। कहा कि नौ वर्ष पहले विकास की जो नींव रखी गयी थी अब वह अपने सम्पूर्ण आकार को प्राप्त करती नजर आ रही है। इससे चंदौली की जनता सीधे तौर पर लाभान्वित होगी और उनकी सुविधाएं बढ़ेगी। इस मौके पर डा. महेंद्र नाथ पांडेय ने अपने संसदीय क्षेत्र में 9 साल में हुए विकास कार्यों का अवलोकन किया।



मटकुट्टा में चल रही परियोजना का जायजा लेते डा.महेंद्रनाथ पांडेय।



चंदौली जिला मुख्यालय पर बन रहे हाट बाजार का जायजा लेते डा. महेंद्रनाथ पांडेय।

उन्होंने निमार्णाधीन स्टेट हाइवे-69 चंदौली-सैदपुर मार्ग, गया-पं दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रेल खंड पर निर्मित मटकुट्टा स्थित रेल उपरिगामी सेतु का जायजा लिया। इसके बाद चंदौली मुख्यालय स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे निमार्णाधीन सुलभ शौचालय व सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात नौबतपुर में निमार्णाधीन बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज, पं दीन दयाल उपाध्याय नगर के केंद्रीय विद्यालय स्थित आडिटोरियम का अवलोकन किया। बताया कि यह सभी निर्मित व निमार्णाधीन विकास परियोजनायें आपकी सुविधा के लिए बनाई जा रही हैं। उन्होंने 497 लाख करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन स्टेट हाइवे-69, चंदौली-सैदपुर मार्ग के निरीक्षण में कार्यदायी संस्था को दिसम्बर माह तक सड़क का काम पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं मठकुट्टा स्थित रेल उपरिगामी सेतु के अवलोकन के बाद रेलवे के अधिकारियों व जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे को मार्ग चौड़ीकरण को ध्यान में रखते हुए पास में टू लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण के बाबत आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्यालय स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे निमार्णाधीन सुलभ शौचालय व सब्जी मंडी के अवलोकन में कहा कि पुल के बेकार पड़े स्थान का सदुपयोग करते छोटे व्यवसायियों हाट बाजार मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री सैयदराजा विधानसभा के नौबतपुर में निमार्णाधीन बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज के अवलोकन में निर्माण कार्य की प्रगति देखी। कार्यदायी संस्था व संबंधित अधिकारियों को अधिक मैनपावर लगाकर तेजी से निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उड़ीसा के बालासोर में हुई दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण बताया और रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 50 घण्टे कैम्प करते हुए राहत व बचावकर्मियों की हौसलाआफजाई कर परिचालन को शुरू कराया। प्रधानमंत्री ने एक एक पीड़ित से मुलाकात कर उनके इलाज के बारे में जानकारी ली। जिस तत्परता से पीड़ितों को मदद की गई वह देश व दुनिया के नजीर है। लखनऊ के कोर्ट में हुई हत्या के सवाल पर प्रतक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एसआईटी से जांच कराए जाने के आदेश दिए हैं,दोषी बख्से नहीं जाएंगे।

### बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज का लिया जायजा

**सैयदराजा।** क्षेत्र के नौबतपुर स्थित शुक्रवार की सांय बन रहे बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज का निर्माण की जायजा लेने पहुंचे चंदौली सांसद व केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय व मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने नेतृत्व में मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने अगस्त माह तक कार्य पूर्ण करने को निर्देश भी दिया। बाबा कीनाराम राजकीय मेडिकल कालेज निर्माण के मानचित्र का अवलोकन किया और कहा कि इस मेडिकल कॉलेज को अगस्त तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथो से शुभारंभ कराया जाएगा, जिससे लोगों को इलाज मे सहूलियत मिलेगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, ब्लाक प्रमुख पति महेन्द्र सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मध्देशिया उर्फ टुन्नू, मण्डल अध्यक्ष संतोष सिंह, पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र जायसवाल, अमित अग्रहरि डाली, शंकर प्रसाद जायसवाल, सभासद गण सन्तोष जायसवाल, मनीष कुमार छोटक, धीरज गुप्ता, चन्द्रशेखर प्रजापति, शीतल बाबा, लब्बी राय, सोनू सिंह, अमन उपाध्याय मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बदमाशों ने तमंचा के बल पर लूटे सवा लाख रुपए

**डीडीयू नगर।** नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर तीन निवासी महेश कुमार शुक्रवार की दोपहर में वाराणसी से मुगलसराय सवा लाख रुपया मोटरसाइकिल से लेकर आते समय वाराणसी के सीर गोवर्धन गांव के समीप नेशनल हाईवे के किनारे मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने असलहा के बल पर सवा लाख रुपए छीनकर फरार हो गए। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन नई बस्ती निवासी महेश कुमार वाराणसी में ही रेल कर्मी है। बीसी का पैसा सवा लाख रुपए लहरतारा से लेकर शुक्रवार को वापस आ रहा था। जैसे ही वाराणसी के सिर गांव के समीप नेशनल हाईवे किनारे पहुंचा कि तीन मोटरसाइकिल पर पांच सवार लोगों ने मोटरसाइकिल को रोककर असलहा के बल पर दिनदहाड़े डिग्गी में रखे सवा लाख रुपए लेकर फरार हो गया। घटना के बाद भुक्तभोगी डरा सहमा घर पहुंचा और परिजनों से इसकी जानकारी दी।

### अमोघपुर स्थित ट्रांसफार्मर के केबिल में लगी आग

**डीडीयू नगर।** अलीनगर पावर हाउस से संबंद्ध चकिया रोड स्थित अमोघपुर गांव के समीप लगा ढाई सौ केवी ट्रांसफार्मर का केबिल गुरुवार की रात बारह बजे धू धूकर जल गया। हालांकि स्थानीय लोगों के अथक प्रयास के बाद आग पर किसी प्रकार काबू पा लिया गया। इस घटना की वजह से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। हालांकि बिजली कर्मियों के मरम्मत के बाद शुक्रवार की देर शाम विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। अमोघपुर गांव के समीप चकिया रोड पर लगा ढाई सौ केवीए ट्रांसफार्मर के केबिल में तेज तपिश व ओवरलोड के कारण अचानक धू धू कर जलने लगा। इसकी जानकारी होते ही आसपास के लोगों ने किसी प्रकार आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। लोगो को उमस भरी गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि मौके पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने किसी प्रकार केवल को जोड़कर देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बाहर की जिससे लोगों को राहत की सांस मिली।

### गोंड आदिवासी महासभा ने की बैठक

**डीडीयू नगर।** भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति की बैठक केंद्र कार्यालय परशुरामपुर में हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड राज्य के रांची जिला में सुगना करमी दंपति परिवार में हुआ। महान स्वतंत्रता सेनानी अहिंसा वादी समाज सुधारक रहे। उनका आंदोलन ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध अल गुलाल क्रांति आदिवासी जातियों को लेकर अपने जल जंगल जमीन के रक्षा के लिए आंदोलन चलाया। महामारी के चलते 9 जून 1900 को जेल में ही इनकी मृत्यु हो गई। इनके मरने के बाद देश में जन आंदोलन छिड़ गया। बैठक की अध्यक्षता रविशंकर व संचालन संतोष कुमार ने किया। बैठक में कृष्ण गोंड, डा.उमेश चंद्र गोंड, प्यारेलाल, कपिल देव ऋषि गोंड, पारसनाथ, सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चंदरखा में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना अंतर्गत चंदरखा गांव के समीप पेड़ के सहारे फंदे से झूलता हुआ युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची अलीनगर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आपको बताते चलें कि अलीनगर थाना अंतर्गत चंदरखा गांव के समीप एक व्यक्ति का शव पेड़ के सहारे फंदे से झूलता मिला। मृतक की पहचान मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत नई बस्ती निवासी 35 वर्षीय अमित जोशी पुत्र बिहारीलाल के रूप में हुई। शव के पास से मोबाइल व गमछा भी बरामद हुआ है। किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई है इस बात की तफ्तीश चल रही है अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी का भी बयान सामने आया है उन्होंने बताया कि मामला आत्महत्या का दिख रहा है पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट जानकारी हो पाएगी।

### टेम्पो पलटने से महिला घायल

**कंदवा।** सैयदराजा-जमानिया मार्ग पर पई कुसी गांव के बीच शुक्रवार को अनियंत्रित टेम्पो पलट गया। इस दुर्घटना में कोरमी गांव निवासी निर्मला देवी 50 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते हैं कि कोरमी गांव निवासी कालेश्वर की पत्नी निर्मला देवी जमानिया से बाजार कर टैंपू से घर वापस लौट रही थी। अभी टैम्पू कुसी व पई गांव के बीच पहुंचा था कि ट्रक से बचने के चक्कर में टेंपो चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे निर्मला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई, वहीं चालक बाल बाल बच गया। लोगों ने घायल महिला को बरहनी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं बरहनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल पर रेफर कर दिया।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**कंदवा।** लक्षिमनपुर-अरंगी मार्ग पर शुक्रवार की सुबह ठाकुर बाड़ी मंदिर के समीप अनियंत्रित होकर बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे उठकार इलाज के लिए एक निजी चिकित्सालय अरंगी में भर्ती कराया। बताते हैं कि करारी निवासी सोहेल अंसारी 20 वर्ष अपने रामपुर रिश्तेदार के शादी में होकर अपने घर जा रहा था तभी ठाकुर बाड़ी मंदिर के समीप अनियंत्रित होकर बाईक सवार गिरकर घायल हो गया। जिसे देख पास के लोगों ने उन्हें उठकर इलाज के लिए एक निजी चिकित्सालय अरंगी में भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा उन्हें प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है।

### पीएचसी बरहनी पर गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**कंदवा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर शुक्रवार को 112 गर्भवती महिलाओं की जांच गयी तथा उनकी सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी महिलाएं ठीक ठाक पाई गयी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र कुमार ने कहा सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने नैतिक जिम्मेदारीयों का बखूबी निर्वहन करें। पीएचसी पर ब्लाक की 112 गर्भवती महिलाओं के जांच कोरोना, बीपी, वजन, हेमोग्लोबीन, यूरिन, एचआईबी, जीडीएम, सिफलिस आदि का जांच किया गया। सभी गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम गोली के वितरण किया। खान पान देखरेख पर विशेष सलाह दी गयी। कोई दिक्कतें आने पर चिकित्सकीय सलाह उपचार के लिए कहा गया। इस दौरान डा. संचीता अग्रवाल, श्रीप्रकाश त्यागी, रीना यादव, बिन्दु, विनय कुमार, अभिमन्यु, विक्रात, संजय, तेजप्रताप, सुदामा, चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### रेवसा में अप्रेंटिसशिप मेला 12 जून को

**चंदौली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेवसा 12 जून को अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया है जिसमें राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक कंजूमर, वेल्डर, प्लंबर, ड्राफ्ट्समैन आदि व्यवसायों के युवक और युवतियों जो अप्रेंटिसशिप करना चाहते हैं वे निर्धारित तिथि को सुबह 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेवसा पहुंचकर मेले में प्रतिभाग करें।

## वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत: सूर्य प्रताप शाही

जनसंदेश न्यूज

**चकिया।** जनपद दौरे पर आए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार की दोपहर विकासखंड के डोड़ापुर गांव में पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत आयोजित शिविर को संबोधित किया। कहा कि किसानों को वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना होगा, जिससे उनकी उपज बड़े उन्होंने किसानों को से अपील की कि आप अपने खेत की मिट्टी की समय-समय पर जांच कराते रहें। इस दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि किसान देश की ताकत हैं।

इन्हें और मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। किसान उन्नतिशील बीजों का प्रयोग करें। उर्वरक का कम से कम प्रयोग करें। गोबर की खाद खेतों में डालने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। खेती में समय और सकारात्मक सोच का बहुत असर होता है। किसानों को सोलर पंप, हारविस्टर सहित कृषि यंत्रों की उपयोगिता और उस पर सरकार की तरफ से दी जाने वाली छूट को भी बताया। कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की जनप्रिय कार्यों से विपक्षी बौखला गए हैं। गांव आज शहर की तरह चमक रहे हैं। यह सब अन्य दलों को ठीक नहीं लग रहा। किसानों को मिनी बीज किट भी दिया गया है।



किसानों को बीज का किट प्रदान करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

सरकार लगातार कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कृषि उपनिदेशक बसंत कुमार दुबे ने कृषि योजनाओं के बाबत विस्तार से जानकारी देते हुए पीएम सम्मान निधि से लाभान्वित होने वाले किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। इस दौरान रावर्टसगंज के सांसद पकौड़ी लाल कोल, चकिया विधायक कैलाश आचार्य, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह, अभिषेक मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, अरविंद पांडेय नागेश पांडेय भानु के जिलाध्यक्ष विकास पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### गरीबों के पुनर्वास के लिए तहसीलदार को सौंपा पत्रक

**सकलडीहा।** प्रदेश स्तरीय आवाहन पर शुक्रवार को भाकपा माले, इंकलाबी नौजवान सभा व अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन और अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा का 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सकलडीहा तहसीलदार से मुलाकात किया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मिजार्पुर जनपद के सदर तहसील अर्न्तगत कोटवा पांडेय गांव के तीन सौर गरीब परिवार को पुनर्वास की व्यवस्था व फर्जी मुकदमा वापस कराने की मांग किया। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार से गरीबों पर फर्जी मुकदमा लगाकर उनके घरों को जमींदोज किया जा रहा है। इससे आम जनता में भारी आक्रोश है। वक्ताओं ने एंटी भू माफिया कानून की आड़ में गरीबों को बेदखल करने की कार्रवाई पर रोक लगाने व वनाधिकार कानून के तहत साढ़े चार एकड़ में गरीबों को पट्टा देने व फर्जी मुकदमा वापस लेने की मांग किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य कामरेड शशिकांत सिंह, सचिव कामरेड उमानाथ चौहान, श्यामदेई, सारनाथ राय, अमित कुमार सोनू, बसावन चौहान मौजूद रहे।

## तीस लाख रुपये गबन के मामले में रेलकर्मी गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** एक सप्ताह की जांच के बाद आखिरकार शुक्रवार को लगभग तीस लाख रुपये के गबन के मामले में वेतन कार्यालय से एक रेलकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि रेलवे में जमा करने के लिए पैसा लेते थे और जमा करने की रसीद भी देते थे। जो कि पैसा खुद ही रख लेते थे। रेलकर्मी की गिरफ्तारी से विभाग में हड़कंप मच गया है। रेलवे स्टेशन परिसर में पार्सल कार्यालय से सटे हुए ही वेतन कार्यालय है।

पूर्व में रेल कर्मियों को यही से वेतन का भुगतान किया जाता था। बाद में रेलकर्मियों के एकाउंट में पैसा आने लगा। इसके बाद यहां रिजर्वेशन और टिकट बिक्री का कागजात आदि रखा जाता है। यही नहीं विभिन्न स्टालों और वेंडिंग का पैसा जमा होता है। यहां दीपक कुमार सिन्हा निवासी 547 कैलाशपुरी कार्यालय अधीक्षक पद पर डिविजनल कैशियर के अतिरिक्त प्रभार के साथ तैनात हैं। इनके साथ ही अंगद कुमार पांडेय निवासी मानस नगर हेड सराफ के पद पर तैनात हैं। इन पर आरोप है कि पिछले दस माह से पैसे रेलवे के खाते में न जमा कर खुद की रख लेते रहे हैं। यही नहीं पैसा करने वाले को जमा की रसीद पकड़ा देते थे। पैसों में हेराफेरी की शिकायत के बाद तीन जून को वरीय मंडल वित्त प्रबंधक आदित्य आनंद ने वेतन कार्यालय पहुंच कर जांच पड़ताल की थी।

उन्होंने गड़बड़ी मिलने पर ईसीआर मुख्यालय पर आडिट टीम से भी जांच कराने की बात कही थी। जांच पड़ताल में लगभग तीस लाख रुपये के गोलमाल की शिकायत मिली। इसके बाद शुक्रवार को हाजीपुर से आई टीम व आरपीएफ ने वेतन कार्यालय पर पहुंच कर दीपक कुमार को पकड़ लिया। उनके खिलाफ आरपीएफ डीडीयू पोस्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। दीपक को मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## 43. 45 लाख रुपये के साथ सुरक्षा तंत्र ने एक व्यक्ति को पकड़ा

**सफलता**

**रुपये को वाराणसी से पश्चिम बंगाल ले जा रहा था कारोबारी**

**डीडीयू नगर।** बिना कागजात के रुपयों की खेप पश्चिम बंगाल ले जा रहा एक व्यक्ति को राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने गुरुवार की सुबह पकड़ा। उसके पास 43.45 लाख रुपये बरामद हुआ।शुक्रवार को बरामद रुपये और आरोपी को जीआरपी ने आयकर विभाग की टीम के हवाले कर दिया। आगे की कार्रवाई आयकर विभाग करेगी। जीआरपी के पुलिस उपाधीक्षक कुंवर प्रभात सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए स्थानीय रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच पड़ताल की जा रही है। बृहस्पतिवार की सुबह जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम स्टेशन पर गश्त कर रही थी। सुबह साढ़े पांच बजे टीम प्लेटफार्म संख्या एक और दो के फुटओवर ब्रिज के सीढियों के पास पहुंची तभी एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। उसे पकड़ कर उसके बैग की तलाशी ली गई। उसके पिट्ठू बैग में रुपयों की गड्डी मिली। उसे पकड़ कर कोतवाली में लाकर जब रुपयों की गिनती की गई तब 43 लाख 45 हजार रुपये बरामद हुए। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बुधन दोलाई निवासी नरायनपुर महाराजपुर थाना घटाल, पश्चिमी मेदिनीपुर पश्चमि बंगाल बताया। सीओ कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि बुधन दोलाई सोने चांदी के ज्वेलरी का कारीगर है। बताया कि इसकी सूचना वाराणसी आयकर विभाग को दी गई लेकिन बृहस्पतिवार को टीम बाहर गई थी। शुक्रवार को टीम के आने पर बरामद रुपये और आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया है।

### समर कैंप से बच्चों में रचनात्मक विकास और निखरती है प्रतिभा

**सकलडीहा।** डायट परिसर में संचालित सकलडीहा परिषदीय विद्यालय नंबर तीन पर शुक्रवार को निपुण भारत मिशन के तहत समर कैंप का आयोजन हुआ। इस दौरान कक्षा 1 से 3 तक के अध्ययनरत बच्चों का अधिगम स्तर बेहतरीन बनाने व कक्षा अनुरूप स्तर पर लाने के लिए जनभागीदारी कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षण आवरण में सृजनात्मकता के साथ सीखने का प्रयास किया। डायट प्राचार्य डा. माया सिंह ने बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को निपुण भारत मिशन के तहत अधिगम स्तर पर बेहतर करने के लिये कवायद शुरू किया गया है। कैंप शिविर में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्राचार्य डॉ माया सिंह ने पेंसिल, कट्टर, चार्ट पेपर, कलर आदि शिक्षण सामग्री पुरस्कार के रूप में वितरित किया गया। इसके पूर्व डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा बनाया गया जी-20 चार्ट एवं मॉडल का अवलोकन किया। मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता प्रिया पाण्डेय, प्रवक्ता डा.रोशन सिंह, जयन्त कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेश सिंह, केदार यादव, हरवंश , चंद्रधर दीक्षित, हिमांशु पांडेय, स्वाति राय कमर अयूब देवेंद्र कुमार, अजहर शहीद आदि मौजूद रहे।

## वृद्ध व असहाय की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं: राकेश



वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

**चंदौली।** जनपद में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का जन्मदिवस संकल्प दिवस रूप में मनाया गया, जिसमें जिले के वृद्ध आश्रम में वृद्ध व असहाय को अल्पाहार व फल का वितरण कराया गया। इस दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि आज हम लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया। आज हम सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने वृद्धा आश्रम जाकर इस अवसर को साझा किया और उनके साथ खुशियां बांटी। इस प्रयास से हम सभी को सुकून मिला। दुनिया में कहीं भी नहीं मिला और कहा कि बड़े बुजुर्गों की सेवा करना ही परम धर्म है। आज इनके बीच रहकर जो अनुभूति प्राप्त हुई है वह अतुलनीय है वही पदाधिकारियों ने वृद्धा आश्रम में बड़े बुजुर्ग का आशीर्वाद लिया। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी में महिला जिलाध्यक्ष अर्चना देवी, जिला कोषाध्यक्ष गणेश मद्धेशिया, घूरेलाल कन्नौजिया, आभा चौरसिया, शीला गुप्ता, शीला देवी, मंजू जायसवाल, मकबूल आलम, अब्दुल कलाम अंसारी, सोनू, रोहित कुशवाहा, आकाश यादव (वृद्धा आश्रम कमेटी संचालक) आदि शामिल रहे।

### बेटियां परिवार पर बोझ नहीं, माता-पिता का गौरव

**नियामताबाद।** बेटियां बोझ नहीं होती वह माता-पिता का गौरव होती है घर की रौनक होती है बेटी के जन्म को कोई परिवार बोझ ना समझे और बेटियों की शादी पर कोई मां-बाप खुद को बेसहारा ना माने इसलिए मुगलसराय नगर की श्री सेवा सामाजिक संस्था ने एक अनूठी पहल पेश की। नियमताबाद क्षेत्र के महेवा ग्राम की एक गरीब परिवार की कन्या की मदद करके उसके वैवाहिक कार्यक्रम में सहयोग किया। संस्था द्वारा कन्या को सिंगल बेड, गद्दा, चादर, सिंगारदान, साड़ी, बर्तन, कुर्सी, पंखा, दीवाल घड़ी आदि सामान देकर उसकी मदद की गई। आपको बता दें कि संस्था के संस्थापक सतीश जिंदल ने गरीब व असहायओं की सेवा के लिए बीड़ा उठा रखा है जब भी किसी गरीब परिवार के बेटियों की शादी करनी हो या किसी निर्धन परिवार के व्यक्ति का इलाज करवाना हो तो जानकारी होने पर तुरंत अपने सदस्यों के सहयोग से कार्य को अंजाम तक पहुंचाते हैं कन्या के परिवार के सदस्यों ने संस्था के अध्यक्ष व सदस्यों की भरपूर प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सतीश जिंदल, डा.मनोज कुमार सिंह, राजकुमार जायसवाल, डा.एके सिंह उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने अस्पताल व पैथॉलाजी सेंटर पर की छापेमारी, हड़कंप

**नियामताबाद।** अवैध तरीके से संचालित हो रहे अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटर पर शुक्रवार को पीडीडीयू नगर एसडीएम अविनाश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार की दोपहर रेमा गोधना के समीप बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे हॉस्पिटल पर छापेमारी की गई। फर्जी हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। एसडीएम की कार्यवाही से निजी हॉस्पिटलों में खलबली मच गई।

आपको बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डा.संजय सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामताबाद से डा.संदीप कुमार, डा.एसके सिंह द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हॉस्पिटलों पर छापेमारी की गई। एसडीएम अविनाश कुमार ने गोधना चौराहे पर स्थित हिमांशु हॉस्पिटल, धन्वंतरी हॉस्पिटल, ओम साईं बाबा हॉस्पिटल, रामा हॉस्पिटल के साथ चरक हॉस्पिटल को भी सील कर दिया। लगातार मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पतालों के बारे में जानकारियां मिल रही थी जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद स्वास्थ्य महकमा जागा और ताबड़तोड़ छापेमारी से बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पतालों को सील कर दिया जबकि कई हॉस्पिटल संचालक पहले ही हॉस्पिटल में ताला लगाकर फरार हो गए। लगातार छापेमारी से भय का माहौल हॉस्पिटल संचालकों में देखा जा रहा है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आज स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ छापेमारी की गई जिसमें 4 हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया है और आगे भी छापेमारी जारी रहेगी।



डीडीयू नगर में अस्पताल का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम अवनीश कुमार।

## स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक में रेल हित पर हुई चर्चा

**डीडीयू नगर।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में रेल हित, कर्मचारी कल्याण संबंधी कार्यों पर विचार विमर्श एवं सुझावों के आदान-प्रदान हेतु स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में डीडीयू मंडल के अंतर्गत ईसीआरकेयू के केंद्रीय एवं शाखाओं के पदाधिकारियों ने तथा डीडीयू मंडल के उच्च अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में कर्मचारी कल्याण से जुड़े विभिन्न प्रस्तावित मुद्दों पर गहन चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया तथा यूनियन के पदाधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि कर्मचारी हित अति महत्वपूर्ण है एवं रेल प्रशासन इसके लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है। स्थाई वार्ता तंत्र उत्तम औद्योगिक संबंध बनाए रखने हेतु एक सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है। कर्मचारी कल्याण हेतु प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार एवं यथोचित कार्यवाही करते हुए सभी के सहयोग से रेल कर्मियों हेतु स्वस्थ कार्य वातावरण एवं उत्तम सुविधाएं बनाए रखने के साथ समग्र रूप में रेल हित को आगे बढ़ाने की बात कही गई।

## नौगढ़ अस्पताल से गैरहाजिर मिले चिकित्सक व कर्मी

**नौगढ़।** विधायक चकिया कैलाश आचार्य के निर्देश पर शुक्रवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान दास अग्रहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुबह 9.30 बजे पहुंचे। साथ ही अस्पताल से गैरहाजिर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंदौली से किया।

जिन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिन का वेतन अदेय किए जाने का आश्वासन दिया है। उपजिलाधिकारी आलोक कुमार को मामले से अवगत कराए जाने पर जवाब मिला कि अस्पताल मे रात्रि ड्यूटी में कार्यरत रहे चिकित्सक को बुलाकर मरीजो को चिकित्सकीय सुविधा दिए जाने की तत्कालीन व्यवस्था कर दी गई है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.अवधेश सिंह पटेल की सैद्धांतिक सहमति पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की लेटलतीफी व गैरहाजिर रहना अनवरत जारी है, जिससे मरीजों को समुचित दवा ईलाज का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को सुबह 9.15 बजे तक चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण कक्ष, लैब, एक्स-रे रूम आदि में ताला लटकने का मामला संज्ञान में आते ही क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य ने भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान दास अग्रहरि को तत्काल मौके पर पहुंच कर वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे तक अस्पताल में कोई भी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी नहीं मौजूद रहा। जबकि अस्पताल परिसर में मरीज ईलाज कराने की आस में बैठे रहे। जिसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को किए जाने पर बताया गया कि प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक की रिपोर्ट पर सभी गैरहाजिर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिन का वेतन अदेय किया जाएगा। साथ ही उपजिलाधिकारी आलोक कुमार को इस बारे में जानकारी दिए जाने के बाद जवाब आया कि रात्रि ड्यूटी में कार्यरत रहे चिकित्सक डा.सुनील सिंह से मरीजों का दवा उपचार शुरू कराया जा रहा है।

# स्पोर्ट्स



सिंगापुर में बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भाग लेती हुई चीन और थाईलैंड की यूगल खिलाड़ी।

# अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर ने की शतकीय साझेदारी, टीम इंडिया की हुई जबरदस्त वापसी

## ताने सहे-अपमान झेला और टीम से किए गए बाहर, 512 दिन बाद वापसी और बचाई भारत की इज्जत, 469 के जवाब में भारत के 296 रन



**लंदन।** टेस्ट क्रिकेट में लंबे वक्त तक बैटिंग करने में एकाग्रता की जरूरत होती है, यह एक स्किल है। पिछली गेंद के बाद अगली बॉल का सामना करने के लिए आप खुद को कैसे तैयार करते हैं यह चैलेंज है। विपरित हालातों में खुद को ढालना होता है। हालातों से समझौता न कर लड़ना होता है और अजिंक्य रहाणे ऐसे ही किसी योद्धा की तरह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में किला बचाते नजर आए। ओवल ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के जिन तेज गेंदबाजों के सामने हमारे टॉप-4 स्टार बल्लेबाजों ने सरेंडर कर दिया, वहीं दो साल से टीम से बाहर चल रहे रहाणे अकेले डटे रहे। भले ही 89 रन बनाकर शतक से चूक गए, लेकिन भारत की मैच में वापसी जरूर करवा दी। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दो दिन ऑस्ट्रेलिया टीम का दबदबा टीम इंडिया के खिलाफ बना रहा लेकिन तीसरे दिन के पहले सत्र में भारतीय टीम ने वापसी का बिगुल बजा दिया है। अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर ने 100 से अधिक की साझेदारी कर भारतीय टीम को मैच में वापसी करवा दी है। हालांकि पहले सत्र के अंत तक टीम इंडिया अभी भी 209 रन पीछे है लेकिन केवल एक विकेट खोकर टीम इंडिया ने पहले सेशन में 109 रन बना दिए। लंच तक टीम इंडिया का स्कोर 6 विकेट पर 260 रन है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर टीम इंडिया का स्कोर 151/5 था। तीसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरे अजिंक्य रहाणे को श्रीकर भारत का साथ नहीं मिल पाया। स्कॉट बोलैंड ने श्रीकर को 5 रनों पर ही क्लीन बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को जल्दी सफलता दिलाई।

लेकिन इसके बाद बल्लेबाजी करने आये शार्दुल ठाकुर ने रहाणे का अच्छा साथ निभाया और टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया टीम ने कई कैच ड्रॉप किये तो नो बॉल के चलते भारतीय बल्लेबाजों को जीवनदान भी मिले। दूसरे दिन अजिंक्य रहाणे 29 रनों पर नाबाद पवेलियन लौटे थे लेकिन तीसरे दिन आते ही उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी दिखाई और लंच तक उनका स्कोर 89 रन हो गया है, जिसमें 11 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। रहाणे के साथ शार्दुल ठाकुर ने बखूबी निभाया। ठाकुर ने 83 गेंदों पर 36 रन बना लिए हैं, जिसमें 4 चौके शामिल रहे हैं। रहाणे और ठाकुर के बीच 133 गेंदों पर 108 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई है और भारतीय टीम की भी शानदार वापसी हो गई है। एक समय पर टीम इंडिया फॉलो-ऑन ने खेलने की स्थिति में थे लेकिन अब इन दोनों बल्लेबाजों ने जबरदस्त पारियां खेलते हुए टीम के लिए अपना अहम योगदान दिया है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को भारत की पहली पारी 296 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 469 रन बनाए थे, जिससे उसके पास 173 रन की बढ़त है। भारत के लिए अजिंक्य रहाणे ने 89 जबकि शार्दुल ठाकुर ने 51 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस ने तीन जबकि स्कॉट बोलैंड और मिशेल स्टार्क ने दो-दो विकेट लिए। *एजेंसी*

# मिशन रोजगार: चंदौली में 76 एएनएम को मिला नियुक्ति पत्र

**अवसर**

### सीएम बोले, स्वास्थ्य विभाग ने हालिया दिनों में किया अच्छा काम



कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री के संबोधन को सुनते अफसर व एएनएम।

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से चयनित 7182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में 550 एएनएम को नियुक्ति पत्र दिए और बाकी को जिले में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते छह साल में स्वास्थ्य विभाग ने नेशनल एवरेज से अच्छा काम किया है। दिमागी बुखार पर पूरी तरह नियंत्रण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रयास से यह संभव हुआ। अन्तर्विभागीय समन्वय से आगामी दो-तीन साल में इंसेफेलाइटिस का पूरी तरह उन्मूलन कर देंगे। यह स्वास्थ्य विभाग का बड़ा मॉडल है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोरोना महामारी को नियंत्रित किया। गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती स्केनिंग करते थे। फील्ड में हेल्थ वर्कर ने काम किया तो कोरोना को नियंत्रण करने का मॉडल पेश किया। विभाग में पारदर्शिता से चयन हुआ है।

कहा कि नवचयनित स्वास्थ्य कर्मियों का दायित्व है कि गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएं। नेशनल फैमली हेल्थ सर्वे में सही आंकड़े फीड होने चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे हैं बेहतर कार्यों की सराहना की। जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल ने कहा कि जनपद में 76 स्वास्थ्य कार्यकत्रियों का नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। उन्होंने नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ताकत व प्रतिबद्धता के साथ शासन की मंशा के अनुरूप सुनिश्चित करने की बात कही। विधायक व जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा जिले में चयनित 76 एएनएम में से 10 एएनएम को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने सकहा कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। जनता की सेवा मुख्यमंत्री की पहली प्राथमिकता रहती है। जिले में स्वास्थ्य विभाग की अपेक्षा के अनुसार कार्य करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.वाईके राय ने कहा कि आप लोग मनोयोग से कार्य करें और स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत करें आवेदन

**चंदौली।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना को वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत उद्यम की स्थापना के इच्छुक बेरोजगार व्यक्तियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते है। योजनान्तर्गत उद्योग क्षेत्र की इकाई हेतु अधिकतम धनराशि 25.00 लाख एवं सेवा क्षेत्र की इकाई हेतु अधिकतम धनराशि 10.00 लाख की बैंकों के माध्यम से ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जायेगा। कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत उद्योग क्षेत्र हेतु धनराशि 6.25 लाख तथा सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम धनराशि 2.50 लाख की सीमा तक अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा, जो उद्यम के 02 वर्ष तक सफल संचालन के उपरान्त अनुदान में परिवर्तित हो जायेगा। आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए एवं उसकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष तक होनी चाहिये। आवेदक की न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल उत्तीर्ण या उसके समकक्ष होना चाहिये। लाभार्थियों का चयन गुण-दोष के आधार पर किया जायेगा। 21 जून तक आवेदन केवल आनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।


## बॉलीवुड न्यूज

### 'द फ्लैश' रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार



**इंदौर।** वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स, डीसी यूनिवर्स की एक और रोमांचक फिल्म "द फ्लैश" रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसका निर्देशन डायरेक्टर एंडी मुशिएती ने किया है। डीसी सुपर हीरो की पहली स्टैंडअलोन फीचर फिल्म में एज्रा मिलर प्रमुख किरदार (द फ्लैश/बैरी एलेन) को दोहराते हुए नजर आएंगे। डायरेक्टर एंडी मुशिएती के साथ अपने संगठन के बारे में बात करते हुए, एज्रा कहते हैं, "एंडी एक ऐसे डायरेक्टर हैं जो इतने प्रतिभाशाली हैं कि उन्हें इमोशनल एलिमेंट्स की बहुत गहरी समझ तो है ही, साथ ही उनके पास एक बेहतरीन सेन्स ऑफ ह्यूमर भी है, और वह यह भी अच्छी तरह समझते हैं कि विजुअल इफेक्ट्स के मामले में इस दुनिया को कैसे जीवंत किया जाना है, और यही कुछ बातें हैं जो उन्हें "द फ्लैश" के लिए एक बिलकुल सही विकल्प बनाती हैं। एज्रा मिलर के साथ, "द फ्लैश" में राइजिंग स्टार बेन एफ्लेक, साशा काले, माइकल शैनन, रेन लिविंगस्टन, मारिबेल वेरडू, किर्से क्लेमन्स, एंटजे ट्रू और माइकल कीटन भी नजर आएंगे। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स 15 जून, 2023 को भारत के सभी सिनेमाघरों में 'द फ्लैश' रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# माइनरों की सफाई न होने से किसान चिंतित



झाड़-झंखाड़ से पटी महुआरीखास वाया सराय नहर।

**चहनियां।** क्षेत्र के महुआरी खास वाया सराय नहर झाड़ झंखाड़ से पटा हुआ है। यही नहीं क्षेत्र के अन्य नहरों का भी यही हाल है। नहर विभाग के जेई को इस क्षेत्र के किसानों की समस्या से कोई मतलब नहीं है। क्षेत्र के किसान आने वाले समय मे धान की नर्सरी लगाने को लेकर चिंतित नजर आ रहे। विदित हो कि भूपौली पम्प कैनाल से जुड़ी महुआरीखास वाया सराय नहर सफाई नहीं होने के कारण झाड़ झंखाड़ से पटा हुआ है।

कुछ यही हाल बलुआ पम्प कैनाल से जुड़ी नहरों का है। क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसानों की खेती होती है, लेकिन विगत कई वर्षों से नहर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के उदासीनता के कारण नहर की सिल्ट व माइनर के झाड़-झंखाड़ की सफाई नहीं होने से या खानापूर्ति कर देने से नहर का पानी टेल तक नहीं पहुंच पाता है तथा बीच मे पानी रुकने के कारण कई जगह नहर टूट जाती है। जिसके कारण कई किसानों के फसल पानी की वजह से बर्बाद हो जाते है । नहर से जुड़े भारतीय किसान कल्याण संघ के जिल्ध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि जब किसानों को पानी की जरूरत होगा उस समय विभाग के लोग चालाकी से जेसीबी मशीन को नहर में घंटा दो घंटा चलाकर फोटो उच्चाधिकारियो को भेज देते है और काम को अधूरा छोड़कर पानी नहर में छोड़ देते है। जिसके कारण किसानों को समुचित मात्रा में पानी नही मिल पाता और फसल बर्बाद हो जाती है। किसानों ने नहर को पूर्ण रूप से साफ कराने की मांग की है।

# एसडीएम का छापा: निजी अस्पताल बंद कर भागे संचालक, खलबली



चहनियां में समाधान हॉस्पिटल पर मौजूद एसडीएम व अन्य अधिकारी।

**चहनियां ।** प्राइवेट हॉस्पिटलों पर उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने छापा मारा। जिसमें सभी हॉस्पिटल संचालक फरार मिले। एक हॉस्पिटल पर कागज पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी सकलडीहा मनोज पाठक ने एडिशनल सीएमओ डा.रमेश प्रसाद के साथ चहनियां के प्राइवेट हॉस्पिटलों पर शुक्रवार की दोपहर में छापा मारा। जिसमें सबसे पहले समाधान हॉस्पिटल पर छापा मारे। जहां हॉस्पिटल संचालक हॉस्पिटल बन्द कर फरार हो गया।

उसके बाद ताबड़तोड़ कई हॉस्पिटलों पर छापा मारे, जहां सभी हॉस्पिटल बन्द कर संचालक फरार मिले। केवल प्रबंध निदेशक ज्योति नेत्र चिकित्सालय डा.संजय त्रिपाठी की देखरेख में हॉस्पिटल खुला मिला तथा चेकिंग में लगभग सभी कागज दुरुस्त मिले। कुछ कागज अपूर्ण रहे, जिसे जल्द दुरुस्त करने का एडिशनल सीएमओ ने निर्देश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी मनोज पाठक ने कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटलों की शिकायत मिल रही है। इन दिनों भीषण गर्मी में मरीजों की संख्या ज्यादा है। जिनका प्राइवेट हॉस्पिटलो पर शोषण की सूचना मिल रही है। शासन के निर्देश पर हॉस्पिटलों की चेकिंग किया जा रहा है। यह अभियान अभी चलेगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश राय, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.रितेश कुमार, आरा रोशन आदि उपस्थित थे।

## संक्षेप

### हुदहुदीपुर में ग्राम चौपाल में सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



महिलाओं का गोद भराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराते मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता।

**चहनियां।** चलो चंदौली ग्राम चौपाल के तहत गुरुवार को सेवड़ी (हुदुहदीपुर) ग्राम सभा के पंचायत भवन पर जनचौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने बच्चों का अन्न प्रासन्न व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई किया। साथ ही चौपाल में लगे विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों का निरीक्षण किया। चौपाल राजस्व, समाज कल्याण, आंगनवाड़ी, कृषि शिक्षा, आयुर्वेद, चिकित्सा, पशु पालन, वन, श्रम, सहकारिता, बिजली, स्वच्छ भारत मिशन, लघु सिंचाई, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के एक-एक अधिकारियों ने लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि चलो चंदौली ग्राम चौपाल के तहत गांवो में जनचौपाल लगाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लोगों को लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं को जनचौपाल के माध्यम से लोग इसका लाभ ले यही कार्यक्रम का उद्देश्य है। चौपाल में सहायक विकास अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार सिंह, राजन सिंह, जेई दीनानाथ यादव, एचटी संतोष मिश्रा, अवनीश कुमार सिंह, अजय कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### 87 किग्रा ग्रीको रोमन स्टाइल में जीता सिल्वर मेडल

**डीडीयू नगर।** दिल्ली स्थित छत्रसाल स्टेडियम में जून से 12 जून 66वीं राष्ट्रीय स्कूली गेम्स प्रतियोगिताएं चल रही हैं जिसमें चंदौली के उभरते पहलवान शिवम यादव ने 87 किग्रा ग्रीको रोमन स्टाइल में सिल्वर मेडल जीतकर जनपद व अपने परिवार का नाम रौशन किया। बेटे की सफलता पर पिता बृजनाथ यादव और मां मीना देवी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। साथ ही स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ चंदौली के अध्यक्ष डा.अनिल यादव, महासचिव कुमार नंदजी, पहलवान व यूपी पुलिस विजय यादव, सुरेन्द्र, चन्दन पहलवान, ओमवीर पहलवान, बाढ़ू भगत, पूर्व चेयरमैन रेलवे सेटलमेंट रणजीत यादव ने भी बधाई दी। विजेता पहलवान शिवम ने बताया कि उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान, एशियन मेडलिस्ट, साई, बरेली के कोच कृष्णकांत यादव की देख-रेख में कुश्ती के दांव-पेंच सीखा। यह पहला मेडल उन्होंने अपने गुरु को समर्पित किया है। साथ ही उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान व पूर्व कोच रेलवे मनोहर पहलवान का भी धन्यवाद ज्ञापन किया।

### सरने माइनर की खुदाई के लिए किसान महासभा मुखर

**चंदौली।** अखिल भारतीय किसान महासभा सरने माइनर की खोदाई सहित स्थानीय मुद्दों को लेकर मुखर है। अभियान में जन सहभागिता के लिए महासभा ने गांव-गांव भ्रमण कर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसके बाद मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए सात व आठ जून को धरनास्थल चंदौली पर धरना दिया। इसी क्रम में शुक्रवार को किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला कमेटी के सदस्य सतीश चन्द्र ने कहा कि 1972 से चकबन्दी में सरने माइनर की जमीन छुटी हुई। आधा-अधूरा खोदाई भी हो गई है। तटबन्ध व साइफन बनाकर सरने से महदिउल तक टेल तक पानी पहुंचाया जा सकता है। रामप्यारे यादव ने कहा कि सरने माइनर की खोदाई में अब हीलाहवाली नहीं चलेगी। सरने माइनर की खुदाई तक संघर्ष जारी रहेगा।

# विद्यालय खुलने से पहले करा लें स्कूली वाहनों का फिटनेस

**चंदौली।** जनपद के निजी विद्यालयों में संचालित जिन स्कूली वाहनों की फिटनेस वैधता समाप्त गई है तथा वाहन के अन्य प्रपत्र अपूर्ण है। पूर्व में एक जून को जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा की बैठक में सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा था कि शत-प्रतिशत स्कूल बसों का फिटनेस की जांच स्कूलों के संचालन के पूर्व करा लिया जाए। किसी भी दशा में जनपद में अनफिट स्कूली वाहनों का संचालन न होने पाए। जिसे देखते हुए जनपद में संचालित निजी स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य अपने विद्यालय में संचालित सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस करा लें। साथ ही वाहन से जुड़ समस्त प्रपत्र को वैध कराना सुनिश्चित करें। वाहन को तकनीकी रूप से मानक अनुरूप ठीक करा लें, जिससे की छात्र-छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकें।

# वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे पुल में आई दरार, भारी वाहनों पर लगा प्रतिबंध



**सोनभद्र।** वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर डाला स्थित निर्मित ब्रिज संख्या 382 आरओबी में दरार आने के कारण शनिवार से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गयी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वाराणसी-शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर डाला वैष्णो मंदिर के समीप पुल संख्या 382 पढ्इ में दरार की सूचना से निर्माण कंपनी सकते में आ गई है, जिसके मरम्मत कार्य के लिए शनिवार को भारी वाहनों के आवागमन के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

इस बाबत रेलवे के सहायक मंडल अभियंता ने जिलाधिकारी सोनभद्र एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को पत्र लिखकर सहयोग की मांग की है।पत्र के द्वारा बताया गया है कि शनिवार को पुल में आई दरार को ठीक करने का कार्य किया जाना है ऐसे में सुरक्षा एवं संरक्षा के दृष्टि से सहयोग अपेक्षित है।गौरतलब है कि वाराणसी- शक्तिनगर मुख्यमार्ग बग्घानाला से डाला वैष्णो मंदिर तक डेंजर जोन में तब्दील हो गया है जहां अब तक दर्जनों लोग असमय काल के गाल में समा चुके हैं। वहीं इस मार्ग पर लगातार ओवरलोड वाहनों का आवागमन होता है, साथ ही पुल भी वनवे है। अचानक से पुल में आई दरार से जहां सवाल खड़ा होना लाजिमी है कि आखिर किस प्रकार से ऐसी लापरवाही हुई कि पुल में दरार आ गई है जो जांच का विषय है। इस बारे में टोल प्लाजा के सीनियर मैनेजर ने बताया कि पुल पर हल्की दरार आयी है, प्रतिबंध के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। हालांकि जिला प्रशासन जो निर्णय लेगा उसका पालन किया जाएगा। बताते चलें कि वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर चोपन पुल कई सालों से वनवे बना हुआ है। निर्माण कम्पनी को चोपन नगर पंचायत अध्यक्ष ने कई बार पत्राचार भी किया लेकिन आज तक दोनों पुल पर से वाहनों का आवगमन शुरू नहीं हो सका, महज हल्के वाहनों को ही पुराने पुल से आने जाने दिया जा रहा है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही बिहार में नवनिर्मित पुल भरभरा कर धरासाई हो गया था जिसको सभी ने देखा। इसके बावजूद भी अधिकारी सबक नहीं ले रहे है।

# मजदूरी कटौती से मनरेगा मजदूरों में आक्रोश, दिया धरना

**नौगढ़।** मनरेगा की मजदूरी मे कटौती किए जाने से आक्रोशित मजदूरों ने शुक्रवार को ब्लाक गेट पर धरना प्रदर्शन कर गेट मे ताला बंद कर दिया। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस व भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान दास अग्रहरी ने आक्रोशित मजदूरों को काफी समझा बुझाकर उन्हें शांत कराया। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत बाघीं के मजदूरों ने मनरेगा योजना के तहत गांव में 15 से 20 दिनों तक मजदूरी किया है। जिनका पारिश्रमिक भुगतान मे 3 से 4 दिनों तक की मजदूरी की कटौती खण्ड विकास अधिकारी सुदामा यादव के निर्देश पर किए जाने की जानकारी मिलते ही मजदूर आक्रोशित होकर ब्लाक गेट पर हंगामा कर दिया। खण्ड विकास अधिकारी का कहना है कि ग्राम पंचायत बाघीं मे मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्यों का स्थलीय सत्यापन मे मिट्टी का कार्य निर्धारित मानक से कम पाए जाने पर मस्टररोल के सापेक्ष भुगतान संभव नहीं है। इसलिए श्रमिकों का कुछ दिनों की मजदूरी अदेय करके मानक की पूर्णता हासिल की गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि आक्रोशित मजदूरों को काफी समझा बुझाकर उन्हें शांत कराकर ब्लाक गेट मे बंद किया गया ताला खोलवा कर उन्हें बताया गया है कि आरोपों का जांच कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक को अवगत कराया गया है। धरना प्रदर्शन करने वालों में रामकिशुन, सोमारू, गिरजा, धर्मेन्द्र, गुलाब, पारस, अतवारी, कलावती, मराछी, सुशीला, बिफनी शामिल रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया एक और सराहनीय कदम : गिरीश यादव


एएनएम को नियुक्ति पत्र सौंपते राज्यमंत्री

**खुशी**

## राज्यमंत्री ने 156 एएनएम को सौंपा नियुक्ति पत्र

**जौनपुर।** लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 7182 एएनएम नियुक्ति पत्र वितरण किये गए। इसी क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जिसमें राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव द्वारा 156 एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हुए नवनियुक्त कार्यकत्रियों ने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार जताया।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनपद में 156 एएनएम की नियमित नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित कराने के अपने संकल्प की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इनकी नियुक्ति से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल, सुरक्षित प्रसव की सुविधा एवं मातृ शिशु कल्याण कार्यक्रमों को बल मिलेगा। इनकी नियुक्ति से जहां एक ओर स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से स्वस्थ भारत के निर्माण का सरकार का सपना साकार हो सकेगा और एएनएम के माध्यम से ग्राम स्तर पर संक्रामक तथा गैर संक्रामक रोगों पर सक्रिय निगरानी रखी जा सकेगी। सही समय पर रोगी को निदान एवं उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने सभी नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को बधाई दी और ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जनपद में नवनियुक्त 156 एएनएम कार्यकत्रियों की नियुक्ति हो जाने से जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर ढंग से संचालित होंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त-राजस्व) रामअक्षबर चौहान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चौकी इंचार्ज के निलम्बन को लेकर ग्रामीणों का चक्काजाम


क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपती मृतक की मां

**जफराबाद।** बीती रात 11 बजे हौज गांव में चाचा ने चाकू मारकर भतीजे की हत्या कर दी थी। मौत के बाद परिजन तथा ग्रामीण जफराबाद में तैनात चौकी इंचार्ज आशीष पांडे पर पीड़ित को गाली देकर भगा देना तथा कोई कार्यवाही न करने को लेकर नाराज हो गए। महेश की मौत के बाद परिजन तथा ग्रामीण मुलजिम की गिरफ्तारी तथा चौकी इंचार्ज को निलंबित करने की मांग को लेकर महेश के शव को रोक लिया था। थानाध्यक्ष के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। देर शाम तक कोई कार्यवाई न होने पर पत्नी बबीता, माता विद्या देवी तथा परिजन एवं ग्रामीण पोस्टमार्टम के बाद महेश के शव को राष्ट्रीय राजमार्ग पर रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। समझा-बुझाकर विद्या देवी तथा महेश की पत्नी बबीता से चौकी इंचार्ज के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के नाम प्रार्थना पत्र लिया। राजमार्ग पर 2 घंटे तक जमे रहा। क्षेत्राधिकारी ने 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। परिजनों का कहना है कि जब तक मुलजिम गिरफ्तार नहीं हो जाएगा तथा चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी हम लोग अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

### पीआरओ पुलिस अधीक्षक से नहीं करने देते हैं बात

महेश की पत्नी बबीता तथा अन्य ने बताया कि हम सभी घटना तथा पुलिस की हरकत को पुलिस अधीक्षक से बताने के लिए कई बार सीयूजी नंबर पर फोन लगाया लेकिन पुलिस अधीक्षक का फोन कोई और उठाते हैं और बिना पूरी बात सुने ही फोन को काट देने का आरोप लगाया।

### कोर्ट में हत्या के आरोपित को देखने के बाद हुआ महेश का अंतिम संस्कार

पुलिस ने महेश के हत्यारे चाचा श्याम सिंह चौहान तथा उसकी पत्नी चाची आशा चौहान को शुक्रवार को सुबह नाथुपुर के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मृतक के घर वालों को बताया कि आरोपी गिरफ्तार हो गए है उन्हें कोर्ट भेज दिया गया है। पुलिस की बातों का परिजनों ने विश्वास नहीं हुआ। मृतक की पत्नी बबिता सीओ सिटी कुलदीप कुमार के साथ कोर्ट गयी। वहां पर आरोपियों को देखा। फिर वापस आकर अंतिम संस्कार करने को राजी हुए। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि चौकी इंचार्ज के खिलाफ शिकायत की रिपोर्ट को उच्च अधिकारी को प्रेषित की गई है। जांच की कार्रवाई चल रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवकों की मौत

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पगलागंज कोइरीडीहा का मामला**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर-शाहगंज मार्ग पगलागंज कोइरीडीहा के पास बीती रात 9 बजे दो बाइक सवार युवकों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृत युवकों की फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार खम्हौरा गांव निवासी आकाश पुत्र अभिलास 25 वर्ष व राजबहादुर पुत्र हीरालाल 24 वर्ष घर से कोइरीडीहा किसी काम से जा रहे थे कि जौनपुर-शाहगंज मार्ग पगलागंज कोइरीडीहा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों बाइक सवारों की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा लिख कर जांच पड़ताल में जुट गई। परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया लोग आनन-फानन में मौके पर पहुंच गए।

# दो समुदायों में मारपीट युवक की हालत गंभीर

**दहशत**

### गांव में पीएसी तैनात, माहौल शांतिपूर्ण

### 6 नामजद सहित 10 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, दो गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सहावै गांव में बीती रात दो समुदायों में जमकर मारपीट हो गयी। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दे घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। इस मामले में छह नामजद समेत 10 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि उक्त गांव में 6 जून मंगलवार को रमेश मौर्या के घर पर वैवाहिक कार्यक्रम था। जिसमें गांव के ही कुछ दबंग किस्म के दूसरे समुदाय के युवक बगैर आमंत्रण के भोजन करने लगे जिसका विरोध करने पर गांव के ही एक युवक को बीती रात बाजार से घर जाने के दौरान उस्मान व तलहा ने 22 वर्षीय मंगेश पुत्र लहुरी को जमकर लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया जिसकी सूचना मिलते ही गांव में माहौल गर्म हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक की हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं गांव में माहौल तनाव पूर्ण हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव ने पुलिस व पीएसी बल गांव में तैनात कर दिया है। वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उस्मान व तलहा सहित 6 नामजद व 10 अज्ञात के विरुद्ध 147/148/323/ 504/506 /308/ के तहत मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।


सहावै गांव में तनाव को देखते हुए तैनात पुलिस व पीएसी बल

**संक्षेप**


मानसरोवर पोखरे का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम

### मानसरोवर पोखरे का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के परौवां गांव में ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा से मानसरोवर का पोखरा बनाए जाने पर जिलाधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे तो पोखरे की स्थित देख खंड विकास अधिकारी रवि कुमार सिंह से प्रभावित हुए और उन्होने बीडीओ को निर्देशित किया कि यहां सोलर लाइट और तालाब में बोट की ब्यवस्था कराएं।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**सिरकोनी।** जलालपुर क्षेत्र के सिरकोनी रेलवे स्टेशन से एक किमी दूर गुरुवार की रात को ट्रेन से कटकर एक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी रामसरिख गौतम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया मृतक क्षेत्र के सादीपुर गांव निवासी नीरज यादव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद यादव था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था उसका वाराणसी में उपचार चल रहा था।

### गैस पाइप लीक होने से छप्पर में लगी आग, मवेशी झुलसे

**खुटहन।** बनहरा गांव में शुक्रवार को भोजन बनाते समय गैस सिलेंडर से चूल्हे में लगा पाइप खुल जाने से छप्पर में आग लग गई। छप्पर में बैठी कई महिलाएं भागकर अपनी जान तो बचा ली। लेकिन बगल छप्पर में बंधी गाय और भैंस गंभीर रूप से झुलस गई। मौके पर पहुंचे चिकित्सक मवेशियों का उपचार कर रहे हैं। गांव निवासी रामसकल गौतम के भतीजे की शुक्रवार को बारात जाने की तैयारी हो रही थी। महिलाएं मंगलगीत गाते हुए छप्पर में भोजन बना रहीं थीं। अचानक चूल्हे में लगा पाइप खुल गया जिससे आग की तेज लपटे उठने लगी। महिलाएं शोर मचाते हुए बाहर की तरफ भागीं। आग की ऊंची लपटें छप्पर तक पहुंच गई। देखते ही देखते दोनों छप्पर राख में तब्दील हो गये। गाय और भैंस झुलस गई। घटना की जानकारी होते ही हमराहियों संग प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

### पत्रकार के दादा का निधन

**केराकत।** पत्रकार आनंद कुमार के दादा रामकिशुन राम का गुरुवार की देर रात निधन हो गया वे 85 वर्ष के थे। उन्हें उम्र जनित बीमारियों के कारण वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आनंद कुमार के माता पिता का बहुत पहले ही निधन हो गया था। आनन्द की परवरिश उनके दादा ने ही की थी। निधन की खबर सुनकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक दीपनारायण सिंह, तहसील अध्यक्ष संजय शुक्ल, महामंत्री राजेश यादव, उपाध्यक्ष पंकज कुमार राय सहित अन्य साथी पत्रकारों सुरेश यादव, जय प्रकाश पाण्डेय, राम जनम पटेल, त्रिलोकी राम गुप्ता आदि अनेक लोगो ने घर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी।

### अनियंत्रित बाइक गहरी खाई में गिरी, एक की मौत, दो घायल

**चंदवक।** आजमगढ़-वाराणसी राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह गोमती नदी पुल के पास तेज गति के कारण अनियंत्रित बाइक पंद्रह फिट गहरी खाई में जा गिरी। बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को इलाज के लिए सीएचसी डोभी ले गई जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने 20 वर्षीय अमरनाथ निषाद को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेज दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दो का इलाज चल रहा है। क्षेत्र के बलुई गांव निवासी अमरनाथ निषाद पुत्र रविन्द्र, शनि निषाद (19) व राज गौरव (20) पुत्र सुरेन्द्र एक ही अपाची बाइक से चंदवक से तेज गति से आ रहे थे। चंदवक गोमती पुल के उत्तरी छोर पर बाइक अनियंत्रित हो आगे पंद्रह फिट गहरी खाई में जा गिरी जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को सीएचसी डोभी ले गई जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने अमरनाथ को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# चौपाल में अनुपस्थित कानूनगो और लेखपाल निलंबित

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्रवाई**

### डीएम के समक्ष पेश हुई पेंशन व अन्य योजनाओं की शिकायतें, मातहतों को सख्त निर्देश



ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते सीडीओ

**मुफ्तीगंज/गौराबादशाहपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकास खंड मुफ्तीगंज की ग्राम पंचायत देवाकलपुर में आयोजित जन चौपाल में अनुपस्थित लेखपाल एवं कानूनगो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें निलंबित कर शाम तक अवगत कराने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिया।

जनचौपाल में गांव की काफी संख्या में पेंशन व योजनाओं अन्य की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष आई जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आज ही सर्वे करके अवगत कराएं कि गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा पुष्टाहार का नियमानुसार वितरण किया जा रहा है कि नहीं। कोटेदार एवं सचिव को निर्देशित किया कि आज शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बना दिया जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में प्रत्येक घर का सर्वे करें और देखें कि कितने घरों में मीटर लगा है और कितनों में नहीं, इसके उपरांत 10 दिन के भीतर सभी घरों में मीटर लगवाना सुनिश्चित करें। मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि सभी का शत-प्रतिशत वरासत दर्ज कराना सुनिश्चित करें। पीडी जयकेश त्रिपाठी में अवगत कराया कि इस गांव में 57 आवास आवंटित है जिसमें से 6 लोगों ने अभी कार्य शुरू नहीं कराया है जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया कि जल्द से जल्द कार्य शुरू कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पंचायत सहायक को निर्देशित किया कि गंभीरता से कार्य करते हुए ग्राम सचिवालय पर ही लोगों को सभी प्रकार की रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराएं। उन्हें छोटे-छोटे कार्यो के लिए शहर में जाना पड़े। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 2 दिन के भीतर टंकी निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर दिया जाए। ट्रांसफार्मर खराब होने पर 1912 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए लोगों से कहा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, डीडीओ बीबी सिंह, डीएसओ संतोष विक्रम शाही, खंड विकास अधिकारी रवि सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चौपाल लगाकर समस्याओं की बनाई गई सूची

**जफराबाद।** ग्राम पंचायत चौपाल दिवस के तहत कबूलपुर गांव में शुक्रवार को एक चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में ग्रामीणों को बुलाकर उनकी समस्याओं को लेकर सूची बनाई गई जिसमें खण्ड विकास अधिकारी अश्मिता सेन, एडीओ पंचायत हेमन्त श्रीवास्तव, एडीओ एजी, आनंद त्रिपाठी, ग्राम पंचायत सचिव राजेश चौधरी, लेखपाल अभिषेक कुमार, प्रधान मोहम्मद मोजम्मिल तथा कोटेदार अकबाल खान व कोटेदार कृष्णा अधीन यादव मौजूद रहकर ग्रामीणों से सीधे रूबरू हुए। खण्ड विकास अधिकारी अश्मिता सेन ने सरकार की तरफ से चल रही सारी योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से संक्षिप्त में चर्चा की। साथ में ग्राम पंचायत सचिव राजेश चौधरी को निर्देशित किया कि आवास व शौचालय की जाँच कर ऑफलाइन फीडिंग करें ताकि जब ऑनलाइन बेबसाइट चले तो जल्दी ही फीडिंग हो जाये। चौपाल में आये हुए ग्रामीणों का आवास, शौचालय, पेंशन, राशन कार्ड, संबंधित कर्मियों की सूची बनाई गई। ग्रामीणों से बताया कि जिनका भी कार्य करवाने में कोई कमी रह गयी थी उसको दूर करके काम पूरा कराया जाएगा। चौपाल में काफी संख्या में गांव के लोग आए। सभी ने अपनी समस्याओं को बताते हुए उसके निदान की मांग किया। इस मौके पर रिंकू मौर्य, गुड्डु यादव, सुजीत, कुँवर सिंह, सयोंगिता, रीता देवी आदि लोग उपस्थित रहे।


ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते अधिकारी

# खुद को जिला जज बताने वाले दो लोग गिरफ्तार



**जौनपुर।** थाना लाइन बाजार पुलिस ने स्वयं को जिला जज बताने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना लाइन बाजार पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों द्वारा स्वयं को जिला जज बिजनौर बताकर जिलाधिकारी को व्हाट्सएप पर मैसेज किया गया। कुछ देर बाद दोनों स्वमं प्रार्थना पत्र लेकर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर मु.अ.सं. 278/23 धारा 419/420 भादवि पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सौरभ शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला निवासी गोधना मकदुमपुर थाना लाइन बाजार व श्याम श्रीवास्तव पुत्र शेष कुमार श्रीवास्तव निवासी सलखापुर थाना लाइन बाजार शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. धीरेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी जेल चौकी, थाना लाइनबाजार, हे.का. शेषनाथ सिंह, थाना लाइनबाजार, आसिफ सिद्दीकी, मनोज कुमार शामिल हैं।

# मारपीट में बीच बचाव करने गए अधेड़ की मौत

**सिरकोनी।** लाइनबाजार थाना क्षेत्र के बेलवारामसागर गांव में बीती रात दो युवकों में हुई मारपीट में बीच बचाव करने गए एक अधेड की धक्का मुक्की के दौरान जमीन पर गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

जानकारी के अनुसार गुड्डू पुत्र छोटेलाल, संतोष पुत्र बाबूनाथ बीती रात नशे में गाली गलौज, मारपीट कर रहे थे। पड़ोस में रह रहे शोभनाथ पुत्र संता उम्र 60 वर्ष दोनों को समझा कर दूर कर रहे थे। उसी दौरान दोनों ने आपस में मारपीट करने पर आमादा रहे। उनकी बातों का कोई असर नहीं रहा। जब दोनों आपस में एक दूसरे को मारपीट रहे थे तो उनसे देखा नहीं गया और बीच बचाव के दौरान धक्का मुक्की में वह जमीन पर गिर पड़े। कुछ समय बाद जब वह नहीं उठे तो और पड़ोसी आ गए। उसी में किसी ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और आरोपित को रात में ही पकड़ कर न्यायालय भेज शव को पोस्टमार्टम भेज दिया।

# विरोधियों के डीएनए में हिंदू विरोधी भावनाएं : कपिलदेव

**बैठक**

### मोदी मंत्र के साथ कार्यकर्ता घर-घर देंगे दस्तक

### भाजपा संयुक्त मोर्चा की आयोजित हुई बैठक

**जनसंदेश न्यूज**


भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करते प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री

**जौनपुर।** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा के जिला कार्यालय पर किसान, युवा, महिला, पिछड़ा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति एवं अल्पसंख्यक मोर्चा की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि स्वतन्त्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल रहे। बैठक का शुभारम्भ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

स्वतन्त्र प्रभार मंत्री ने संयुक्त मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा कार्यकर्ता विशेष जनसंपर्क अभियान के माध्यम से मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को बता कर घर-घर दस्तक देंगे। मोदी सरकार की योजनाएं हर वर्ग के लिये है। समाज का ऐसा कोई वर्ग अछूता नहीं है जो गरीब कल्याण की योजनाओं से लाभान्वित न हुआ हो। विरोधियों के डीएनए में हिन्दू विरोधी भावनाएं है। जो देश की सर्वमान्य परंपराएं है उन्हें भी वे नहीं मानती है। उन्होंने कहा कि उनकी भारत की अस्मिता विरोधी मानसिकता को भी जनता के समक्ष रखें और उन्हें बताएं कि विरोधी हमेशा देश की अवमानना करती आयी है। जब रशिया और यूक्रेन में युद्ध चल रहा था उस समय हमारे देश के छात्र वहा फंसे थे तब मोदी ने दोनों देश से बात करके वहां से छात्रों को देश में वापस बुलवाया। मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में जो नवमतदाता है उन्हें अभियान के दौरान युवा मोर्चा पार्टी की विचारधारा से जोड़े और यह बताएं कि कांग्रेस, सपा और बसपा ने उन्हें गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये हुये अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा सुसाशन और कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर मे महा सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत देश के सभी वर्गों को मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है ताकि सभी वर्गों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानियां, जिला मंत्री एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद यादव एवं मोर्चा के अध्यक्ष गण नरेन्द्र उपाध्याय, अनिल गुप्ता, रागिनी सिंह, अजय सरोज, मेराज हैदर ने कार्यक्रम में आये हुये कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया।

उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, जिला मंत्री राजू दादा, रोहन सिंह, अम्बरीशधर द्विवेदी, मण्डल अध्यक्ष गण नरेन्द्र विश्वकर्मा, अजय मिश्रा, भूपेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, इन्द्रसेन सिंह, राखी सिंह, तन्जमिला रहमान, विनोद सिंह सहित तमाम मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार करोड़ रुपये के बजट से होगा नगर का विकास

**सौगात**

## नगर पालिका परिषद की पहली बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**बारह सड़कें, वार्डों में सबमर्सिबल, स्टेशन रोड के पानी निकासी के लिए पाइप लाइन व अन्य कार्य हैं शामिल**


भाजपा सभासद अजय दुबे


नगर पालिका की बैठक मे शामिल विधायक जाहिद बेग, पालिकाध्यक्ष नरगिस अतहर, इओ और सभासदगण

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासदों के लिए बोर्ड की पहली बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष नरगिस अंसारी ने की। बैठक में एजेंडे को पढ़ा गया और सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से विकास कार्यों के उन प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे पूर्व पालिका के ईओ जी लाल ने विधायक जाहिद बेग व पालिकाध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किया। इसके साथ ही उनके द्वारा सभी सभासदों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक जाहिद बेग ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित नगर के सभी वार्डों से चुनकर आए सभासदों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड से आप चुनकर आए हैं। उन वार्डों के विकास की जिम्मेदारी आप के ऊपर है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष नर्गिस अतहर ने कहा कि नगर में जलनिकासी की सबसे बड़ी समस्या है। उस पर काम करने की आवश्यकता है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सभी सभासदों को साथ लेकर नगर की मूल भूत सुविधाओं पर काम किया जाएगा। बैठक में 15वें वित्त मद से कराएं जाने वाले 12 सड़कों, वार्डों में सबमर्सिबल पंप, जहां पर आवश्यकता होगी वहां पर पाइप लाइन का विस्तार, एक हजार एलईडी लाइट, सीवर ढक्कन, स्कूलों में टाइल्स व चौराहों के सुंदरीकरण सहित अन्य प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। लगभग चार करोड़ रुपए की बजट से यह सभी विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर डॉ.मो.अतहर अंसारी, गिरधारी जायसवाल, अशरफ अली, अरविंद मौर्य, नाजिश बानो, इसरार अंसारी, सुफियान अंसारी, संजय यादव, मो.अनस अंसारी, शबाना अलाउद्दीन, अजय दुबे, शबाना राईन, शीला बिंद, गुलाम संजरी, रमेश सरोज, गीता देवी, सुमन देवी, निशा देवी, विजया देवी, पूनम देवी, सत्ती देवी, हसीब खान, लोलारख, चंद्रेश यादव, अबरार अहमद, बेबी, पिंकी देवी व प्रदीप यादव आदि सभासद सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### भाजपा सभासदों ने विकास कार्य मे सहयोग का दिलाया भरोसा

नगर पालिका के चुनाव में बसपा प्रत्याशी नरगिस अतहर ने जीत का परचम लहराया। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के बोर्ड की पहली बैठक आयोजित की गयी थी। बोर्ड की बैठक में मौजूद वार्ड नम्बर 15 मरियादपट्टी पूर्वी के सभासद अजय दुबे ने कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष नरगिस अतहर अंसारी के नगर को चमकाने में भाजपा सभासद पूरा सहयोग करेंगे। इस दौरान गिरधारी जायसवाल, अरविंद मौर्या और प्रदीप यादव आदि सभासद मौजूद रहे।

## आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मोढ़ क्रिकेट एकेडमी को 14 रनों से हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद ग्राउंड मेढ़ी में आजाद स्पोर्ट्स क्लब व पीएसआरएस मोढ़ क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। जिसमें आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मोढ़ क्रिकेट एकेडमी को 14 रनों से मात दी। आजाद स्पोर्ट्स क्लब के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर के मैच में 7 विकेट पर 188 रन बनाए। जिसमें करण भारती ने शानदार 89 रन बनाए इसके अलावा धीरज बिंद ने 26 रन अवनीश मिश्रा ने 25 रनों का योगदान किया। जवाब में उतरी पीएसआरएस क्रिकेट एकेडमी मोढ़ ने 28 ओवरों में सभी विकेट खोकर 174 रन ही बना सकी। जिसमें आशीष सिंह ने 42 रन, आकाश ने 36 रन, सत्यप्रकाश 16 रन, प्रिंस ने 13 रन व मोनू सिंह ने 12 रनों का योगदान किया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में धीरज बिंद ने 4 विकेट रतन पाठक ने 2 विकेट, शिवम वर्मा, शिवम यादव व आदित्य यादव ने एक-एक विकेट लिए। मैच में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। कभी मोढ़ के पक्ष में तो कभी आजाद स्पोर्ट्स क्लब के पक्ष में रहा लेकिन अंत में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मैच को जीत लिया।

# सुरियावां के युवक की उड़ीसा में हुई हत्या जंगल में मिला शव

जनसंदेश न्यूज

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र के पूरे तुलापुर बहादुरान निवासी एक 18 वर्षीय युवक की उड़ीसा में हत्या कर दी गई है। हत्यारों ने युवक के शव को जंगल में जला दिया था। शव के अवशेष के पास ही युवक की मोपेड़ वाहन खड़ी होने से उसकी शिनाख्त हो गई। युवक के हत्या की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

इस प्रकरण में मिली जानकारी के अनुसार तुलापुर बहादुरान निवासी नवाब अली उम्र 18 वर्ष पुत्र हैदर अली बीते एक साल से उड़ीसा में गांव के ही मुन्ना और बेलाल के साथ रहता था। वहां पर नवाब अली कबाड़ी खरीदने का कार्य करता था। जिसके लिए उसे मुन्ना ने ही एक मोपेड़ गाड़ी दी थी। बीते दो जून को वह अचानक गायब हो गया। नवाब के अचानक गायब होने को लेकर परेशान मुन्ना ने स्थानीय सुंदरगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों की तहरीर के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और एक संदिग्ध युवक को उठाया। पूछताछ में हिरासत में लिए गए युवक ने बताया कि नवाब अली की हत्या कर जंगल में जला दिया गया है। युवक की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से युवक की जली मोपेड़ और अधजली शव को बरामद किया। युवक के साथियों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। घटना की जानकारी होते ही घर पर कोहराम मच गया। उसके पिता नवाब बेटे की मौत की सूचना मिलते ही उड़ीसा के लिए रवाना हो गए। इधर घर में उसकी मां नगीना और छोटे भाई सवाब अली सहित परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक की हत्या किन परिस्थितियों में की गई है। इसकी जानकारी अब तक नहीं हो सकी है।नवाब की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई हैं।

## संक्षेप

### अतिरिक्त एसडीएम ने परखी टाउन की सफाई व्यवस्था

**केराकत।** डीएम के निर्देश पर नामित अधिकारी अतिरिक्त एसडीएम माज अख्तर शुक्रवार को पूर्वान्ह नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और खास तौर से नगर की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने टाउन कर्मियों के साथ नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा सड़कों, गलियों और नालियों की सफाई से संतुष्ट दिखे। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार, अमित साहनी, राजेश यादव मिश्रा और मुनिल यादव साथ रहे।

### खेलकूद सामग्री का वितरण आज

**जौनपुर।** जिला युवा कल्याण प्रा.वि.द. अधिकारी वैभव सिंह ने अवगत कराया है कि युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित प्रत्येक विकास खण्ड से युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल कुल (378) दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेलकूद सामाग्री का वितरण 10 जून को इन्दिरा गाँधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में पूर्वान्ह 9 बजे राज्यमन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ.प्र. गिरीश चन्द्र यादव द्वारा किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित मंगल दल 10 जून को पूर्वान्ह 9 बजे इन्दिरा गाँधी स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना खेलकूद सामाग्री प्राप्त करें।

### पुलिस इंस्पेक्टर की बेटी को दी गयी श्रद्धांजलि

**थानागद्दी।** शाहगंज कोतवाली प्रभारी तथा केराकत कोतवाली थाना के पूर्व प्रभारी आदेश त्यागी की बेटी के अल्प आयु में निधन हो जाने पर मुफ़्तीगंज और केराकत में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस बड़ी विपदा को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। मुफ़्तीगंज में हुई श्रद्धांजलि सभा में संजय शुक्ल, पंकज राय आदि ने दो मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की जब कि केराकत में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दीपनारायण सिंह, रामशरन यादव, पप्पू सरोज, केके वर्मा, पंकज सिंह, नवीन सिंह आदि रहे। विदित हो कि पुलिस इंस्पेक्टर आदेश त्यागी की सोलह साल की बेटी गौरी का पिछले 4 जून को लीवर की बीमारी के चलते दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था।

### आठ पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**मछलीशहर।** बिजली चेकिंग अभियान में निकली टीम ने नगर और ग्रामीण इलाकों के आठ उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। एसडीओ एसके सिंह के नेतृत्व में निकली टीम ने नगर में दो, सरायभोगी में तीन, खराड़ी और मुस्तफाबाद में तीन कुल आठ उपभोक्ताओं को कटिया लगाकर विद्युत का उपयोग करते पाया जिनमे मछलीशहर के गोविंद गुप्ता एवं योगेश कुमार, मुस्तफाबाद के दिनेश त्रिपाठी, खराड़ी के माताफेर पटेल, स्वामीनाथ श्रीवास्तव, विजय प्रताप तिवारी, रामकृपाल मौर्य, मिश्रमऊ के माताफेर यादव के विरुद्ध अवर अभियंता अभिषेक केसरवानी ने तहरीर देकर विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। एसडीओ एसके सिंह ने बताया कि सभी ऐसे उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि जिन्होंने अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं लिया है वे गावों में लगने वाले कैंप में अथवा आनलाइन आवेदन करके कनेक्शन ले लें।

### एक ही रात चोरों ने सोते समय चार मोबाइल किया पार

**खेतासराय।** जमदहां दूलीपुर गांव में चोरों ने गुरुवार की रात्रि चार लोगों की मोबाइल व पांच सौ रुपए पार कर दिया। सुबह बिस्तर से उठने पर जानकारी हुई। भुक्तभोगियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। गर्मी के इस मौसम में ग्रामीण प्रायः घर के बाहर सोते हैं। जमदहां दूलीपुर गांव के अवधेश, रेनू किरन, जयमूरत यादव और इनकी पत्नी पूनम घर के दरवाजे पर बाहर सोए थे। शुक्रवार की सुबह बिस्तर से उठे तो इनकी मोबाइल गायब मिली। अवधेश की मोबाइल कवर में पांच सौ रुपए थे। मोबाइल के साथ वह भी चोरी चला गया। इससे पहले बुधवार की रात लतीफपुर के प्रधान रमेश बिंद की जमदहां स्थित मिठाई की दुकान से इसी तरह चोरों ने मोबाइल व नकदी पर हाथ साफ कर दिया था।

### पत्नी ने कराया पति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पत्नी द्वारा पति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि गुरुवार रात उक्त गांव के शैलेंद्र सिंह और उसकी पत्नी सबेरा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें शैलेंद्र इतना आक्रोशित हो गया कि पत्नी समेत दोनों बच्चों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पत्नी ने पुलिस को पति के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। बहरहाल मामले में पुलिस स्थानीय सीएचसी पर मेडिकल मुआयना कराते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो कमरों का ताला चटकाकर लाखों की चोरी

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुंवरपुर गांव में बीती रात चोर अखिलेश सरोज पुत्र गौरीशंकर सरोज के दोनों कमरों का ताला तोड़कर अन्दर घुस गये और अन्दर सन्दूक का ताला तोड़कर उसमें रखा 35000 रुपये नकद, गहने व कपड़े व चेक लेकर फरार हो गये जबकि अखिलेश सरोज सपरिवार ससुराल निमंत्रण में गये हुए थे। सुबह जब उनके यहां ट्यूशन मास्टर पढ़ाने पहुंचे तो देखा कि दोनों कमरों का ताला टूटा हुआ। उसने तुरन्त इसकी सूचना दिलीप सरोज को दी। सूचना पाकर वह परिवार सहित घर पहुंचे और चोरी की सूचना थाने पर दी। पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गयी। पीड़ित ने बताया कि नकदी सहित कुल लाखों की चोरी हुई है। वहीं थानाध्यक्ष के न पहुंचने पर लोगों में काफी नाराजगी है।

### संदिग्ध परिस्थिति में जिला चिकित्सालय चेतसिंह के लैब टेक्नीशियन की मौत

**ज्ञानपुर।** संदिग्ध परिस्थिति में जिला चिकित्सालय चेतसिंह में संविदा पर कार्यरत लैब टेक्नीशियन कर्मी की हास्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी सुबह से ही तबीयत खराब थी। इसके बाद शाम 6 बजे अचानक बेहोश हो गए। एम्बुलेंस वाहन में उन्हें किराये के कमरे से जिला चिकित्सालय चेतसिंह लाया गया। जहां कुछ देर बाद उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। बताया जाता है ग्राम डैनी थाना लारटाउन जनपद देवरिया निवासी ओमप्रकाश के पुत्र 27 वर्षीय अंकित गौतम 6 माह पूर्व जिला चिकित्सालय में लैब टेक्नीशियन ग्रेड पर बतौर लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात हुए थे। अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# भदोही पुलिस लगातार बिछड़े दंपतियों के बीच करा रही सुलह

**नेक कार्य**

**वर्ष-2023 में अब तक भदोही पुलिस ने प्रभावी काउंसलिंग करते हुए 40 बिछड़े परिवारों के बीच कराया सुलह**

**ज्ञानपुर।** भदोही पुलिस लगातार बिछड़े दम्पतियों के बीच सुलह समझौते कराकर पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को नया जीवन दे रही हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर किसी मासूम की जिंदगी में खुशियों से भरा नया सवेरा देने का लगातार सार्थक प्रयास किया जा रहा है। उक्त के क्रम में आवेदिका द्वारा विपक्षी अपने पति के विरुद्ध मारपीट व पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस, मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना, परिवार परामर्श केन्द्र ज्ञानपुर पर तलब करके दोनों पक्षों को काफी जद्दोजहद व अथक प्रयास करके समझाया जा रहा है। दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों व गलतियों को स्वीकार कर रहे हैं तथा नये सिरे से पुनः पति पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हो रहे है। शुक्रवार को महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र से पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति, पत्नी की विदायी करायी गयी।

वर्ष-2023 में अब तक भदोही पुलिस द्वारा प्रभावी काउंसलिंग करते हुए कुल-40 बिछड़े परिवारों को एक साथ रहने के लिए सहमत कराया गया है। महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र पर सुलह कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य, रमेश कुमार व अंजुम आरा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण कर डीएम ने जाना हाल

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देश के क्रम में खंड विकास अधिकारी करंजाकला आरडी यादव के द्वारा विकास खण्ड करंजाकला के ग्राम पंचायत परापट्टी, दुधौरा, पचेवारा तथा कुकुहां में निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत परापट्टी के रोजगार सेवक, प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि मजदूरों की संख्या मात्र 16 होने पर अविलंब 10 जून से कम से कम 50 मजदूर लगाकर कार्य पूर्ण कराया जाये। ग्राम पंचायत पचेवरा में 30 मजदूर कार्य कर रहे थे, जिस पर जिलाधिकारी ने रोजगार सेवक, प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि 80 मजदूरों को लगाते हुए तालाब की गहराई बढ़ाई जाए। ग्राम पंचायत दुधौरा तथा कुकुहा में क्रमशः 18 व 20 मजदूर कार्य कर रहे थे, रोजगार सेवक, प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि कम से कम 80 मजदूरों के माध्यम से तालाब की गहराई बढ़ाई जाए। मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव नवनीत सिंह, तकनीकी सहायक रमेश सिंह, रोजगार सेवक एवं ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि सभी तालाबों पर झंडारोहण का स्थल बनाने का कार्य तत्काल प्रारंभ करा दिया जाए साथ ही सीआईबी बोर्ड भी स्थापित कर दिया जाए। प्रत्येक तालाबों में इनलेट और आउटलेट का निर्माण भी प्रारंभ करा दिया जाए।

# सीएचसी पर मरीजों को सस्ती दर पर मिलेगा गुणवत्ता युक्त नाश्ता

**उद्घाटन**

**स्वयं सहायता समूह कैंटीन का करेंगे संचालन**

जनसंदेश न्यूज


सीएचसी पर कैंटीन का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि

**खुटहन।** सीएचसी प्रांगण में शुक्रवार की शाम गुरु प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतः रोजगार ओपी यादव ने कलश पूजन व नारियल फोड़कर कैंटीन का उद्घाटन किया। इसका संचालन स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया जायेगा।

उपायुक्त ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि अस्पताल में कैंटीन के संचालन से जहां मरीजों और उनके तीमारदारों को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण गर्मागर्म आहार मिलेगा। वहीं संचालन करने वाले समूह के कई सदस्यों को रोजगार भी मिल जायेगा। उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में आधे से अधिक रोग गलत खानपान की वजह से होते हैं। उसमें भी यदि कोई पहले से रोगी है तो उसके लिए विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में यह व्यवस्था बहुत बेहतर साबित होगी। उन्होंने कहा कि कैंटीनों की समय समय पर खाद्य विभाग द्वारा आकस्मिक जांच भी की जायेगी। मिलावट या अन्य किसी भी प्रकार की खामियां पाये जाने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर ब्लाक मिशन प्रबंधक ऋषी कृष्ण मिश्रा व अवनीश कुमार, एडीओ पंचायत अखिलेश वर्मा, राजेन्द्र सिंह सोनल आदि मौजूद रहे।

# भदोही में मीडिया कर्मियों के लिए बनेगा तीन मंजिला सूचना संकुल भवन

**बैठक**

**भूतल पर रहेगा जिला सूचना कार्यालय, प्रथम तल पर 250 लोगों की क्षमता का मीडिया सेन्टर**

जनसंदेश न्यूज


कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम गौरांग राठी

**ज्ञानपुर।** भदोही जनपद में मुख्यालय के पास मीडिया कर्मियों के लिए सूचना संकुल भवन का निर्माण शीघ्र ही हो जायेगा। इसके लिए शासन से स्वीकृति मिल गयी हैं। जिलाधिकारी के प्रयास से भूमि भी चिन्हित कर ली गई हैं। शुक्रवार को डीएम ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जानकारी दी।

डीएम गौरांग राठी ने बताया कि निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ द्वारा प्रेषित शासनादेश एवं विभिन्न पत्रों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के निकट सूचना संकुल स्थापित किये जाने की घोषणा की गयी है। जिसके अन्तर्गत एक ही परिसर में तीन मंजिल के भवन में भूतल पर जिला सूचना कार्यालय, प्रथम तल पर ढाई सौ लोगों की क्षमता का मीडिया सेन्टर एवं शौचालय आदि व द्वितीय तल पर प्रेस क्लब, वाचनालय, रेस्ट रूम आदि का निर्माण किया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा सूचना संकुल निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, भदोही को चयन कर सूचना संकुल निर्माण हेतु नक्शा एवं उक्त पर आने वाले व्यय का आगणन उपलब्ध कराने का अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भदोही को निर्देशित किया गया है, जो प्रगति पर है। उम्मीद जताई गई कि जनपद के स्थापना दिवस 30 जून के आसपास सूचना संकुल भवन का शिलान्यास हो जाएगा। सूचना संकुल भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने पर बैठक में मौजूद पत्रकारों ने जिलाधिकारी गौरांग राठी व जिला सूचना अधिकारी डॉ.पंकज कुमार के प्रति आभार प्रगट किया।

## मिर्जामुराद सड़क हादसे मे कोइलरा निवासी युवक की मौत

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिजार्मुराद थाना क्षेत्र मे शुक्रवार को सुबह हुए सड़क हादसे मे एक भाई की मौत व दूसरे के गंभीर रुप से घायल हो जाने की जानकारी पर परिवार मे जहां कोहराम मच गया है वही गांव में मातम छाया है। पेशे से शिक्षक दोनों सगे भाई जगदीश प्रसाद 32 वर्ष व शिव प्रसाद 28 बाइक से टेगरा मोड़ रामनगर जा रहे थे। थाना क्षेत्र के कोईलरा गांव निवासी गया बोध बिंद के पुत्र जगदीश प्रसाद अपने छोटे भाई शिव प्रसाद के साथ शुक्रवार को सुबह बाइक से रामनगर टेंगरा मोड़ जा रहे थे। मिजार्मुराद थाना के रूपापुर मे पीछे से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गयी, जिससे बाइक सहित दोनों सड़क पर गिर गये। ट्रक से कुचल जाने से शिव प्रसाद बिंद की जहां मौके पर ही मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल जगदीश प्रसाद को ट्रामा सेंटर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जहां जगदीश प्रसाद की भी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि मृतक शिवप्रसाद चौरी स्थित आईटीआई कॉलेज में बतौर अध्यापक रहे। वही जगदीश प्रसाद डिग्री कॉलेज बरौत में अध्यापक हैं। वही एक जवान पुत्र के गंभीर रूप से घायल होने व एक की मौत हो जाने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया व गांव में शोक व्याप्त है। घटना की जानकारी पर बड़ी संख्या में गांव के लोग ट्रामा सेंटर पहुच गये हैं।

# विकास खंड कार्यालय कायाकल्प का सीडीओ ने किया लोकार्पण



जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय के कायाकल्प का लोकार्पण मुख्य विकास अधिकारी तेजा सांई सीलम और जिला विकास अधिकारी बीरभान सिंह ने किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने लोकार्पण करने के बाद विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद मनरेगा से कराए गये अभिलेख का भी निरीक्षण किया और रचित कपूर मनरेगा लेखाकार को निर्देश दिया कि अभिलेख कच्चे कार्य और पक्के कार्य का दो कालम हर एक गांव का अलग अलग तैयार करें जिससे आसान हो विकास खंड कार्यालय में बड़े हाल में भी फाइबर का डेकोरेशन कराने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। विकास खंड कार्यालय के कायाकल्प से मुख्य विकास अधिकारी संतुष्ट हुए।

## दुकान में घुसकर चोरी व मशीन नष्ट करने की घटना का खुलासा

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत ज्ञानपुर पुलिस को एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई हैं। शातिर चोर के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ हैं। प्रेस नोट के माध्यम से भदोही पुलिस ने बताया कि दो जून की रात्रि में ग्राम डभका स्थित वेल्डिंग मटेरियल की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा पीछे के रास्ते से घुसकर संदूक व लोहे की पाइप आदि चोरी करने व क्लीनिक में घुसकर फिजियोथैरेपी मशीन को नष्ट कर दिया था। सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर सम्बन्धित धाराओं में का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। गिरफ्तारी हेतु एसपी के निर्देश के क्रम में थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा अभियोग का सफल अनावरण करते हुए चोरी की घटना में शामिल चोर सुदामा उर्फ राजेश कुमार उर्फ बिस्कुटवा हरिजन पुत्र करिया हरिजन निवासी मवैया हरदोपट्टी थाना ज्ञानपुर उम्र करीब 19 वर्ष को चकवा महावीर चौराहे के पास से गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त की निशानदेही पर तालाब से चोरी गया लोहे की संदूक मय कागजात बरामद किया गया है। वांछित आरोपी रंजीत पुत्र वंशराज पासी निवासी मवैया हरदोपट्टी को पुलिस तलाश कर रही हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विष्णु कांत मिश्रा, हंसराज पाल शामिल रहें।

# भदोही में चालीस एएनएम कार्यकर्त्रियों को वितरित हुए नियुक्ति पत्र


एएनएम कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र देते जनप्रतिनिधि

**भदोही।** मिशन रोजगार के निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने चालीस नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र सौंपें। नवनियुक्त कार्यकत्रियों ने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार जताया। इस दौरान सांसद डॉ.रमेश चंद्र बिंद ने बताया कि प्रदेश में 7182 नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को शासन द्वारा नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद भदोही में 40 नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को बधाई दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमा चक ने बताया कि जनपद में नवनियुक्त 40 एएनएम कार्यकत्रियों की नियुक्ति हो जाने से जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर ढंग से संचालित होंगी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि सभी एएनएम को पूर्ण मनोयोग व लगन से स्वास्थ्य सेवाएं दें। इस अवसर पर मा.जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, विधायक भदोही जाहिद बेग ने नवनियुक्त एएनएम कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

# मौर्य विकास समिति ने संपन्न कराया दहेज रहित बिना खर्च का विवाह

जनसंदेश न्यूज


मौर्य विकास समिति की ओर से आयोजित दहेज रहित बिना खर्च के विवाह में शामिल लोग

**भदोही।** मौर्य विकास समिति ने शुक्रवार को कार्यालय पटेल नगर ज्ञानपुर में मौर्य विकास समिति के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार मौर्य की अध्यक्षता में अनिल कुमार साव पुत्र स्व. शोमनाथ साव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम अछवर ज्ञानपुर से कोमल गुप्ता पुत्री राजा मुन्ना उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम खखौचा थाना सरायममरेज जनपद-प्रयागराज का विवाह वर-कन्या एवं उनके परिवार के सहमति से बौद्ध धर्म के अनुसार, तथागत भगवान गौतम बुद्ध को साक्षी मान कर वर-कन्या एक दूसरे को जयमाला पहनाया तथा वर द्वारा कन्या को सिन्दूर दान कर एक-दूसरे को अपनाया तथा एक दुसरे के साथ खुशी-खुशी जीवन यापन करने का संकल्प लिया और कार्यक्रम में उपस्थित समस्त परिवार एवं रिश्तेदार का आर्शिवाद लिया।

दहेज मुक्त बिना खर्च की शादी सम्पन्न हुई। जलपान कि व्यवस्था अरुन मौर्य द्वारा किया गया है। इस मौके पर अरुण कुमार, जिलाध्यक्ष मौर्य विकास समिति, राजेश कुशवाहा, जिला संगठन मंत्री, संजय मौर्य एडवोकेट, ब्लाक अध्यक्ष प्रीतम मौर्य, राजा हुनमा, रीता देवी, सतीस कुमार, सुजीत कुमार साव, राम प्रसाद, दिलीप कुमार, संतोष कुमार यादव, संजू देवी, दिनेश कुमार मौल, विजय कुमार विश्वकर्मा, अरविंद कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## नपा बोर्ड की पहली बैठक मंगलवार को

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज की नव निर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक मंगलवार 13 जून को होगी। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने दी। बताया कि अपराह्न चार बजे से पालिका सभागार में आयोजित पहली बैठक में बारिश के पूर्व नाली नाला सफाई व खराब पड़े स्ट्रीट लाइट की गड़बड़ी ठीक कराने व पथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा के साथ आय व्यय का विवरण व लेखा जोखा पेश किया जाएगा।

# इस खूबसूरत डीपी वाली लड़की से बचो बबुआ!

जितेंद्र श्रीवास्तव

कौन हैं वॉट्सएप पर न्यूड कॉल करने वाले लोग? आप भी बन सकते हैं ऐसे लोगों के शिकार? वाट्सएप पर हर दिन कोई ना कोई स्कैम चल रहा होता है। जहां लोगों को फंसाने के लिए स्कैमर्स कई तरह की चाल चलते हैं। वाट्सएप पर न्यूड वीडियो कॉल करने वाले स्कैमर्स लोगों के पैसे ऐंठने के लिए तमाम हथकंडे अपनाते हैं। फर्ज करिए आप अपने परिवार के साथ बैठकर वीकेंड एंजॉय कर रहे हों। तभी आपके फोन की घंटी बजती है, जो टेलीफोन वाली नहीं बल्कि वाट्सएप कॉल वाली होती है। आपको एक अनजान नंबर दिखता है और आप कॉल रिसीव नहीं करते हैं। थोड़ी देर बाद फोन दोबारा बजता है और इस बार भी शायद आप अनजान नंबर की वजह से कॉल इग्नोर कर देते हैं। तीसरी बार जब फोन रिंग होता है, तो आप उस वीडियो कॉल को जरूरी समझकर उठा लेते हैं। जैसे ही आप कॉल रिसीव करते हैं, आपके सामने कुछ ऐसा होता है, जिसकी हमारे समाज में लोग जल्दी चर्चा नहीं करते या फिर शर्म के मारे छुपा ले जाते हैं। स्क्रीन के उस ओर यानी दूसरी तरफ आपको एक न्यूड लड़की नजर आती है। जब तक आप इस कॉल को डिस्कनेक्ट करते हैं, तब तक आपका एक वीडियो बन चुका होता है। यह वीडियो थोड़े देर बाद आपको वाट्सएप नंबर या फिर फेसबुक पर किसी कथित पुलिस अधिकारी के नाम से आता है। पढ़ने में भले ही यह आपको किसी फिल्मी कहानी जैसी स्थिति लग रही हो, लेकिन वाट्सएप और दूसरे प्लेटफॉर्म्स पर आजकल ऐसे स्कैम चल रहे हैं। स्कैमर्स ऐसे वीडियो भेजकर लोगों को ब्लैकमेल करते हैं और उनसे पैसे मांगते हैं। कुछ ही लोग ऐसे जालसाजों से बच जाते हैं, जबकि अधिकतर लोग इनके शिकार होते हैं। जब पानी सिर से ऊपर बहने लगता है तो साइबर सेल का सहारा लेते हैं। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होती है और जालसाज अपने मकसद में कामयाब हो चुका होता है।

**खतरा ही खतरा**

- अनजान वीडियो कॉल किया रिसीव तो समझिए बने शिकार
- वॉट्सएप कॉल कर सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसा रहे जालसाज
- न्यूड वीडियो कॉल करने वाले स्कैमर्स गिरफ्त में ले ऐंठते हैं पैसे
- अनजान वीडियो कॉल से खूब बुना जा रहा अश्लीलता का जाल



अगर आपको किसी अनजान नंबर या सोशल मीडिया अकाउंट से वीडियो कॉल मिल रही है तो सावधान हो जाइए, क्योंकि ये आपको धमकी देकर ब्लैकमेलिंग के चक्रव्यूह में फंसाने की कोशिश हो सकती है। पुलिस प्रशासन ने भी ऐसे मामले लगातार रिपोर्ट होने पर साइबर सेल को अलर्ट रहकर कार्रवाई करने के लिए कहा है। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया से जुड़े फेसबुक अकाउंट, मैसेंजर आईडी या अनजान फोन नंबर से वीडियो कॉल प्राप्त होती है। जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं, तो सामने अर्धनग्न या नग्नावस्था में लड़की दिखाई देती है। नाम न छापने की शर्त पर ऐसी घटना का शिकार होने वाले लोगों ने बताया कि वीडियो कॉल पर दिखाई देने वाली लड़की के साथ चेहरे की रिकार्डिंग करके या फोन कॉल उठाने वाले व्यक्ति के चेहरे को किसी और न्यूड वीडियो के साथ मिक्स करके ब्लैकमेल करने के लिए धमकी दी जा रही है। कई लोग लोकलाज के चलते पुलिस के पास अपने साथ हुई घटना की रिपोर्ट भी नहीं करवा रहे। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से वीडियो कॉल उठाने को लेकर सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही इस तरह के लोगों को ब्लॉक करके इनकी रिपोर्ट पुलिस के पास दर्ज करवाने के लिए कहा है।

साइबर विशेषज्ञों की मानें तो सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर नामी-गिरामी लोगों के अकाउंट, आईडी या वाट्सएप नंबर पर गिरोह के लोग फोकस करके वीडियो कॉल कर रहे हैं। क्योंकि नामी-गिरामी लोग जब इस तरह की घटना के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं तो उन्हें गिरोह के लोग ऐसे लोगों को आसानी से ब्लैकमेल करने लगते हैं। साइबर एक्सपर्ट भी इस बात से इत्तफाक रखते हैं कि नामी-गिरामी लोगों को इस इस तरह की गैर कानूनी गतिविधि में फंसाने की प्राथमिकता गिरोह के लोग रखते हैं। काशी में भी डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेशनल ही नहीं मीडिया जगत से जुड़े लोग, सोशल वर्कर्स, प्रौढ़ और युवा लोग भी इनके शिकार हुए हैं और निरंतर हो रहे हैं। बात वहीं आकर ठहरती है कि तमाम लोग लोकलाज के भय से साइबर सेल या अपने मित्र-यार से बताने से कतरा जाते हैं। कुछ लोग हिम्मत करते हैं तो उनको तमाम पापड़ बेलने पड़ते हैं। हाल ही में ऐसे मामले पुलिस के पास और रिपोर्ट हुए हैं, जिनमें वीडियो कॉल के जरिये अश्लील जाल में फंसाकर लोगों को ब्लैकमेलिंग के लिए धमकाया गया।

### खूबसूरत लड़की से बात करना पड़ सकता है भारी

साइबर एक्सपर्ट की मानें तो डिजिटल अपराधी हर दिन तरह-तरह से लोगों को लूटने और ब्लैकमेल करने के तरीके अपना रहे हैं। हालांकि उनके निशाने पर ज्यादातर युवा, प्रौढ़ और रिटायर लोग होते हैं। पुरुषों को लड़कियों और महिलाओं को युवा लड़कों के डिजिटल आमंत्रण भेजकर फंसाया जाता है। सावधानी इसी में हैं कि ऐसे अनजान लोगों को सीधे ब्लॉक करें और उनसे किसी भी तरह की बातचीत न करें। अगर गलती से उनके चंगुल में फंस गए हैं तो अपनों से जरूर शेयर करें। देश भर में ऐसे हजारों मामले आजकल रोज सामने आ रहे हैं और लोग एक-दूसरे को बता तक नही रहे। आपके मोबाइल के जरिए अब अपराधी आपके बेहद करीब है। आपकी कमजोरियों का पता लगाकर बिना अपहरण, डकैती या लूट किये वह आपको लूटते हैं। एक खूबसूरत डीपी वाली लड़की से थोड़ी सी बात करना आपको भारी पड़ सकता है। मीठी बातों, ट्रिक फोटोग्राफी और वीडियो शेयरिंग से कुछ ऐसा मसाला तैयार कर लेते हैं, जिससे आपको ब्लैकमेल किया जा सके।

### क्या है न्यूड कॉल स्कैम?

न्यूड कॉल स्कैम में अपराधी आपको वाट्सएप, फेसबुक या दूसरे सोशल मीडिया के जरिये एक अनजान नंबर से वीडियो कॉल या मैसेज आएगा। आप उसे उठाते हैं तो कोई महिला आपसे बात करना शुरू कर देगी। बात करते-करते आपकी दोस्ती हो जाएगी, जिसके बाद वह आपको वीडियो कॉल करेगी। अगर आप इस वीडियो कॉल में शामिल हुए तो इसी दौरान अपराधी आपकी फोटो या वीडियो कैप्चर कर लेगा और फिर उसे मॉर्फ कर देगा। अपराधी आपकी तस्वीर को न्यूड फोटो या वीडियो में तब्दील कर देगा और उसे वायरल करने की धमकी देगा। इन धमकियों के बीच वह आपसे भारी रकम की मांग करेगा। कई लोग न्यूड फोटो या वीडियो देखकर काफी डर जाते हैं और बदनामी से बचने के लिए वे ऐसे जालसाजों के शिकार हो जाते हैं। साथ ही ब्लैकमेलर को उनकी मांग के मुताबिक पैसे देने को मजबूर हो जाते हैं। अपनी इज्जत को बचाने के लिए लोग ठगों को पैसे दे देते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ऐसे बहुत ही कम लोग हैं, जो पुलिस में केस दर्ज कराते हैं। हाल में ऐसे बहुत मामले सामने आए हैं। आपके साथ भी ऐसा न हो, इसलिए अनजान वीडियो कॉल से सावधान और सुरक्षित रहें।

### साइबर एक्सपर्ट्स की सलाह

1. किसी भी अनजान नंबर से आए वीडियो कॉल को कभी पिक नहीं करें।
2. वॉट्सएप या फेसबुक पर वीडियो सेक्स कॉल के झांसे में कत्तई ना आएं।
3. अगर गलती से कॉल पिक हों जाए या झांसे में आ गए तो घबराएं नहीं।
4. अपने फोन के सभी नंबरों को ब्लॉक कर दें और फेसबुक को भी बंद कर दें।
5. वीडियो वायरल की धमकी दें तो साइबर थाने या आईएफएसओ में शिकायत करें।
6. 1930 पर कॉल या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### फांसने के लिए करते हैं चैट और न्यूड वीडियो कॉल

साइबर एक्सपर्ट की मानें तो वाट्सएप पर अनजान नंबर से हाय का मैसेज आता है। पूछा जाता है, हां जी बताएं? फिर ऐसा सिलसिला शुरू होता है कि आपके रोंगटे खड़े हो जाए। कोई शातिर अपराधी आपको सेक्सटॉर्शन का टारगेट बना रहा होता है। वीडियो कॉल पर चेहरा दिखाने की जिद भी करता है यानी सेक्सटॉर्शन के लिए शिकार का वीडियो बनाने के लिए चेहरा अहम होता है। यदि आप ऐसे अपराधी की बातों में समा गए तो समझिए फंस गए और गए काम से। इसमें धन-दौलत तो जाती ही है, आपकी इज्जत को भी बट्टा लगता है। पोल खुलने पर समाज में आपको हिकारत भरी निगाहों से देखा जाता है। कहा तो यहां तक जाने लगता है कि देखा राजा, बुढ़ौती में चलनन ह इश्क फरमावे।

### कैसे बचें न्यूड कॉल स्कैम से?

आपको अगर न्यूड कॉल स्कैम से बचना है तो सबसे पहले सोशल साइट पर जितने भी अकाउंट है, उन अकाउंट में किसी भी अनजान शख्स को अपना दोस्त न बनाएं। पहले आप फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज गए शख्स के बारे में अच्छे से पड़ताल कर लें। अगर आप उसे नहीं जानते हैं तो आप उसे अपना दोस्त न बनाएं. फिर भी अनजाने में आप उनको अपना दोस्त बना भी लेते हैं तो उसके वीडियो कॉल को रिसीव न करें। गलती से आप उनका वीडियो रिसीव भी कर लेते हैं तो अपना चेहरा कैमरे के सामने न लाए, इससे आप इस न्यूड कॉल स्कैम से बच सकते हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो हर महीने ऐसे 10 से 15 मामले सामने आ रहे हैं। मगर ज्यादातर मामलों में लोग अपनी बदनामी के डर से पुलिस केस नहीं करवाना चाहते हैं।

---

सरकारी कर्मचारियों की गैरजिम्मेदाराना हरकत से नेशनल खेलने से वंचित हुए खिलाड़ी

# कागज से हारे वाराणसी के जूडो खिलाड़ी

**वाराणसी।** सहारनपुर में 12 जून को होने वाले जूडो नेशनल ट्रायॅल के लिए वाराणसी से जाने वाले चार प्रतिभावान जूडो खिलाड़ी सरकारी बाबुओं के आगे हार गये, कागजी कार्रवाई में इन बाबुओं ने इतना दौड़ाया कि आखिरकार इन प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने की आस टूट गयी, सीएमओ कार्यालय से लगायत मंडलीय अस्पताल तक सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक दौड़ते ये प्रतिभावान खिलाड़ी बाबुओं के कुर्सी पर ना बैठने के चलते नेशनल खेलने से वंचित रह गये, आखिरकार इन खिलाड़ियों ने परम्परागत कार्य का निर्वहन करते हुए इन बाबुओं की शिकायत पीएमओ से की है।

केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा है कि देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे बढ़ाया जाए ताकि विश्व फलक पर खेल में भारत नई ऊंचाईयों को छू सके, कॉमनवेल्थ हो या फिर ओलम्पिक, नेशनल, स्टेट के लिए भी सरकार की ओर से पूरी मदद की जा रही है ताकि खिलाड़ियों की प्रतिभा को और तराशा जा सके लेकिन सरकारी बाबुओं की ओर से की जा रही गैरजिम्मेदाराना हरकत सरकार की इन योजनाओं पर पलीता लगा रही है।

**किससे करें गुहार**

- सीएमओ कार्यालय से लगायत मंडलीय अस्पताल तक लगाते रहे चक्कर, नहीं बन पाया प्रमाण पत्र
- वाराणसी से चार जूडो खिलाड़ियों को 12 जून तक सहारनपुर में होने वाले ट्रायल में लेना था हिस्सा





**ये है पूरा मामला:** वाराणसी के चार जूडो खिलाड़ियों का नाम (विशाल यादव, मिथिलेश यादव, खुश्बू पटेल व अंशिका सिंह) सहारनपुर में होने वाले जूडो ट्रॉयल के लिए चचनित किया गया, ट्रॉयल में सफल होने के बाद इन जूडो खिलाड़ियों को नेशनल में खेलने का मौका मिलेगा इसके बाद ओलंम्पिक कॉमन में भी खेलने का मौका मिलने की पूरी उम्मीद थी, इन गेमों में मेडल जीत यह चार खिलाड़ी ना सिर्फ देश का सम्मान दुनिया में ऊंचा करते बल्कि अपने शहर का नाम रौशन करते लेकिन, आज ये सभी चारों खिलाड़ी रेडियोलॉजिस्ट के न होने से मायूस होकर लौट गये। इन बच्चों के साथ वाराणसी के कोच लाल कुमार भी सुबह से दोपहर 2 बजे तक परेशान रहे। इन्हें भी निराशा हाथ लगी।

दरअसल ट्रॉयल में जाने के लिए एक फारमेट के तहत कुछ कागजातों को पूरा करना था जिसमें खिलाड़ियों के हाथ की कलाई का एक्सरे व फेस एक्सरे जिसमें दांत शामिल था कराना था, लेकिन शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की ड्यूटी ना होने के चलते ये चारो खिलाड़ी दो दिन से परेशान दिखे, इनकी बात को सुनने वाला सीएमओ कार्यालय का एक बाबू भी मदद नहीं कर सका, इसके बाद इन खिलाड़ियों ने मंडलीय अस्पताल के एसआईसी से भी गुहार लगायी कि वह उनके प्रार्थना पत्र पर रेडियोलॉजिस्ट ना होने की बात लिख दें लेकिन मंडलीय अस्पताल के एसआईसी भी इन बच्चों की भावनाओं की कद्र नहीं कर सकें।

### निराश हुए बच्चों ने कहा, मेहनत हुई बेकार

सीएमओ कार्यालय से लगायत मंडलीय अस्पताल तक के चक्कर लगाने वाले इन चार प्रतिभावान खिलाड़ियों ने रोते हुए कहा कि खिलाड़ी बनने के लिए परिवार समाज मनोरंज को दूर रखा जाता है ताकि देश के लिए कुछ कर सकें लेकिन आज इन बाबुओं के चलते पूरी मेहनत बेकार हो गयी। अब तो लगता है, देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कद्र नहीं, मेडल का कोई सम्मान नहीं, बताया कि एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए ना रात-ना दिन, ना पानी-ना धूप देखा जाता है अपने लक्ष्य को साधने के लिए मेहनत पर फोकस किया जाता है, लेकिन सरकारी बाबुओं के चलते आज प्रतिभा पूरी तरह से असफल हो गयी।

# विद्यार्थी सीखेंगे बनारस घराने का मधुर संगीत

**संगीत**

- 15 से 19 जून तक संगीत कार्यशाला में करेंगे पारंगत
- सरकारी विद्यालयों में की जायेगी कार्यशाला

**वाराणसी।** बनारस घराने की संगीत विधा को अब वाराणसी के माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी सिखाया जायेगा। इसके लिए सिडबी एवं स्पिक मैके द्वारा बनारस घराने के विभिन्न शैली में पारंगत सुविख्यात कलाकारों से विभिन्न विद्यालयों में शास्त्रीय संगीत की कार्यशालाएं आयोजित किये जायेंगे। जिसमें पांच दिन तक विद्यार्थियों को तबला, कत्थक नृत्य एवं शहनाई सीखने की तालीम दी जायेगी। जो 15 जून से 15 अगस्त के बीच आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी तबले की पहली कार्यशाला राजकीय क्वींस कॉलेज में 15 से 19 जून तक समर कैंप के रूप में आयोजित किया जायेगा। जिसमें क्वींस कॉलेज पुरातन छात्र एसोसिएशन का विशेष सहयोग रहेगा। यह जानकारी स्पिक मैके उत्तरप्रदेश के चेयरपर्सन उमेशचंद्र सेठ एवं प्रदेश समन्वयक डॉ मधु शुक्ला ने शुक्रवार को प्रदेश कोर कमेटी की एक बैठक के दौरान दी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यह कार्यशाला ज्यादातर राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किये जायेंगे। जिससे सरकारी स्कूल के बच्चों को भारतीय संस्कृति को जानने का मौका मिल सके तथा उन्हें भी बनारस घराने की संगीत विधा का ज्ञान होने के साथ साथ उन्हें उनके रूचि के अनुसार संगीत सीखने का अवसर प्रदान किया जा सके। बैठक में वीना सेठ, स्पिक मैके की प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ शुभा सक्सेना, डॉ विभा सिंह, समरेंद्र सिंह, पवन सिंह एवं श्रेयश आदि मौजूद थे।

# पांच अश्वों से बाबा अडगडनाथ का श्रृंगार

**आयोजन**

अश्व धावकों ने की शानदार घुड़सवारी

**चौबेपुर।** ग्राम सभा बहरामपुर में शुक्रवार को प्राचीन हनुमान मंदिर बाबा अडगडनाथ का वार्षिक श्रृंगार श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सुदूर गांव एवं क्षेत्रीय लोगों ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। 8 जून से अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ जिसकी पूर्णाहुति 9 जून को हुई। सायंकाल बाबा अडगड नाथ का अश्व पताका झांकी संपन्न हुई। जिसमें पांच घोड़ों द्वारा बाबा का पताका श्रृंगार किया गया। बाबा अडगडनाथ के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गूंज उठा । संचालन डॉक्टर जय शंकर जय ने किया। अश्व धावकों ने अपनी शानदार घुड़सवारी से लोगों का मन जीत लिया । रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शारदा, रामदेव, विजय लाल यादव, रामजन्म टोपी वाले के बीच शानदार बिरहा का आयोजन हुआ।



कार्यक्रम की अध्यक्षता पारस पहलवान धन्यवाद ज्ञापन संजय पांडेय नो दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामकिशुन, जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव, अजय टिन्कू रामबाबू सोनकर डॉ उमाशंकर, सत्येंद्र उपाध्याय हरेंद्र सिंह मोइन रमेश यादव पलक धारी यादव साधु महाराज उड़ी बाबा जमाल आलम रामनारायण प्रधान सत्येंद्र यादव रमाकांत पांडेय अभय नाथ पांडेय समेत काफी लोग मौजूद थे।

### ठेकेदारों ने 16 वें दिन समाप्त किया धरना

**सारनाथ।** दीनापुर में स्थित जल निगम संचालित गंगा ट्रीटमेंट प्लांट्स दीनापुर में ठेकेदारों द्वारा अपनी लंबित भुगतान की मांग को लेकर चल रहा धरना शुक्रवार को 16 वें दिन अधिशाषी अभियंता के आश्वासन पर समाप्त कर दिया। ठेकेदार पीसी गुप्ता (युवराज) ने बताया कि अधिशासी अभियंता के असवासन पर दो से चार दिन में सब का भुगतान किए जाने की बात कही गई है। ठेकेदार जी-20 को ध्यान में रखकर अपने कर्मचारियों को प्लांटो पर भेजकर संचालन सुचारू रूप से शुरू कर दें, क्योंकि हमारे आप के एक छोटी भूल से बनारस की जो छवि देश दुनिया मे बनी है, वो धूमिल हो सकती है। ठेकेदारों ने उनके इस असवासन पर अपना धरना समाप्त कर दिया, अधिशाषी अभियंता से वार्ता में प्रमुख रूप से ठेकेदार सुरेश कुमार, विजय प्रकाश दुबे, आरपी सिंह, प्रभाकर मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, गुंजन सिंह, जफर जमील, आदि लोग उपस्थित थे।

# बाबा धाम जैसा चमकेगा मणिकर्णिका तीर्थ कॉरिडोर

**तैयारी**

- 17 करोड़ रुपये की मणिकर्णिका तीर्थ परियोजना को एनएमसीजी से मिली मंजूरी
- घाट को तीन भागों में विकसित करने की तैयारी

**वाराणसी।** मोक्षनगरी काशी में सुरसरि तट पर दमक रहे काशी विश्वनाथ धाम की तरह ही अब मणिकर्णिका तीर्थ भी चमकेगा। मणिकर्णिका घाट पर विष्णु पादुका, चक्रपुष्करणी तीर्थ और पूरे परिसर के मंदिरों की श्रृंखला को संरक्षित किया जाएगा। 17 करोड़ रुपये की मणिकर्णिका तीर्थ परियोजना को नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) की मंजूरी मिल गई है। इसमें जलासेन घाट से सिंधिया घाट के पूरे परिसर को कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का काम जून के अंतिम सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। काशी विश्वनाथ धाम की बाईं ओर स्थित मणिकर्णिका तीर्थ परिसर को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। इसमें सड़क से प्रवेश करने वाले मुख्य द्वार को भव्य बनाया जाएगा। घाट से लेकर मंदिर श्रृंखला तक की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा। यहां घाट पर आने वाले श्रद्धालु, पर्यटक और अन्य लोगों के पंजीकरण की व्यवस्था होगी। घाट परिसर स्थित विष्णु पादुका, चक्रपुष्करणी तीर्थ, दत्तात्रेय पादुका, तारकेश्वर और रत्नेश्वर महादेव मंदिर को श्रृंखलाबद्ध कर कॉरिडोर में समाहित किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे परिसर को हाई रिजॉल्यूशन के सीसी कैमरों से लैस किया जाएगा। मणिकर्णिका तीर्थ का महात्म्य हिंदू धर्मावलंबियों में बेहद पवित्र है। महाशिवरात्रि और अधिमास में होने वाली पंचक्रोशी परिक्रमा का संकल्प चक्रपुष्करणी तीर्थ पर लिया जाता है। महाशिवरात्रि पर करीब दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु इस घाट पर स्नान के बाद अपनी यात्रा शुरू करते हैं। घाट पर शवदाह की व्यवस्था है और पूरे पूर्वांचल के लोग अंतिम संस्कार के लिए यहां आते हैं। यहां 24 घंटे चिता जलती है। रोजाना पांच हजार से ज्यादा लोग इस काम के लिए यहां आते हैं। कमिश्नर कौशलराज शर्मा के मुताबिक मणिकर्णिका घाट के सुंदरीकरण की परियोजना पर जल्द काम शुरू किया जाएगा। इस पूरे घाट का कायाकल्प सीएमआर के तहत किया जाएगा।



# बीजेपी को संघ की सीख का क्या निहितार्थ?

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी हार के बाद अब भी सदमे में है। हालांकि उसकी अंदरुनी रिपोर्ट ने पराजय की चेतावनी दे दी थी। लेकिन पीएम मोदी और उनके इनर सर्किल को होप अगेंस्ट होप था कि आखिरी में बाजी पलट जाएगी। अब आरएसएस ने अपने मुखपत्र आर्गनाइजर में एक लेख लिखकर बीजेपी को साफ कर दिया है कि केवल हिन्दुत्व की राजनीति आगामी चुनावों में काम नहीं आएगी और न ही पीएम मोदी के चेहरे पर नैया पार लगने की गारंटी होगी। ऑर्गनाइजर ने अपने संपादकीय में लिखा है कि भाजपा को अगर आगे भी चुनाव जीतना है तो सिर्फ मोदी मैजिक और हिंदुत्व का चेहरा काफी नहीं होगा। संपादकीय में कर्नाटक की हार की वजहें साफ कर दी गई हैं। अगले साल देश में लोकसभा का चुनाव होना है। इसके पहले पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इनमें मध्य प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिजोरम शामिल हैं। एमपी में भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सत्ता है। तेलंगाना में बीआरएस और मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। यानी चार राज्यों में एंटी इनकंबेंसी को भुनाना है। सत्ता विरोधी रुझान के लिए भी ठोस तर्क और प्रोग्राम जरूरी है। आरएसएस की नसीहत से सियासी गलियारा खलबली का शिकार है और सवाल पूछे जाने लगे हैं कि आखिर संघ ने नसीहत देने का काम क्यों किया। क्या नौबत यहां तक आ गई है?

**संभलने का वक्त**

- संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर ने क्या करने को कहा पार्टी से
- स्थानीय नेतृत्व को उभारे बिना पार्टी की लंबी जिंदगी संभव नहीं



देखिए, संघ ने अपने मुखपत्र में भाजपा को लेकर क्या-क्या लिखा है?

आरएसएस ने अपने मुखपत्र आर्गनाइजर में एक संपादकीय प्रकाशित किया। इसमें कर्नाटक चुनाव में भाजपा को मिली हार का विश्लेषण किया गया। ये संपादकीय ऑर्गनाइजर के संपादक प्रफुल्ल केतकर ने लिखी है। इसमें कर्नाटक चुनाव का जिक्र किया गया है। कहा गया कि कर्नाटक में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र में सत्ता संभालने के बाद पहली बार भाजपा को विधानसभा चुनाव में भ्रष्टाचार के आरोपों का बचाव करना पड़ा है। 14 मंत्री चुनाव हार गए। ये चिंता का विषय है। वैसे यह सच है, लेकिन बीजेपी ने भ्रष्टाचार को मानने से शुरू से ही इनकार कर दिया था। हालांकि उसके प्रदेश के नेतृवर्ग में अधिकतर पर करप्शन के आरोप थे। संपादकीय में आगे लिखा गया है कि 'जब राष्ट्रीय स्तर के नेतृत्व की भूमिका न्यूनतम होती है और चुनाव अभियान स्थानीय स्तर पर रखा जाता है तो कांग्रेस को फायदा होता है। परिवार द्वारा संचालित पार्टी ने राज्य स्तर पर एक एकीकृत चेहरा पेश करने की कोशिश की और 2018 के चुनावों की तुलना में पांच प्रतिशत अतिरिक्त वोट हासिल किए।'

संपादकीय में लिखा गया है कि केवल पीएम मोदी के चेहरे और हिंदुत्व के बल पर भाजपा चुनाव नहीं जीत सकती है। भाजपा को स्थानीय स्तर पर नए नेताओं को आगे लाना होगा। केंद्र से तालमेल बिठाकर काम करना होगा, तभी विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत मिल सकती है। संपादकीय में पीएम मोदी की सत्ता के नौ वर्षों की उपलब्धियों की प्रशंसा की है। इसमें लिखा है, '2014 में, भारत में अधिकांश लोगों ने लोकतंत्र में विश्वास खो दिया था। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार ने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ उन आकांक्षाओं के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कई मोर्चों पर काम किया है।' ऑर्गनाइजर में लिखा गया है, 'बीजेपी नेतृत्व ने चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों को लाने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दे को नहीं छोड़ा। कांग्रेस की जीत का सबसे बड़ा कारण यह ही है।' आगे कहा गया है 'कर्नाटक चुनाव में जातीय मुद्दों के जरिए वोट को जुटाने का प्रयास हुआ, लेकिन ये राज्य टेक्नोलॉजी का हब है। ऐसे में ये चिंता का विषय है।'

### कांग्रेस ने क्या कहा?

संघ के इस संपादकीय पर कांग्रेस का भी बयान आया है। भाजपा को लेकर संघ द्वारा दी गई नसीहत पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस ने स्वीकार किया कि कर्नाटक के लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी को नकार दिया है। वो लोग जो पीएम मोदी का महिमांडन करते हैं, उन्हें इससे सबक लेना चाहिए।

### संघ की इस नसीहत के क्या हैं सियासी मायने?

एक जानकार का कहना था कि संघ ने उदाहरण भले ही कर्नाटक चुनाव का दिया हो, लेकिन इशारा हाल के दिनों में हुए सभी राज्यों के चुनाव पर है। संघ इसके जरिए 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को आगाह करने की कोशिश कर रहा है। ताकि, जो चूक कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भाजपा से हुई है वो आगे न हो। संघ ने अपने इस संपादकीय से भाजपा को साफ संदेश दिए हैं। उसका संदेश है कि हर चुनाव में मोदी अपना चेहरा लेकर उतरते हैं जबकि स्थानीय नेतृत्व का अता-पता नहीं होता। स्थानीय नेतृत्व नहीं रहेगा तो भविष्य में जब मोदी नहीं होंगे तो क्या करेगी पार्टी। इधर साफ दिख रहा है कि हर चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ा जा रहा है बाकि कोई दिख ही नहीं रहा है। बीजेपी की दूसरी पीढ़ी क्या करे? उसे पनपने ही नहीं दिया जा रहा और जो हैं वो जनता के बीच जुड़े ही नहीं।नसीहत साफ है कि स्थानीय स्तर पर नए चेहरों को मजबूत करना चाहिए और उन्हें जिम्मेदारियां दी जानी चाहिए। नए चेहरों के आने से पार्टी में लीडरशिप की नई जनरेशन तैयार होगी, जिससे आने वाले दिनों में पार्टी को फायदा होगा। चुनावों में राष्ट्रीय की जगह क्षेत्रीय मुद्दों को अहमियत दी जाए। ये दूसरा बड़ा संदेश है। आमतौर पर भाजपा हर चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों को आगे करती है। कई जगह इसका फायदा मिलता है, लेकिन कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा है। भ्रष्टाचार पर सावधान होए पार्टी। 2014 में पीएम मोदी ने पूरा चुनाव ही भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लड़ा था। तब पार्टी को बड़ी जीत मिली थी। आज भी ये मुद्दा भाजपा के कोर एजेंडे में रहता है। वहीं, दूसरी ओर कर्नाटक में सत्ता में रहते हुए भाजपा सरकार पर कई तरह के भ्रष्टाचार के आरोप लगे। कांग्रेस अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की कोशिश करेगी। ऐसे में भाजपा शासित सभी राज्यों में विशेष तौर पर इसका ख्याल रखना होगा। भ्रष्टाचार का दाग जिन नेताओं पर लगा है, उनसे दूरी बनानी होगी।